आश्विन कृष्ण पक्ष त्रयोदशी 07:06 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 30 सितंबर 2024
वर्ष 4, अंक 224, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

पाकिस्तान से दोस्ताना संबंध होते तो उसे बड़ा राहत पैकेज देते 16

जोड़ी कोमर की बड़ी फैन हैं तृप्ति 15

एक नजर

सीजेआई ने तिरुमाला मंदिर में की पूजा-अर्चना

तिरुमाला। भारत के प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ ने रविवार को तिरुमाला में वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने वैकुंठ क्यू कॉम्प्लेक्स से मंदिर में प्रवेश किया और गर्भगृह में प्रार्थना की। दर्शन के बाद वैदिक पंडितों ने रंगनायकुला मंडपम में सीजेआई और उनके परिवार को वेदसेवाचनम अर्पित किया। मंदिर के पुजारियों ने उन्हें रंगनायकुला मंडपम में वैदिक आशीर्वाद दिया।

हेरोइन और हथियार के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

जालंधर। बीएसएफ ने रविवार को पंजाब के फाजिल्का में हेरोइन, पिस्तौल और गोला-बारूद के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। जवानों ने गांव अमर सिंह, ढाणी फत्तूवाला, जिला फाजिल्का से दो तस्करों को पकड़कर एक पिस्तौल, एक मैगजीन, चार जिंदा राउंड और दो आई-फोन बरामद किए।

भाजपा नेता के पुत्र ने फांसी लगाकर दी जान

अलवर। राजस्थान में अलवर के अरावली विहार थाना क्षेत्र में भाजपा नेता राजेंद्र सैनी के 22 वर्षीय पुत्र ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अरावली विहार थाने के पुलिस उपनिरीक्षक रामस्वरूप ने रविवार को बताया कि सुबह साढ़े सात बजे अरावली विहार थाने पर सूचना मिली कि सौनावा डूंगरी निवासी भाजपा नेता राजेंद्र सैनी के पुत्र गौरव ने आत्महत्या कर ली।

विकास के साथ विरासत को भी बढ़ावा दें : मुख्यमंत्री

कहा- सामाजिक कार्य करने को प्रेरित करता है मन की बात कार्यक्रम

ब्यूरो, देहरादून

- धामी बोले- विकास कार्यों के साथ भाषा बोलियों और संस्कृति के संरक्षण की दिशा में हो रहा है प्रयास

<< मन की बात सुनते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अनारवाला, देहरादून में रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' का 114वां संस्करण सुना। कहा कि प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम हमेशा सबको सामाजिक सरोकारों को लेकर बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। दस सालों में इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाले सामाजिक संगठनों और लोगों द्वारा जनहित में किए गए अनेक कार्यों का जिक्र कर लोगों को अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरित किया है। इससे प्रेरित होकर लोगों द्वारा अनेक सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आज मन की बात में उत्तरकाशी के सीमावर्ती गांव झाला का जिक्र किया। यहां के युवाओं ने अपने गांव को स्वच्छ रखने के लिए खास पहल शुरू की है। वे अपने गांव में 'धन्यवाद प्रकृति' अभियान चला रहे हैं। यह स्वच्छता के क्षेत्र में सराहनीय पहल है। गांव में रोजाना दो घंटे सफाई की जाती है। गलियों में बिखरे हुए कूड़े को समेट कर उसे गांव के बाहर तय जगह पर डाला जाता है। इससे गांव भी स्वच्छ हो रहा है और लोग जागरूक भी हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की कि स्वच्छता के इस तरह के कार्यक्रम जनसहयोग से प्रदेश के हर क्षेत्र में चलाए जाएं। राज्य में पर्यटन को और बढ़ावा देने के लिए स्वच्छता अभियान पर राज्य सरकार द्वारा विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को पूरा करने के लिए हम सबको अपना योगदान देना है। स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए 'वोकल फॉर लोकल' पर विशेष ध्यान देना है।

त्योहारों में स्थानीय उत्पादों की खरीदारी कर हमें स्थानीय स्तर पर लोगों की आजीविका को बढ़ाने में योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि हमें विकास के साथ अपनी विरासत को भी बढ़ावा देना होगा। स्थानीय भाषा, बोलियों और संस्कृति के संरक्षण की दिशा में लगातार प्रयास करने हैं।

करात होंगे माकपा पोलित ब्यूरो के अंतरिम समन्वयक

नई दिल्ली। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के वरिष्ठ नेता प्रकाश करात अगले साल अप्रैल में पार्टी का 24वां सम्मेलन होने तक अंतरिम व्यवस्था के तौर पर पार्टी के पोलित ब्यूरो और केंद्रीय समिति के समन्वयक होंगे। यह निर्णय माकपा महासचिव सीताराम येचुरी का 12 सितंबर को निधन हो जाने के मद्देनजर लिया गया है। माकपा ने कहा कि नई दिल्ली में जारी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति की बैठक में फैसला किया गया है कि कॉमरेड प्रकाश करात अप्रैल 2025 में मदुरै में 24वीं 'पार्टी कांग्रेस' (सम्मेलन) होने तक अंतरिम व्यवस्था के तौर पर पोलित ब्यूरो और केंद्रीय समिति के समन्वयक होंगे।

- अप्रैल 2025 में पार्टी सम्मेलन तक संभालेंगे जिम्मेदारी

माकपा के सबसे वरिष्ठ नेताओं में शामिल करात 2005 से 2015 तक इसके महासचिव रहे। वह 1985 में केंद्रीय समिति के लिए चुने गए और 1992 में पोलित ब्यूरो के सदस्य बने।

जालसाजों को सिम उपलब्ध कराने वाले काले कारोबार का पर्दाफाश

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : एसटीएफ ने जालसाजों को सिम उपलब्ध कराने के काले कारोबार का पर्दाफाश करते हुए नागपुर से दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। दोनों महिलाएं सोशल मीडिया साइट्स में विज्ञापनों के माध्यम से ऑनलाइन ट्रेडिंग कर अधिक मुनाफे का लालच देने वाले गिरोह के सदस्यों को बड़े स्तर पर सिम कार्ड उपलब्ध करवाती थी। आयुष्मान कार्ड बनवाने के नाम पर उनके बायोमेट्रिक लेकर सिम कार्ड एक्टिवेट करवाकर जालसाजों को ऊंचे दामों पर बेचे जाते थे।

देहरादून निवासी पीड़ित ने मुकदमा दर्ज कराया था। रिपोर्ट में बताया कि उसने टेलीग्राम में ऑनलाइन ट्रेडिंग बिजनेस का विज्ञापन देखा और एक लिंक पर क्लिक किया, जिसके बाद उसे एक अज्ञात वाट्सएप ग्रुप से जोड़ा गया। पीड़ित ने ऑनलाइन ट्रेडिंग करने के लिए आरोपियों द्वारा अधिक मुनाफे का प्रलोभव देकर व्हाटसप के माध्यम से उपलब्ध कराए गए अलग-अलग बैंक खातों में लगभग 23 लाख रुपये की धनराशि जमा करा दी। संबंधित बैंक खातों और मोबाइल नंबरों के सत्यापन के बाद साइबर पुलिस ने तकनीकी और डिजिटल साक्ष्य एकत्र कर मामले में शामिल दो महिला आरोपी पुष्पा बारापत्रे और यदम्मा सुल्तान को चिन्हित किया। पता चला कि दोनों महिला विदेशी साइबर अपराधियों के लगातार संपर्क में हैं और एक आरोपी महिला यदम्मू सुल्तान का बेटा राजू सुल्तान फिलिपींस में रहता है ,जो कि इस गिरोह का मास्टर माइंड है।

- आयुष्मान कार्ड बनाने के नाम पर बायोमेट्रिक लेकर सिम कार्ड जालसाजों को बेचती थीं
- एसटीएफ ने नागपुर से गिरोह की दो महिलाओं को पकड़ा ट्रेडिंग के लिए करते थे घपला

एसटीएफ ने दोनों महिलाओं को नागपुर (महाराष्ट्र) से गिरफ्तार कर लिया। दोनों महिला सिम एक्टिवेट करवाकर राजू सुल्तान को कोरियर के माध्यम से फिलीपींस भेजती थी। इसके एवज में एक मोटी धनराशि दोनों महिलाओं को मिलती थी। आरोपी महिलाओं द्वारा बताया गया कि वे 4 से 5 हजार सिम कार्ड राजू सुल्तान को भेज चुकी हैं। एसटीएफ के एसएसपी नवनीत भुल्लर ने बताया कि दोनों महिलाओं ने आयुष्मान कार्ड बनाने के नाम पर लोगों के बायोमेट्रिक लेकर कई हजार सिम कार्ड एक्टिवेट किए हैं।

बैंक खातों में लिंक मोबाइल नंबर भी उनके द्वारा जालसाजों को पहुंचाए गए हैं। आरोपियों द्वारा कार्य के लिए अन्य लोगों के चालू खाते खुलवाकर खुद इंटरनेट बैंकिंग एक्टिव कराकर, इंटरनेट किट प्राप्त कर लॉग-इन आईडी पासवर्ड क्रिएट कर (कमीशन बेस्ड खातों) अपराध किया जाता है। यहां अपराधी यह भी विशेष रूप से ध्यान देते थे, कि इन खातों की विड्रॉल लिमिट कितनी है अधिक लिमिट वाले खाते इनकी प्राथमिकता में होते थे।

फर्जी डिग्री रैकेट का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

जालंधर। पंजाब के जालंधर में पुलिस ने फर्जी डिग्री घोटाले में शामिल एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए रविवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 196 फर्जी डिग्रियां, 53 मोहरें, 16 पासपोर्ट, छह लैपटॉप, तीन प्रिंटर, एक मोहर बनाने वाली मशीन और आठ मोबाइल फोन बरामद किए। पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने बताया कि आरोपियों ने इंजीनियरिंग, मेडिकल, मैनेजमेंट और अन्य समेत कई कोर्स के लिए फर्जी डिग्रियां जारी की थीं। यह गिरोह पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और अन्य समेत कई राज्यों में सक्रिय है। शर्मा ने बताया कि जांच में फर्जी डिग्री आपूर्तिकर्ताओं के देशव्यापी नेटवर्क का पता चला है। मामले की जांच जारी है।

राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ने पर मिलेगा एक लाख का इनाम

ब्यूरो, देहरादून

खेल मंत्री रेखा आर्या

अमृत विचार : राज्य में चार अक्टूबर से खेल महाकुंभ शुरू हो रहा है। युवा कल्याण एवं खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा है कि खेल महाकुंभ में जो खिलाड़ी राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ेंगे, उन्हें एक लाख का इनाम मिलेगा।

जिलाधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक के बाद युवा कल्याण एवं खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि इस बार जिला स्तर पर खिलाड़ियों और जिलाधिकारियों को प्रोत्साहन देने के लिए मुख्यमंत्री ट्रॉफी देने की शुरुआत की जा रही है। खेल महाकुंभ में जिस जिले को सबसे ज्यादा पदक मिलेंगे, उसके जिलाधिकारी को मुख्य ट्रॉफी से प्रदान की जाएगी। यह मुख्यमंत्री उदीयमान और मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना के लाभार्थी खिलाड़ियों के लिए भी सुनहरा अवसर है। खेल मंत्री ने बताया कि खेल महाकुंभ का आगाज अल्मोड़ा से होने जा रहा है। प्रतियोगिताओं में 14 से 23 वर्ष के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। महाकुंभ में उत्तराखंड बोर्ड के विद्यालयों समेत प्रदेश के छात्र प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं।

केरल : फोन टैपिंग में विधायक के खिलाफ दर्ज किया मामला

कोट्टायम। निर्दलीय विधायक पीवी अनवर के खिलाफ राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों की फोन कॉल टैप करने का मामला दर्ज किया गया है। निलांबुर से विधायक अनवर के खिलाफ दर्ज एफआईआर में कहा गया है कि उन्होंने अवैध रूप से दूरसंचार प्रणाली को हैक किया और राज्य में वरिष्ठ अधिकारियों के फोन टैप किए, सार्वजनिक सुरक्षा को खतरे में डाला तथा मीडिया के माध्यम से गलत सूचना फैलाई। इसका उद्देश्य लोगों को भड़काना और नफरत पैदा करना था।

- राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों की बातचीत सुनने का आरोप

मप्र में ट्रक से भिड़ी बस, 9 यात्रियों की मौत

20 लोग घायल, मृतकों में 7 उप्र के रहने वाले, चार मृतक जौनपुर के और तीन प्रतापगढ़वासी

मैहर (मप्र), एजेंसी

मध्य प्रदेश के मैहर जिले में एक निजी यात्री बस की ट्रक से टक्कर में 9 लोगों की मौत हो गई जबकि करीब 20 लोग घायल हैं।

पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। मृतकों में सात लोग उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। हादसा शनिवार रात करीब 11 बजे मैहर में हुआ जब बस पत्थर से लदे ट्रक से टकरा गई। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना जिला मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर दूर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 30 पर हुई। बस में करीब 45 यात्री सवार थे। मैहर के पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने बताया कि बस प्रयागराज से रीवा होते हुए नागपुर जा रही थी, तभी नादन देहात थाने के पास हादसे का शिकार हो गई। छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई लेकिन तीन और लोगों ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि सभी मृतक पुरुष हैं और उनमें चार साल का एक बच्चा भी शामिल है। अग्रवाल ने बताया कि सात शवों की पहचान हो चुकी है। जिनमें चार मृतक उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के और तीन प्रतापगढ़ जिले के रहने वाले हैं। दो अन्य मृतकों की पहचान के प्रयास जारी हैं। घायलों को रीवा सहित विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। घायलों में अधिकतर जौनपुर और प्रतापगढ़ के निवासी हैं। एसपी ने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि बस की गति बहुत तेज थी। बचाव दल को क्षतिग्रस्त बस में से यात्रियों को निकालने के लिए गैस कटर और खुदाई करने वाली मशीन का इस्तेमाल करना पड़ा। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने हादसे पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि हादसे में नौ यात्रियों की मौत होने की पुष्टि हुई है जबकि एक अत्यंत गंभीर हालत में है। अधिकतर यात्री उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने व्यक्त की संवेदना

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि मैहर में हुए हादसे में लोगों की जान जाना दुखद है। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। कहा कि पीड़ितों की हर मदद के लिए मध्य प्रदेश सरकार से संपर्क किया है।

उत्तर प्रदेश में लगातार भारी बारिश से कई जिलों में बाढ़

लखनऊ, अमृत विचार : पूर्वी उत्तर प्रदेश के तमाम जिलों में बीते तीन दिनों से भारी बरसात हो रही है। लगातार भारी बारिश के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त है। किसानों के खेत-खलिहान जलमग्न हो गए हैं। 11 जिलों में बाढ़ के हालात हैं। इस दौरान अलग-अलग जिलों में अब तक डेढ़ दर्जन लोगों की मृत्यु हो गई।

वहीं, मौसम विभाग ने अगले दो-तीन दिन तक मौसम इसी तरह बने रहने की संभावना जताई है। कुछ जिलों में वज्रपात की भी आशंका है तो एक दर्जन जिलों में भारी बारिश का भी अलर्ट जारी किया गया है। इस बीच यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लगातार हो रही बारिश व पहाड़ों से छोड़े गए पानी से राज्य के 11 जिलों में बाढ़ के हालात की समीक्षा की। उन्होंने प्रभावित जिलों क्रमशः कुशीनगर, महाराजगंज, लखीमपुर खीरी, बलिया, फर्रुखाबाद, गोंडा, कानपुर नगर, जीबीनगर, सीतापुर, हरदोई और शाहजहांपुर के अधिकारियों को तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए।

जम्मू-कश्मीर के कठुआ में एक आतंकी मारा गया

जम्मू, एजेंसी

- आतंकियों-सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ जारी

जम्मू कश्मीर में कठुआ जिले के एक सुदूर गांव में आतंकवाद रोधी अभियान में सुरक्षा बलों ने रविवार को एक आतंकवादी को मार गिराया। अधिकारियों ने बताया कि रविवार दोपहर को बिलावर तहसील के कोग-मंडली गांव में मुठभेड़ स्थल से आतंकवादी का शव बरामद किया गया है। गांव में लगातार दूसरे दिन व्यापक तलाश अभियान जारी है। जम्मू जोन के एडीजी आनंद जैन ने बताया कि तीन से चार विदेशी आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद शनिवार को गांव में तलाश अभियान शुरू किया गया।

इसके बाद शनिवार शाम को सुरक्षाबलों तथा आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी शहीद हो गया। जैन ने बताया कि इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी और इसके बाद अभियान शुरू किया गया। जैन ने बताया कि मुठभेड़ में हेड कांस्टेबल बशीर अहमद शहीद हो गए, एक सीओ और एक एएसआई घायल हो गए थे। उन्होंने बताया कि दोनों अधिकारियों की हालत स्थिर है।

छत्तीसगढ़ में आईईडी विस्फोट में सीआरपीएफ के पांच जवान घायल

बीजापुर (छत्तीसगढ़)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों की ओर से लगाए गए आईईडी में विस्फोट से रविवार को एक अधिकारी समेत केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के पांच जवान घायल हो गए। घटना सुबह करीब सात बजे तारेम थाना क्षेत्र के तहत तब हुई जब सीआरपीएफ की 153 बटालियन विस्फोटकों को हटाने के काम पर निकली थी। अभियान के दौरान सुरक्षाकर्मियों ने विस्फोटक से जुड़ा एक तार देखा और वे तार से जुड़े बम की तलाश कर रहे थे तभी विस्फोट हो गया।

- बीजापुर में नक्सलियों के खिलाफ अभियान पर निकले थे

जवानों को चेहरे, आंखों और पेट के ऊपरी हिस्से में चोटें आई हैं। प्राथमिक उपचार के बाद घायल जवानों को राजधानी रायपुर ले जाया गया। घायलों में सीआरपीएफ के सहायक कमांडेंट वैद्य संकेत देवीदास, निरीक्षक संजय कुमार और कांस्टेबल बी पवन कल्याण, लोचन महतो और धोले राजेंद्र अश्रूबा शामिल हैं।

जम्मू में भाषण के दौरान बेसुध हुए खरगे

जसरोटा (जम्मू), एजेंसी

- इलाज के बाद बोले- मोदी को सत्ता से हटाने से पहले मैं मरने वाला नहीं

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कठुआ जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए मंच पर बेसुध हो गए। भाषण देते हुए खरगे की आवाज धीमी होती चली गई। मंच पर खड़े लोगों ने उन्हें सहारा देकर बैठाया। इसके बाद उनके भाषण को रोक दिया गया। तबीयत ठीक होने के बाद खरगे वापस मंच पर आए और कहा कि मैं 83 साल का हो गया हूं, लेकिन इतना जल्दी मरने वाला नहीं हूं। जब तक मोदी को हटाएंगे नहीं, मैं जिंदा रहूंगा।

उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए संघर्ष जारी रहेगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता से बेदखल करने तक वह राजनीति में सक्रिय रहेंगे। खरगे की टिप्पणी केंद्र की भाजपा नेतृत्व की सरकार की केंद्र शासित प्रदेश के मामले में कार्यप्रणाली, विशेषकर चुनावों में देरी को लेकर आलोचना के बीच आई है।

इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष ने बोलते समय चक्कर आने की शिकायत की थी और वे मंच पर ही बेसुध हो गए थे। जसरोटा रैली में खरगे ने कहा कि मैं बात करना चाहता था, लेकिन चक्कर आने के कारण मैं बैठ गया। कृपया मुझे माफ करें। वे (भाजपा) हमें आतंकित करने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा सरकार पर जम्मू-कश्मीर को रिमोट कंट्रोल के जरिए चलाने का आरोप लगाते हुए खरगे ने कहा कि ये लोग कभी चुनाव नहीं कराना चाहते थे। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद ही चुनाव की तैयारी शुरू की। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि राज्य का दर्जा बहाल करने का अधिकार होने के बावजूद वह (भाजपा) ऐसा करने में विफल रही है। खरगे ने आरोप लगाया कि मोदी जी जम्मू कश्मीर के युवाओं के भविष्य को लेकर घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं। उन्होंने बेरोजगारी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि 45 वर्षों में सबसे अधिक बेरोजगारी दर मोदी जी के कार्यकाल में है।

कार से सिपाही को टक्कर मारी, 10 मीटर तक घसीटा

नई दिल्ली, एजेंसी

- अस्पताल में मौत, कार सवार को गति कम करने को कहा था

बाहरी दिल्ली में एक कार चालक ने मोटरसाइकिल से जा रहे पुलिस कांस्टेबल को टक्कर मार दी और वह उसे करीब 10 मीटर तक घसीटता रहा। पुलिसकर्मी की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि कांस्टेबल ने लापरवाही से वाहन चलाने के लिए कार चालक को डांट लगाई थी, लेकिन इसके बाद उसने कांस्टेबल को टक्कर मार दी।

यह घटना शनिवार देर रात करीब सवा दो बजे वीणा एन्क्लेव के पास उस समय हुई, जब कांस्टेबल संदीप (30) ड्यूटी के दौरान सादे कपड़ों में नांगलोई पुलिस थाने से रेलवे रोड की ओर जा रहे थे। बाहरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त जिम्मी चिराम ने बताया कि जब संदीप ने देखा कि एक व्यक्ति कार को लापरवाही से चला रहा है तो उन्होंने चालक को ऐसा न करने के लिए कहा। इसके बाद अचानक चालक ने कार की गति बढ़ा दी और उसने कांस्टेबल की मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी तथा उसे करीब 10 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया, उसके बाद एक खड़ी कार से जा टकराया। कांस्टेबल संदीप को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

तरक्की की ओर वन्यजीव और इंसानी टकराव को रोकने के तरीके सिखाने के साथ करेंगे प्रोत्साहित, 11 बाघ मित्रों की टीम नंधौर वाइल्ड लाइफ सेंचुरी के लिए रवाना

अब उत्तराखंड में अपनाया जाएगा पीलीभीत का बाघ मित्र मॉडल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: बाघों की सुरक्षा व निगरानी में पीलीभीत टाइगर रिजर्व के बाघ मित्र मॉडल की धूम अब दूसरे राज्यों तक भी पहुंच गई है। अब पीटीआर के बाघमित्र उत्तराखंड में वालंटियर्स को वन्यजीव और इंसानी टकराव रोकने के तरीके सिखाने के साथ उन्हें प्रोत्साहित भी करेंगे। रविवार को 11 बाघ मित्रों की टीम नंधौर वाइल्ड लाइफ सेंचुरी के लिए गई।

बाघ मित्रों के दल को रवाना कराते पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह। ● अमृत विचार

जनपद में साल दर साल बढ़ते मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को देखते हुए पीलीभीत टाइगर रिजर्व एवं विश्व प्रकृति निधि (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) ने 2019 में बाघ मित्र योजना की शुरुआत की थी। इसमें जंगल सीमा से सटे इलाकों में रहने वाले युवाओं को शामिल किया। विशेषज्ञों ने इन युवाओं को बाघ एवं तेंदुए के पग चिह्न और उनके व्यवहार को लेकर प्रशिक्षित किया। 2020 आते-आते सभी वालंटियर्स ने जिम्मेदारी संभाल ली। वर्तमान में यहां 100 से अधिक बाघ मित्र हैं। बाघ मित्रों की सक्रियता का परिणाम है कि जंगल सीमा से सटे लोग अब बाघ या तेंदुआ दिखने पर हिंसक होने के बजाय वन्य जीवों के व्यवहार को समझकर प्रतिक्रिया देने लगे हैं।

बाघों की निगरानी एवं उनकी सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे पीलीभीत के बाघ मित्र अब उत्तराखंड की नंधौर वाइल्ड लाइफ सेंचुरी के जंगल वालंटियर्स को अपने काम करने के तौर-तरीकों से रूबरू कराएंगे। रविवार को डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी नरेश कुमार के नेतृत्व में 11 बाघ मित्रों का एक दल नंधौर वाइल्ड लाइफ सेंचुरी रवाना हो गया। बाघ मित्रों को पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने रवाना किया। पीलीभीत के बाघ मित्र नंधौर सेंचुरी के विलेज वालंटियर प्रोटेक्शन फोर्स को वन्यजीव और इंसानी टकराव रोकने के गुर सिखाएंगे।

पीलीभीत का बाघ मित्र प्रोजेक्ट दक्षिणी खीरी वन प्रभाग, उत्तरी खीरी वन प्रभाग (दुधवा टाइगर रिजर्व का बफर एरिया), कतर्नियाघाट वाइल्ड लाइफ सेंचुरी, अमानगढ़ टाइगर रिजर्व में लागू किया जा चुका है।

सीएचसी में एक्स-रे टेक्नीशियन नहीं, मरीज परेशान

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भीमताल की हालत बेहद खराब है।

चिकित्सकों की कमी से जूझ रहे इस अस्पताल में एक्स-रे टेक्नीशियन भी नहीं है। जिस कारण ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही है। सीएचसी में विकासखंड भीमताल के मलुवाताल, जंगलियागांव, पांडे गांव, हरी नगर, सांगुड़ी गांव, सौन गांव, चांफी, अल्चौना, हैडिया गांव, चैक बहेड़ी, मेहरा गांव, सुरिया गांव, जंतवाल गांव, सलडी ढुंग शिल, शिलोटी चनौती सहित तमाम ग्राम सभाओं के लोग स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए आते हैं, परंतु उचित सुविधा न मिलने के कारण मरीजों को नैनीताल या हल्द्वानी जाना पड़ता है। क्षेत्रवासी लंबे समय से अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन लगाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक मांग पूरी नहीं हुई है।

अस्पताल में एकमात्र एक्स-रे मशीन लगी है, लेकिन इस चलाने के लिए टेक्नीशियन उपलब्ध नहीं है। सप्ताह में सोमवार, बुधवार व शुक्रवार को बड़ी मुश्किल से टेक्नीशियन उपलब्ध होते हैं। उक्त टेक्नीशियन को तीन दिन भवाली चिकित्सालय में अटैच किया गया है। ग्राम प्रधान संगठन की उपाध्यक्ष राधा कुलियाल ने मुख्य चिकित्साधिकारी से सीएचसी की हालत सुधारने की मांग की है। कहा कि यदि एक सप्ताह के अंदर व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो आंदोलन शुरू किया जाएगा। प्रेम सिंह कुलियाल ने बताया कि वह बीते दिन एक मरीज को लेकर सीएचसी गए थे। एक्स-रे टेक्नीशियन न होने के कारण हल्द्वानी जाना पड़ा। उन्होंने शीघ्र सीएचसी की हालत सुधारने की मांग की है।

घोड़ा संचालन की अनुमति नहीं मिलने से चालक परेशान

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: टिफिन टॉप की पहाड़ी पर भूस्खलन के बाद बीती 6 अगस्त की रात डोरोथी सीट ढह गई थी। जिसके चलते प्रशासन ने वहां लोगों की आवाजाही के साथ ही घोड़ा संचालन पर रोक लगा दी थी। प्रशासन की ओर से सर्वे और निरीक्षण करने के 55 दिनों बाद

भी घुड़सवारी शुरू नहीं हो पाई है। जिससे घोड़ा संचालकों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। घोड़ा चालकों का कहना है कि घोड़ों के खाने के लिए 300 रुपये रोजाना चाहिए। उन्होंने प्रशासन से डोरोथी सीट से तीन किलोमीटर पहले तक घोड़ा संचालन की अनुमति देने की मांग की है। एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि बारिश रुकने के बाद क्षेत्र का संयुक्त निरीक्षण किया जाएगा। जिसके बाद घोड़ा संचालन की अनुमति पर विचार किया जाएगा।

अमृत विचार (कुमाऊं संस्करण) के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

हल्द्वानी से प्रकाशित दैनिक समाचार अमृत विचार के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
दैनिक समाचार पत्र अमृत विचार का में नियमित पाठक हूं। विशेष तौर पर संपादकीय पृष्ठ रोचकता के साथ गंभीर मुद्दों को समाहित करता है। स्थापना दिवस पर विशेषांक प्रकाशित किये जाने पर हार्दिक आभार प्रकट करता हूं। आपका समाचार पत्र उत्तराखंड के आम जनमानस तक देश दुनिया की खबरों को यूं ही पहुंचाता रहे।

ललित कुमार फर्त्याल
सहायक अध्यापक
राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज दौलतपुर

अमृत विचार (कुमाऊं संस्करण) के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मंगल धामी
पूर्व सैनिक व समाजसेवी
मदनपुर चोरगलिया

अमृत विचार (कुमाऊं संस्करण) के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
तनुजा जोशी
प्रधानाचार्य
राजकीय बालिका इंटर कॉलेज चोरगलिया

अमृत विचार (कुमाऊं संस्करण) के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
दीपक चौसाली
समाजसेवी
ग्राम तल्ला पचौनिया चोरगलिया

अमृत विचार (कुमाऊं संस्करण) के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

देवानंद सिन्धी
संरक्षक आलू फल आड़ती व्यापारी एशोसिएशन हल्द्वानी (नैनीताल)
M : 9719074600
DEVANAND SINDHI & COMPANY
FRUIT EXPORTER & IMPORTER SUPPLIERS
SHOP NO. C-19-20-21, NEW WHOLESALE FRUIT MARKET BAREILLY ROAD, HALDWANI

अमृत विचार (कुमाऊं संस्करण) के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

Kamal Sweets
PROP : KAMAL MAHRA
Near Union Bank, Aish Bagh, Kaladhungi Road, Haldwani, Mob. +91-7906922260

अमृत विचार (कुमाऊं संस्करण) के स्थापना दिवस हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
कौस्तुभानंद जोशी
प्रदेश कार्यालय सचिव
भारतीय जनता पार्टी उत्तराखंड

अमृत विचार (कुमाऊं संस्करण) के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
कमल दुर्गापाल
ग्राम प्रधान
नया गाँव कटान, चोरगलिया

अमृत विचार (कुमाऊं संस्करण) के स्थापना दिवस हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
भुवन जोशी
पूर्व प्रदेश संयोजक (सोशल मीडिया एवं आईटी विभाग)
प्रदेश सह-संयोजक (मीडिया संपर्क विभाग)
प्रदेश सह-संयोजक (डाटा प्रबंधन विभाग) भाजपा उत्तराखण्ड

अमृत विचार (कुमाऊं संस्करण) के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
St. Lawrence Sr. Sec. School
Haldwani (Nainital)

Devalchaur, Rampur Road, Haldwani-263139

अमृत विचार (कुमाऊं संस्करण) के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

अतुल कुमार गुप्ता
प्रदेश सहप्रभारी उत्तराखंड
अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल, उत्तराखंड
महामंत्री, मटर गली व्यापारी एसोसिएशन हल्द्वानी

अमृत विचार (कुमाऊं संस्करण) के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मै. एन. के. फ्रूट कम्पनी
फल, सब्जी के थोक आढ़ती

एन.के. दानी
मो. 9412980770
9411322976, 9012512100

अमृत विचार (कुमाऊं संस्करण) के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

भुवन प्रसाद
पूर्व क्षेत्र पंचयात सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता
रुपा देवी
ब्लॉक प्रमुख
हल्द्वानी

अमृत विचार (कुमाऊं संस्करण) के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

राजेन्द्र सिंह जीना
विवर्तमान पार्षद, वार्ड नं.-9, तल्ली बमौरी, हल्द्वानी

अमृत विचार (कुमाऊं संस्करण) के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

हृदयेश कुमार आर्य
भाजपा कार्यकर्त्ता वार्ड नं. 37
हल्द्वानी काठगोदाम
मो. 8859465592
विद्या देवी
भाजपा नेत्री
विवर्तमान पार्षद वार्ड न 37 एवं सदस्य जिला योजना समिति नैनीताल

अमृत विचार (कुमाऊं संस्करण) के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
राम लाल
महामंत्री
हरीश बिष्ट
कोषाध्यक्ष
रुकमणी नेगी
अध्यक्ष
ग्राम प्रधान संगठन, हल्द्वानी

अमृत विचार (कुमाऊं संस्करण) के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मनमोहन पाण्डेय
मंडल मंत्री, भाजपा बिठौरिया
मो. 70173 49122, 9412017051
अम्बिका ट्रेडर्स ईंट सप्लायर
हरिपुर नायक, हल्द्वानी

अमृत विचार (कुमाऊं संस्करण) के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

कैलाश जोशी
अध्यक्ष,
आलू फल आढ़ती व्यापारी एसोसिएशन नवीन मंडी, हल्द्वानी

आज का मौसम

आसमान में हल्की धूप के साथ बादल भी छाए रहेंगे

32.0°	22.0°
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.05	सूर्यास्त 17.59

एक नजर

सीएम से वार्ता के आश्वासन पर बाजार बंद स्थगित

हल्द्वानी : सड़क चौड़ीकरण की जद में आ रहे व्यापारियों ने सोमवार को बाजार बंद करने का ऐलान किया था, लेकिन 24 घंटे बीतने से पहले ही व्यापारियों ने बाजार बंद करने की घोषणा को स्थगित कर दिया। मंडी विपणन बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. अनिल कपूर डब्बू और भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारियों को मुख्यमंत्री से वार्ता कराने का आश्वासन दिया। जिस पर समिति के पदाधिकारियों ने बाजार बंद करने की घोषणा वापस ले ली। हेमचंद बल्यूटिया, अशोक गुप्ता, बलविंदर सिंह सहित सभी व्यापारियों ने समर्थन देने वालों का आभार जताया है।

शहर में आज पांच घंटे गुल रही बिजली

हल्द्वानी : ऊर्जा निगम सोमवार को शहरी क्षेत्र में टेस्टिंग शटडाउन लेगा। इसके चलते करीब 5 घंटे तक बिजली गुल रहेगी। ईई डीडी पांगती ने बताया कि बिजलीघरों में टेस्टिंग का कार्य किया जायेगा। जिले में कुल 32 बिजलीघर हैं। ओखलकांडा और कोटाबाग में टेस्टिंग का कार्य शुरू हो गया है। सोमवार से शहर के वितरण खंड में पांच घंटे का शटडाउन लिया जाएगा। तेरह बीघा बिजली घर से जुड़े फीडरों में सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक सप्लाई बंद रहेगी।

वृद्ध दिवस और गर्जिया भ्रमण पर हुई चर्चा

हल्द्वानी : वरिष्ठ नागरिक जनकल्याण समिति की आम बैठक में रविवार को संपन्न हुई। जिसमें एक अक्टूबर को वृद्ध दिवस के आयोजन व 16 अक्टूबर को गर्जिया और हनुमान धाम भ्रमण पर चर्चा हुई। अध्यक्ष भुवन भाष्कर ने कहा कि भ्रमण की सूची मोहन चंद की ओर से बनाई गई है। उन्होंने भ्रमण का शुल्क समिति के कोषाध्यक्ष को जमा करने की मांग की। बैठक में डीके पंत, शंकर दत्त तिवारी, आनंद सिंह भाकुनी, भगवती बिष्ट, राम कुमार जैन मौजूद रहे।

भाजयुमो नेता समेत 200 पर मुकदमा

पुलिस ने बलवा, तोड़फोड़ और आगजनी समेत अन्य गंभीर धाराओं में कार्रवाई की

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : अकेली युवती के घर में घुसने का आरोप लगाकर नूर मोहम्मद को बुरी तरह पीटा गया। उसके घर पर उपद्रव कर लोगों ने मोटर साइकिलों को आग लगा दी। उसकी दुकान में तोड़फोड़ कर दी। इस मामले में पुलिस ने नूर मोहम्मद की पत्नी रेहाना की तहरीर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री विपिन पांडे समेत 200 अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

देवगंगा विहार छड़ायल नायक गैस गोदाम रोड निवासी रेहाना पत्नी नूर मोहम्मद ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा कि देवगंगा विहार में उनके पति नूर मोहम्मद की मॉड्यूलर किचन की दुकान है। 26 सितंबर को उसके पति अपनी दुकान पर काम करने वाली लड़की के घर किसी काम से गये थे। लड़की के घर के पास रहने वाले लोगों ने नूर मोहम्मद पर गलत आरोप लगाते हुए उसे पकड़ लिया।

उसे भीड़ ने मौके पर पीटा और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। सोशल मीडिया पर वीडियो देखने के बाद 27 सितंबर की दोपहर विपिन पांडे और गिरीश पांडे करीब 200 पुरुष व महिलाओं के साथ उनके घर व दुकान के बाहर जमा हो गए। उक्त लोगों ने उनकी दुकान के शटर पर लगा ताला तोड़ दिया और अंदर घुस गए। भीड़ ने शीशे के दरवाजे तोड़े और दुकान के अंदर जमकर तोड़फोड़ कर दी। इसके अलावा घर के अंदर खड़ी तीन मोटर साइकिलों में आग लगा दी।

आरोप है कि भीड़ ने घर में भी आग लगाने का प्रयास किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह बीच बचाव किया। इन लोगों ने मौके पर धार्मिक नारे लगाते हुए परिवार को जान से मारने की धमकी दी। इधर, सीओ सिटी नितिन लोहनी ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर विपिन पांडे, गिरीश पांडे समेत 200 अज्ञात महिला व पुरुषों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191(2), 190, 331(3), 324(2), 326(जी) व 351(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

बीते दिन नूर मोहम्मद की मॉड्यूलर किचन की दुकान में तोड़फोड के बाद बाहर जमा लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

घटना से बेहद डरी है रेहाना

हल्द्वानी : रेहाना ने पुलिस को बताया कि घटना से वह बेहद डरी हुई है। डर के कारण वह घर नहीं जा पा रही है। वह बच्चों के साथ यहां-वहां रहने पर मजबूर है। रेहाना का कहना है कि विपिन पांडे आपराधिक व गैर कानूनी गतिविधियों में लिप्त रहता है। उसे पुलिस के साथ झड़प आदि में कोर्ट से सजा भी हो चुकी है।

अप्रेंटिसशिप रोजगार मेला 16 अक्टूबर को

हल्द्वानी, अमृत विचार : आईटीआई हल्द्वानी में 16 अक्टूबर को अप्रेंटिसशिप रोजगार मेला आयोजित होगा। निदेशक प्रशिक्षण संजय कुमार ने सभी निजी अधिष्ठानों के प्रबंधक और राज्य सरकार के सार्वजनिक उपक्रमों को पत्र भेजकर मेले के संबंध में जानकारी दी है। सामान्य तौर पर हर माह में दो अप्रेंटिसशिप मेले आयोजित किये जाते हैं, लेकिन हल्द्वानी आईटीआई में पिछले एक साल से मेला आयोजित नहीं किया गया था। लंबे समय बाद मेला लगने से बेरोजगारों को विभिन्न कंपनियों में प्रशिक्षण लेने का मौका मिलेगा।

इसके तहत प्रशिक्षुओं को रोजगार के दौरान ही प्रशिक्षण भी दिया जाता है। मेले में विभिन्न औद्योगिक कंपनियों को बुलाया जाता है, जिसमें अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया जाता है।

इसके बाद उन्हें कंपनी प्रशिक्षण के लिए चयनित करती है। मेले में पांचवी पास से लेकर परास्नातक की योग्यता वाले अभ्यर्थियों को उनकी योग्यता के आधार पर कंपनियां चयनित करती हैं। 16 अक्टूबर को हल्द्वानी के साथ ही आईटीआई नई टिहरी में भी मेले का आयोजन होगा।

पुरानी मुद्रा खरीदने का झांसा देकर 4.63 लाख ठग लिए

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : पुरानी मुद्रा के शौकीन को जालसाजों ने अपना शिकार बना लिया। पीड़ित के पास मौजूद पुरानी मुद्रा को बड़ी कीमत पर खरीदने का झांसा देकर जालसाजों ने उनसे चार लाख 63 हजार रुपये हड़प लिए। पीड़ित ने साइबर थाना पंतनगर में मुकदमा दर्ज कराया। अब इस मामले की जांच हल्द्वानी कोतवाली पुलिस कर रही है।

सिविल लाइंस भोटियापड़ाव निवासी हरप्रीत सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा कि इसी माह पांच सितंबर को उन्होंने फेसबुक पर पुरानी मुद्रा खरीदने का विज्ञापन देखा। विज्ञापन में दिए नंबर पर उन्होंने फोन किया और बताया कि उनके पास पुरानी मुद्रा है, जिसे वह बेचना चाहते हैं। जालसाज ने हरप्रीत से उनके पास मौजूद मुद्रा की फोटो भेजने को कहा। हरप्रीत ने ऐसा ही किया। जालसाज ने फोटो देखने के बाद हरप्रीत से कहा कि वह उनके पास मौजूद पुरानी मुद्रा के बदले डेढ़ करोड़ रुपये दे सकते हैं।

- सिक्कों की कीमत डेढ़ करोड़ बताकर लगाई चपत
- फेसबुक पर देखा था विज्ञापन पंजीकरण के नाम पर की ठगी

इतनी बड़ी रकम सुनकर हरप्रीत खुश हो गए। इसके बाद जालसाज जो कहता गया, हरप्रीत करते गए। जालसाज ने हरप्रीत से पंजीकरण कराया।

छह सितंबर को पंजीकरण के नाम पर पहला ट्रांजेक्शन कराया। इसके बाद अलग-अलग तरह के टैक्स बताकर 14 सितंबर तक 4,63,000 रुपये ठग लिए। जालसाज ने जब और पैसे मांगे तो हरप्रीत ने अपने दोस्त से उधार मांगे। दोस्त ने वजह पूछी तो ठगी का खुलासा हुआ। सीओ सिटी नितिन लोहनी ने बताया कि मामले की जांच कोतवाली में ट्रांसफर हुई है। मामले में तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

नहाते समय देखने पर टोका तो पति को किया लहूलुहान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बनभूलपुरा थाना क्षेत्र के गांधीनगर में पड़ोसी एक महिला पर गलत नजर रखता था। पति ने जब विरोध किया तो आरोपी ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में पीड़िता का पति व अन्य लोग लहूलुहान हो गए।

गांधीनगर निवासी महिला का कहना है कि उसके घर की छत पर बाथरूम है। नहाने आदि के लिए वह इसी बाथरूम का उपयोग करती है। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाला अनिल उसे नहाते वक्त देखता था। 21 सितंबर को जब वह नहाने गई तो आरोपी उसे देखने लगा। इसकी शिकायत महिला ने अपने पति से की। मामला आरोपी के परिजनों तक पहुंचा तो उन्होंने माफी मांगी और आगे से ऐसा न होने का भरोसा देकर मामला निपटा लिया। साथ ही भरोसा दिया कि वह जल्द ही किराए का कमरा खाली कर चले जाएंगे। हालांकि ऐसा हुआ नहीं। 28 सितंबर की रात पीड़िता दोबारा बाथरूम में गई तो पड़ोसी ने फिर से वही हरकत शुरू कर दी। पत्नी के बताने पर पति युवक के घर पहुंचा तो आरोपी ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में उसकी अंगुली व सिर लहूलुहान हो गया। बचाव में पहुंचे महिला के देवर व अन्य लोगों पर भी आरोपी ने हमला कर दिया। बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज जांच शुरू कर दी गई है।

उपद्रवियों पर मुकदमा, छात्रों ने सड़क पर लगाया जाम

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : एमबीपीजी में कवरेज के दौरान पत्रकार प्रमोद डालाकोटी से मारपीट के मामले में कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। इससे नाराज छात्रों का हुजूम सड़क पर उतर आया। छात्रों ने पहले कोतवाली में पत्रकारों से अभद्रता की और फिर कोतवाली के बाहर नेशनल हाईवे पर जाम लगाकर नारेबाजी की।

प्रमोद की तहरीर पर पुलिस ने कार्तिक बोरा, पंकज खत्री व अन्य के खिलाफ मारपीट सहित लूट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मुकदमे को फर्जी बताते हुए रविवार की दोपहर प्रमोद बोरा, राजू रावत, संजय रावत, देवेंद्र बिष्ट, कमल बोरा, गौरव सनवाल, कौशल मिकलानी, नितिन सोनकर वजगदीशबिष्ट सहित बड़ी संख्या में छात्र कोतवाली में जुटने लगे। यहां कवरेज कर रहे एक पत्रकार और फिर एक महिला पत्रकार से छात्र उलझ गए। पुलिस ने किसी तरह मामला शांत कराया, लेकिन छात्र शांत नहीं हुए। कोतवाली से निकल कर छात्र कोतवाली गेट के बाहर हाईवे पर बैठ गए और नारेबाजी करते हुए सड़क जाम कर दी। पुलिस ने छात्रों ने उठाने का प्रयास किया तो छात्र उनसे भी उलझ गए।

बाद में सीओ सिटी नितिन लोहनी ने छात्रों को वार्ता के लिए बुलाया और उन्हें निष्पक्ष कार्रवाई का भरोसा दिया। जिसके बाद छात्र नेशनल हाईवे से हट गये। सीओ नितिन लोहनी ने बताया कि नाराज छात्रों को आश्वासन दिया गया कि किसी के भी खिलाफ गलत कार्रवाई नहीं होने दी जाएगी।

कोतवाली के बाहर नैनीताल रोड पर धरना देते एमबीपीजी के छात्र। ● अमृत विचार

आईटीआई गैंग के चार गुर्गों पर मुकदमा दर्ज

हल्द्वानी : वसुंधरा कॉलोनी बरेली रोड निवासी गौरव नेगी की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आईटीआई गैंग के आदित्य नेगी, धीरज बिष्ट, दीपक पंचवाल, रवींद्र रावत व साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गौरव ने तहरीर में लिखा कि शुक्रवार रात तिकोनिया चौराहे पर उनकी कुछ युवकों से कहासुनी हो गई थी। इसके बाद आरोपियों ने उन पर जानलेवा हमला किया। बचने के लिए वह चौराहे के पास स्थित शराब की दुकान में घुसे, तो आरोपियों ने दुकान में घुसकर उन्हें पीटा। गौरव भोटियापड़ाव पुलिस चौकी से शिकायत कर निकले तो उन्हें फिर पीटा और बिना नंबर की कार से कुचलने की कोशिश की। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

जलस्तर बढ़ने से ह्यूम पाइप पुल का काम रुका

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : गौला में वैकल्पिक मार्ग बनाने में नदी का जलस्तर बड़ी बाधा बन रहा है। नदी के तेज बहाव की वजह से ह्यूम पाइप पुल का काम रोक दिया गया है। एसडीएम परितोष वर्मा ने रविवार को मौके पर पहुंचकर कार्य का निरीक्षण किया।

गौलापुल की एप्रोच रोड बहने से हल्द्वानी आने के लिए गौलापार, चोरगलिया, सितारगंज, टनकपुर, बनबसा, खटीमा के लोगों को लंबा सफर तय करना पड़ रहा है। प्रशासन ने गौलापुल के ठीक होने तक लोगों की आवाजाही के लिए ह्यूम पाइप पुल बनाने का निर्णय लिया है। इसके लिए गौला नदी में 24 ह्यूम पाइप डाले जाने हैं। करीब 18 पाइप लगाए जा चुके हैं, लेकिन पहाड़ों में हो रही बारिश की वजह से गौला नदी का बहाव कम नहीं हो रहा है। एक बार फिर से बहाव बढ़ गया है।

इस वजह से ह्यूम पाइप लगाने का काम रोक दिया गया है। पूरा रास्ता बनाने के लिए अभी छह और पाइप लगाए जाने हैं। रविवार को एसडीएम परितोष वर्मा ने सिंचाई विभाग और वन विभाग के अधिकारियों के साथ वैकल्पिक रास्ते के निर्माण के कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य को तेजी से करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने बताया कि नदी का जलस्तर अधिक है, जिस वजह से कार्य में दिक्कतें आ रही हैं। जेसीबी मशीन से ह्यूम पाइप को लगाने का काम हो रहा है। जलस्तर कम होने के बाद वैकल्पिक रास्ते पर आवागमन शुरू कर दिया जाएगा।

गौला नदी में बहाव का निरीक्षण करते एसडीएम परितोष वर्मा। ● अमृत विचार

गौलापुल पर जल्द शुरू हो सकती है पैदल आवाजाही

हल्द्वानी : गौलापुल की एप्रोच रोड को बहे करीब ढाई सप्ताह का समय हो गया है। इसको एनएचएआई ठीक करने का काम कर रही है। एसडीएम परितोष वर्मा ने बताया कि एनएचएआई भी तेजी के साथ काम कर रहा है। संभावना है कि सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए दो दिनों के अंदर गौलापुल के ऊपर से पैदल आवाजाही शुरू करवा दी जाएगी। इससे स्थानीय लोगों को राहत मिलेगी। शीघ्र ही हल्के वाहनों की आवाजाही शुरू कराने का भी प्रयास किया जायेगा।

झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहावना

हल्द्वानी, अमृत विचार : बारिश से तापमान में कमी आई है। मौसम सुहावना हो गया। रविवार की देर सांय शहर और आसपास के क्षेत्रों में झमाझम बारिश हुई।

रविवार की सुबह से ही आसमान में बादल छाये रहे। अपरान्ह बाद काठगोदाम, दमुवाढूंगा, पॉलीशीट, रानीबाग में तेज बारिश हुई, जबकि बाकी जगह हल्की बूंदाबांदी हुई। अधिकतम तापमान 31.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि सोमवार को मानसून पूरी तरह से विदा हो जाएगा। एक-दो अक्टूबर तक हल्की बारिश की संभावना है। अक्टूबर के दूसरे सप्ताह से रात व सुबह के समय हल्की ठंड पड़नी शुरू हो जाएगी।

रिंग रोड के विरोध में मुख्य सचिव और सड़क सचिव से मिलेंगे ग्रामीण

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : किसान-मकान बचाओ संघर्ष समिति ने रविवार को नैनीताल रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में रिंग रोड के विरोध में प्रेस वार्ता की। इस दौरान समिति के संस्थापक अध्यक्ष कार्तिक उपाध्याय ने बताया कि विधायक के दौरे के बाद गांव में जंगल किनारे रहने वाले लोगों में भी असंतोष है। ग्रामीण चाहते हैं कि रिंग रोड का सर्वे गांव और खेतों से रद होने का लिखित आदेश दिया जाए।

संघर्ष समिति शीघ्र ही महापंचायत का रजिस्टर मुख्य सचिव, सड़क सचिव और मुख्यमंत्री को भेजेगी। साथ ही परियोजना को रद कर ग्रामीण सड़कों के चौड़ीकरण की मांग को शासन-प्रशासन के सामने रखेगी। कहा कि धरने के 19 दिन बाद भी जिला प्रशासन ग्रामीणों से वार्ता के लिए नहीं पहुंचा है। शीघ्र ही ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल देहरादून जाएगा और मुख्य सचिव और सड़क सचिव से मुलाकात करेगा। उपाध्यक्ष निक्की दुर्गापाल ने कहा कि 100 किलोमीटर के शहर में 55 किलोमीटर की नई सड़क बनाना विकास नहीं, बल्कि विकास के नाम पर गांव को उजाड़ कर एक परियोजना थोपना है। इस दौरान ललित जोशी, लक्ष्मण बोरा, भूपेंद्र कोरंगा, कुसुम, योगेश मौजूद रहे।

रिंग रोड के विरोध में प्रेस वार्ता करते समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

सिमोनिका, रुद्रानी, अवंतिका रही प्रथम

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : लेक सिटी वेलफेयर क्लब की ओर से गोवर्धन हॉल में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर के 18 विद्यालयों के 180 बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में निष्कर्ष द्वारा पागल की भूमिका सराहनीय रही।

सब जूनियर वर्ग में वृंदावन पब्लिक स्कूल की सिमोनिका आर्या प्रथम, डीआर पब्लिक स्कूल के अयांश द्वितीय, मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर की दीशानी तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं अम्बर सेखू, इजरा, हिमांशी कपिल, शिवांक भंडारी, अवयांक दास ने सांत्वना में पुरस्कार जीते। जूनियर वर्ग में इंस्प्रेशन स्कूल हल्द्वानी की रुद्रानी रावत प्रथम, सैनिक स्कूल के अनुष्का द्वितीय, मोहन लाल साह की विदिशा जोशी तृतीय रही। गीतांजलि जोशी, तनीशा नेगी, अलंकृता जोशी, गौरी, विवाश, भावना, मिताली, सामर्थ्य ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में मोहन लाल साह की अवंतिका नेगी प्रथम, भारतीय शहीद सैनिक स्कूल के ध्रुव कुमार एवं चेतन जोशी द्वितीय, बिशप शॉ के आदित्य तृतीय व सौरभ तिवारी, लतिका बिष्ट, प्रतीक्षा सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। प्रतियोगिता में विशेष पुरस्कार निष्कर्ष, गार्गी, और वेद जोशी को दिया गया। इस दौरान क्लब की अध्यक्ष ज्योति ढौंढ़ियाल, सचिव दीपा पांडे, हेमा भट्ट, मीनू बुधलाकोटी, प्रेमा अधिकारी, रानी साह, दीपिका बिनवाल, रमा भट्ट, कंचन जोशी, कविता त्रिपाठी, विनिता पांडे, निरु साह, अमिता साह, प्रभा पुंडीर, रेखा जोशी, रेखा पंत, जीवंती भट्ट, दया कुंवर, प्रगति जैन, सरस्वती मौजूद रहे। निर्णायक के रूप में अनिल घिडियाल, डीआर नायक, रीता तिवारी एवं अनिल कुमार रहे।

पुरस्कारों के साथ विजेता प्रतिभागी, साथ में मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

SM PAL GROUP
Nurtured Since 1982
SM PAL GROUP की ओर से अमृत विचार के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ।
PAL STONE INDUSTRIES
PAL COLONISERS (P) LTD.
PAL FROZEN FOODS
A SM Pal Group Venture
NISSAN
PAL NISSAN
SKODA
PAL SKODA
Ford
PAL FORD

साईं अस्पताल में मरीज की जांच करते डॉ. प्रमोद जोशी। ● अमृत विचार

साईं अस्पताल में 200 लोगों की हुई हृदय जांच

हल्द्वानी, अमृत विचार : विश्व हृदय दिवस के मौके पर मुखानी स्थित साईं अस्पताल में निशुल्क जांच शिविर लगाया गया। जिसमें 200 लोगों की हृदय की जांच की गई। शिविर में मरीजों की मधुमेह, ईसीजी, पेसमेकर, फेफड़ों की जांच भी निशुल्क की गई। साथ ही अन्य जांचों पर 50 फीसदी की छूटी दी गई। वहीं एंजियोग्राफी और एंजियोप्लास्टी के शुल्क में 20 प्रतिशत की छूट दी गई। अस्पताल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रमोद जोशी ने कहा कि सही खानपान व बेहतर जीवन शैली से हृदय रोग से बचा जा सकता है। अस्पताल के निदेशक डॉ. मोहन सती ने कहा कि हमारा उद्देश्य को लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। इस दौरान अस्पताल के महाप्रबंधक बृजेश बिष्ट, ज्योति सिंह, कैलाश जोशी, डॉ. मुनीश तोमर, भरत पांडे, डॉ. प्रदीप, डॉ. श्वेता मौजूद रहे।

कृष्णा अस्पताल में मरीज की जांच करते डॉ. रमनदीप आहूजा। ● अमृत विचार

शिविर में हृदय को सुरक्षित रखने के तरीके बताए

हल्द्वानी, अमृत विचार : कृष्णा हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर गुरुनानकपुरा में विश्व हृदय दिवस पर निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मरीजों को खून तथा ईसीजी के जांच शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट दी गई। वहीं पेसमेकर की जांच निशुल्क की गई। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. रमनदीप आहूजा ने शिविर में आये मरीजों को हृदय को सुरक्षित रखने के तरीके बताए। साथ ही उन्हें सीपीआर का प्रशिक्षण दिया। इस दौरान नर्सिंग सुपरिटेंडेंट डॉ. रंजना वालिया, आकांक्षा पाहवा, निर्मल पाठक, अंशुल शर्मा, हरिओम सैनी, जसविंदर कौर, मंजू बोहरा, कमलेश मिश्रा मौजूद रहे।

बदलती जीवन शैली से बिगड़ रही दिल की तबीयत

नैनीताल : विश्व हृदय दिवस के मौके पर बीडी पांडे अस्पताल में हृदय रोग विशेषज्ञ ने लोगों को हृदय को स्वस्थ रखने के उपाय बताये। कहा कि बदलती जीवन शैली व अत्यधिक तनाव के चलते लोग दिल के मरीज बनते जा रहे हैं। नगर में भी हृदय रोगियों की संख्या बढ़ती जा रही है। डॉ. सुधांशु सिंह ने बताया कि समय के साथ सभी लोगों की आदतें, रहन सहन व खान पान बदल रहा है। आज के दौर में हर कोई तनाव में है। नशा व धूम्रपान भी हृदय रोग के लिए बड़ा कारण है। उन्होंने कहा कि नियमित व्यायाम करें और संतुलित आहार लें। इस दौरान अस्पताल के पीएमएस डॉ. टीके टम्टा, डॉ. एमएस दुग्ताल, डॉ. आरूषी गुप्ता, डॉ. मोनिका कांडपाल व डॉ. दीपिका लोहनी रहे।

गुलदार ने गाय को बनाया निवाला, लोगों में दहशत

रामनगर : पीरूमदारा क्षेत्र में गुलदार ने मनमोहन चौधरी उर्फ मौनी की गौशाला के अंदर घुसकर गाय को निवाला बना दिया। गुलदार गाय को मारकर खेतों में ले गया। उदयपुरी बंदोबस्ती के किसान और खनन कारोबारी मनमोहन चौधरी ने लावारिस पशुओं के लिए एक गौशाला बनाई है। जिसकी देखभाल वह स्वयं करते हैं। सुबह जब वह चारा देने के लिए गौशाला पहुंचे तो वहां मरी गाय और गुलदार के पंजे देखकर उनके रोंगटे खड़े हो गए। घटना की सूचना वन विभाग को दी गई। क्षेत्र में गुलदार और जंगली हाथी की दस्तक से दहशत व्याप्त है। सामाजिक कार्यकर्ता सतनाम सिंह, दीवान कटारिया, पूरन शर्मा, दीपक पाल ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त तेज करने की मांग की है।

अमृत विचार (कुमाऊं संस्करण) के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

NABH एवं मान्यता प्रमाणित
तिवारी मैटरनिटी सेंटर एवं नर्सिंग होम
(जयश्री हॉस्पिटल)

हल्द्वानी का एकमात्र सुप्रसिद्ध
ART प्रमाणित IVF सेंटर
अब आई.वी.एफ. (IVF) की मदद से करें
"घर में नन्हीं खुशियों का स्वागत"

अत्याधुनिक उपकरणों के साथ IVF सुविधा
सम्पर्क : 7456823494

स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
डॉ. जयश्री तिवारी
MBBS, MS
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ

जनरल मेडिसिन विभाग
डॉ. मोहन तिवारी
MBBS, MD, (Medicine)
फिजिशियन

जनरल सर्जरी विभाग
डॉ. पी.सी. फुलोरिया
MBBS, MS
जनरल सर्जन

स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
डॉ. गरिमा खन्ना
MBBS, MS
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ

शिशु रोग विभाग
डॉ. प्रदीप पन्त
MBBS, M.D.
नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ

कैंसर रोग विभाग
डॉ. योगेन्द्र सिंह माकुनी
MBBS, MS, DNB,
(Surgical Onocology)
कैंसर एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन

पैथोलॉजी विभाग
डॉ. संजय पन्त
MD, Pathology
पैथोलॉजी

सोनोग्राफी
डॉ. एन.बी. तिवारी

IVF (टैस्ट ट्यूब बेबी) विभाग
डॉ. उषा जोशी
MBBS, DGO, DIP

उपलब्ध सुविधाएं
• नॉर्मल डिलिवरी / सिजेरियन डिलिवरी
• इंफर्टिलिटी ट्रीटमेन्ट • कॉलपोस्कोपी
• हिस्टोस्कोपी • आई.यु.आई. • मधुमेह
• हाईपरटेंशन
• लैप्रोस्कोपिक व जनरल सर्जरी
• एन.आई.सी.यू., आई.सी.यू.
• इम्यूनाइजेशन (टीकाकरण)
• एम्बुलेंस व एमर्जेन्सी सर्विस
• मॉड्यूलर ओ.टी. • डीलक्स रूम
• अल्ट्रासाउण्ड एण्ड एक्स-रे

निकट मुखानी चौराहा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी (नैनीताल)
Mob.: 7060067823, 05946-264555

अमृत विचार (कुमाऊं संस्करण) के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

Multi Speciality
NEELKANTH HOSPITAL
ई.एस.आई. एवं हेल्थ इंश्योरेंस (TPA) कार्ड द्वारा कैशलेस उपचार की सुविधा

आयुष्मान / गोल्डन कार्ड धारकों के लिये निःशुल्क एंजियोप्लास्टी (छल्ला/स्टेंट) लगाने की सुविधा, सभी प्रकार के लैप्रोस्कोपिक सर्जरी जैसे पथरी का ऑपरेशन, बच्चेदानी का ऑपरेशन, हार्निया आदि की सर्जरी एवं 24 घंटे NICU सुविधा with Ventilators उपलब्ध है।

छाती रोग / ICU विभाग
डॉ. गौरव सिंघल MD Respiratory Medicine



सुविधाएं
कम्प्यूटर द्वारा फेफड़ों की जाँच (P.F.T., D.L.C.O.) दूरबीन विधि से फेफड़ों की अंदरुनी जाँचें (BRONCHOSCOPY) स्लीप स्टेडी आदि
● लम्बे समय से खांसी व बुखार से परेशान हैं?
● सांस फूलने की समस्या रहती है।
● टी.बी. की समस्या रहती है।
● चलने में थकान महसूस करते हैं।
● नींद में खर्राटे भरने की समस्या है।

हृदय रोग विभाग
डॉ. सौरभ शर्मा
(Intraventional Cardiologist) M.B.B.S., M.D. Medicine (BHU)
DM Cardiology (Kanpur) Ex Asst. Prof. MLB Medical College Jhansi
24 घंटे हार्ट अटैक मरीजों व अतिगंभीर मरीजों के लिए ICU की सुविधा
24 घंटे हृदय रोग विशेषज्ञ एंजियोग्राफी/ हार्ट स्टैंट/ पेसमेकर की सुविधा

हृदय रोग के लक्षण
☞ छाती में दर्द होना
☞ घबराहट होना
☞ उच्च रक्तचाप (हाई ब्लड प्रेशर) होना
☞ बहुत जल्दी थकना व सांस फूलना
☞ डायबिटीज (शुगर)
☞ हाई कोलेस्ट्रोल

उपलब्ध उपचार एवं जाँचें
☞ ईको-कार्डियोग्राफी
☞ एन्जियोग्राफी (Angiography)
☞ छल्ला प्रत्यारोपण (Angioplasty)
☞ पेस मेकर / I.C.D.(हृदय गति का कम होना/हृदय गति का तेज होने का उपचार)
☞ BMV सिकुड़े वाल्व का उपचार
☞ Device Closure - ASD/VSD/PDA

हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग
डॉ. नवनीत अधिकारी अस्थि रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ MBBS, DNB (Ortho), MNAMS, FIJR

सुविधाएं
• घुटने व कूल्हे के जोड़ का प्रत्यारोपण (TKR & THR), हड्डी एवं जोड़ों से संबंधित समस्त रोगों का इलाज
• जन्मजात या चोटों के उपरान्त उत्पन्न हुई विकृतियों का इलाज

न्यूरो सर्जरी विभाग
डॉ. दीपक पवार M.B.B.S., M.S., M.C.H. (Neuro Surgeon) Brain & Spine Surgeon



सुविधाएं
• माइक्रोस्कोप द्वारा न्यूरो की जटिल ऑपरेशन की सम्पूर्ण सुविधा
• ब्रेन ट्यूमर • सायटिका
• रीढ़ की हड्डी एवं नसों का उपचार
• सिर व रीढ़ की चोट
• सिर दर्द • कमर दर्द
• हाथ व पैरों में नसों का दर्द
• शियाटिका • सुन्नपन
• झनझनाहट का सम्पूर्ण इलाज
• रीढ़ की हड्डी का छोटे छेद से ऑपरेशन
• ब्रेन हैमरेज • स्ट्रोक
• फालिस पड़ना (लकवा) • मिर्गी के दौरे
• चक्कर आना • बेहोशी आना
• सभी प्रकार के सिर दर्द
• माईग्रेन-चेहरे का दर्द
• दिमागी बुखार सभी प्रकार के सिर दर्द व दिमाग की टी.बी. का इलाज

लैप्रोस्कोपिक सर्जरी विभाग
डॉ. अपूर्वा गुप्ता M.B.B.S., M.S., F.I.A.G.E.S. Consultant Laparoscopic and Gastro Surgeon

सुविधाएं
• दूरबीन द्वारा पथरी हार्निया एपेन्डिक्स बच्चेदानी, गांठ का आपरेशन
• गाल ब्लैडर पथरी की सिंगल होल सर्जरी (SILC)
• गाल ब्लैडर का कैंसर, पित्त की नली की पथरी का इलाज
• पैनक्रियाज के ट्यूमर एवं समस्त रोगों का इलाज
• लीवर ट्रॉमा का इलाज
• बड़ी आँत के कैंसर एवं रैक्टम के समस्त रोगों का इलाज
• पेट के अल्सर एवं पेट और आंत की टी.बी. का इलाज
• पीलिया, पाइल्स, फिस्तुल्ला का इलाज

स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
बच्चेदानी एवं अंडाशय के सभी आपरेशन दूरबीन द्वारा
डॉ. निशा जोशी
MBBS, MS Obg, FMAS (Fellow Minimal Invasive Surgery)
Infertility Specialist and Laparoscopic Surgeon
• दर्द रहित नॉर्मल डिलीवरी की सुविधा उपलब्ध है।
• बच्चेदानी एवं अंडाशय के सभी ऑपरेशन दूरबीन विधि द्वारा

नवजात शिशु एवं बाल रोग विभाग
डॉ. अक्षय गोलवलकर M.B.B.S., M.D., (Pediatrics)

सुविधाएं
• Adolescent Clinic
• Latest टीकाकरण (Vaccination) American Association of Pediatries Recommendation
• दिमागी रोग : मिर्गी के दौरे, दिमागी कमजोरी, पक्षपात आदि
• नवजात बच्चों के पीलिया का इलाज
• सांस और छाती के रोग : अस्थमा, पुराना निमोनिया
• पेट और जिगर के सभी रोग
• दिल के रोग :- दिल के छेद
• मोटापा और वजन न बढ़ाना, कुपोषण
• ताँतवा
• Diabetes और Thyroid रोग
• 24 hours NICU /PICU की सुविधा Ventilator C-PAP/HFNC के साथ

यूरोलॉजी विभाग
• मूत्र संबंधी रोगों का इलाज
• किडनी की पथरी का दूरबीन द्वारा इलाज (PCNL) & (UPSL)
• गदूद (Prostate) का दूरबीन विधि द्वारा इलाज (TURP)
• किडनी, पेशाब की थैली, अण्डकोष एवं लिंग संबंधी कैंसर का इलाज

OTHER FACILITIES
• Pulmonology & Critical Care • Orthopaedic & Joint Replacement
• Neurosurgery • Respiratory Medicine • Gynae & Obs
• C.T. Scan, X-ray & Pathology • 24 hrs Emergency

सुशीला तिवारी हॉस्पिटल के पास, नई आई.टी.आई. रोड, रामपुर रोड, हल्द्वानी
Ph. 05946-254050,7534818001/02

अमृत विचार (कुमाऊं संस्करण) के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

श्री राम हॉस्पिटल
मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
A UNIT OF 'A THREE HEALTH CARE'

गैस्ट्रोइन्ट्रोलॉजी एवं मेडिसिन विभाग
डॉ. अमरपाल सिंह आनन्द
MD, Fellow Gastroentrology
Ex AIIMS, New Delhi

बाल एवं नवजात शिशु रोग विभाग
डॉ. रवि अदलखा
MBBS, MD. Fellowship Pediatric Intensive Care
Ex. Registrar Apollo Delhi
Ex. Sr. Resident PGI Lucknow

जनरल लैप्रोस्कोपिक पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग
डॉ. दीपक अग्रवाल
MBBS, MS (Gen. Surgery)
MCH (Ped. Surgery)

स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
डॉ. कृष्णा शाह

भीड़ से बचने के लिए पूर्व अपाइंटमेंट लें : 8755904991
ओपीडी समय : प्रातः 11:00 से 03:00 बजे तक एवं सायं 6:30 से 7:30 बजे तक (सोमवार से शनिवार)

पैथोलॉजी विभाग
डॉ. वन्दना गुप्ता
M.D. (Pathology)

FACILITIES
CASHLESS TPA FACILITY
STAR HEALTH, ADITYA BIRLA, MAX/NIVA BUPA, BAJAJ ALLIANZ, SBI GIC, SAFEWAY, IFFCO TOKIO, CARE HEALTH, HERITAGE HEALTH, GENISIS INDIA, FHPL, UNITED HEALTH, EAST WEST ASSIST, MANIPAL CIGNA, UNIVERSAL SOMPO, TATA AIG, HEALTH INDIA
Now HDFC Ergo General Insurance Company is empanelled with Shri Ram Hospital
Endoscopy, E.R.C.P., E.C.G., Digital X-Ray, Modern Operation Theatre, Pathology Lab, AGB, I.C.U., NICU, General & Private Wards

सिविल लाइन्स, तिकोनिया, नैनीताल रोड, हल्द्वानी।
फोन : 08755904991, 05946-224422, 282751

अमृत विचार (कुमाऊं संस्करण) के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

ॐ KAMLA MEMORIAL 卐
WISDOM
SENIOR SECONDARY SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE BOARD, NEW DELHI

Our Facilities
● Excellent and Complete Teaching Faculty.
● Exphasis on Developing Excellent Communication skills and spoken English.
● Curriculum activities to include, music dance etc.
● Develop good habits like to pay respect to their elders.
● Regular Parents-Teachers Meeting.

R.S. POKHARIYA
M.D.

Chandni Chouk, Ghurdaura (Gorakhipur),
P.O. Devalchaur, Rampur Road, Haldwani (Nainital)
Mob. 9837669364
E-mail ID : wisdompublicschool1926@gmail.com

सार-संक्षेप

डॉ. श्वेता को मिला उत्तराखंड विज्ञान शिक्षा प्रसार सम्मान

हल्द्वानी : उत्तराखंड विज्ञान शिक्षा एवं प्रसार केंद्र (यूसर्क) की ओर से देहरादून में आयोजित चतुर्थ उत्तराखंड विज्ञान शिक्षा प्रसार सम्मान में कोटाबाग के राजकीय जूनियर हाईस्कूल विजयपुर की विज्ञान अध्यापिका डॉ. श्वेता मजगांई को विज्ञान शिक्षा में नवाचार के लिए उत्तराखंड विज्ञान शिक्षा प्रसार सम्मान दिया गया। कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल और महानिदेशक विद्यालय शिक्षा झरना कमठान ने उन्हें सम्मानित किया। डॉ. श्वेता नवाचार की श्रेणी में उत्तराखंड विज्ञान शिक्षा प्रसार सम्मान पाने वाली एकमात्र शिक्षिका हैं। उन्हें यह पुरस्कार नवाचार के क्षेत्र में लर्निंग बाय डूइंग, जीरो इन्वेस्टमेंट शिक्षण, प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण और छात्र-छात्राओं के भीतर वैज्ञानिक अभिवृत्ति का विकास करने के लिए दिया गया।

सेवा भारती ने लगाये निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

हल्द्वानी : सेवा भारती उत्तराखंड की ओर से शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर स्वास्थ्य शिविर लगाये गये। जिनमें एक हजार से ज्यादा मरीजों की जांच की गई। शिविरों में डॉ. नीलांबर भट्ट, डॉ. डीसी पंत, डॉ. पंकज गुप्ता, डॉ. प्रदीप पांडे, डॉ. मनोज कुमार जोशी, डॉ. एनके मेहता, डॉ. धीरेंद्र बनकोटी, डॉ. कौशल अरोरा, डॉ. उषा भट्ट, डॉ. योगेश नागेंद्र, डॉ. पीसी फुलेरिया, डॉ. केसी शर्मा आदि ने मरीजों को देखा। साथ ही मधुमेह और बीपी की जांच निशुल्क की गई। सेवा भारती की ओर से डहरिया, नारायण नगर, दमुवाढूंगा, शीशमहल, देवलचौड़, राजपुरा आदि स्थानों में कैंप लगाये गये। क्षेत्रीय सेवा प्रमुख धनीराम ने शिविरों का निरीक्षण किया। सेवा कार्य में मनीष नौटियाल, चंद्रेश, दिनेश सनवाल, हेमंत पंत, रोहित रावत, देवीदयाल उपाध्याय, पनराम, आनंद सिंह मेर का सहयोग रहा।

ई-चालक संगठन के नवनिर्वाचित पदाधिकारी। ● अमृत विचार

ई-चालक देवभूमि संगठन का हुआ गठन

हल्द्वानी : सामाजिक कार्यकर्ता उमेश बिनवाल के नेतृत्व में रविवार को ई-चालक देवभूमि संगठन हल्द्वानी का गठन किया गया। बिनवाल ने कहा कि ई-रिक्शा चालकों की परेशानी को प्रशासन तक पहुंचाने और अन्य समस्याओं के समाधान के लिए संगठन का गठन किया गया है। इसमें सर्वसम्मति से पूरन चंद्र बिनवाल अध्यक्ष, निजाम मिकरानी उपाध्यक्ष, हरीश रावत सचिव, नीरज बिनवाल व संतोष सिंह उपसचिव चुने गये। वहीं अतुल कुमार, राकेश कुमार कार्यकारिणी सदस्य चुने गए। उर्वशी बोरा को संरक्षक नियुक्त किया गया। इस दौरान देवदत्त बिनवाल, पीतांबर बिनवाल, भाष्कर नौटियाल, प्रकाश जोशी, हरीश पांडे, पानदेव सती, मनीष नाथ, हरीश भट्ट, कंचन जोशी, रवि राणा, गणेश राम आदि मौजूद रहे।

साथी संगठन ने चलाया स्वच्छता अभियान

हल्द्वानी : साथी संगठन ने रविवार को दमुवाढूंगा स्थित मल्ला प्लाट शिव मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। संगठन के सदस्यों ने मंदिर परिसर में फैली झाड़ियों को साफ किया। वहीं क्षेत्रीय अध्यक्षा बसंती जौहारी ने फल बांटे। इस दौरान अगले रविवार को ठंडी सड़क स्थित झंडा पार्क में व्यायाम, योग, प्राणायाम और अनुलोम-बिलोम के अभ्यास को लेकर सहमति बनी। इस दौरान रमा रौतेला, आनन्द सिंह ठठोला, मोहन सिंह महरा, मंगत राम गुप्ता, लक्ष्मण सिंह गौनिया, मुकेश कश्यप, कुशम कश्यप, आनन्द सिंह रावत, सुरेंद्र सिंह बिष्ट, राजेन्द्र सिंह बोरा मौजूद रहे।

सेवा का अधिकार के तहत प्रकोष्ठ गठित

हल्द्वानी : एमबीपीजी कॉलेज में उत्तराखंड सेवा का अधिकार आयोग के आदेश पर डॉ. एसके श्रीवास्तव को परिसर नोडल अधिकारी, डॉ. नवल किशोर लोहनी और नवीन शर्मा को सदस्य बनाया गया है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एनएस बनकोटी ने आदेश जारी कर प्रकोष्ठ गठित किया है। साथ ही डॉ. एसके श्रीवास्तव को कॉलेज के लोक सूचना अधिकारी की जिम्मेदारी दी है।

गरजी मातृशक्ति, जुलूस निकाला

रामनगर में किया धरना-प्रदर्शन, महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर जताया आक्रोश

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : महिलाओं के अश्लील चित्रण व (पोर्न) फिल्मों पर सख्ती से रोक लगाने, सुरक्षा बलों, प्रशासन, न्यायपालिका व समाज को महिलाओं के प्रति संवेदनशील बनाये जाने की मांग को लेकर रविवार को सैकड़ों की संख्या में महिलाएं चौका-चूल्हा छोड़कर न केवल सड़कों पर गरजीं, बल्कि महिला एकता मंच के बैनर तले लखनपुर चौक पर धरना-प्रदर्शन कर पुरानी तहसील तक जुलूस निकालकर अपनी एकजुटता का एहसास भी कराया। जुलूस के दौरान महिलाओं ने 'निकलो बाहर मकानों से जंग लड़ो हैवानों से' के नारे लगाये।

रामनगर के लखनपुर चौक पर धरना देती महिलाएं। ● अमृत विचार

लखनपुर चौक हुई जनसभा को संबोधित करते हुए दिल्ली निवासी सीमा सैनी ने कहा कि आज महिलाएं देश में स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। वर्ष 2012 में महिलाओं के साथ अपराधों को रोकने के लिए सख्त कानून बनाए गये, परन्तु इससे अपराध कम नहीं हुए। भाजपा ने महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों को भी हिंदू मुसलमान बना दिया है। ऊषा पटवाल ने कहा कि पितृसत्ता ने महिलाओं को पैदा होने के साथ पिता और भाई के आधीन तथा विवाह होने पर पति और वृद्ध होने पर पुत्र के अधीन बनाकर रख दिया है। पारिवारिक संपत्ति में भी महिलाओं को बराबरी का अधिकार नहीं दिया जाता है। कार्य स्थलों पर भी महिलाओं को पुरुषों के मुकाबले कम वेतन और कम सुविधाएं दी जाती है।

महिला एकता मंच की संयोजक ललिता रावत ने कहा कि कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका में भी महिलाओं के प्रति भेदभाव पूर्ण दृष्टिकोण है। पिछले दिनों कर्नाटक हाईकोर्ट के जज ने महिला वकील से अभद्र टिप्पणी करते हुए कहा कि आप तो विपक्षी के अंडरगारमेंट्स का कलर भी जानती होंगी। उन्होंने कहा कि बलात्कार के 72 प्रतिशत आरोपी न्यायालय द्वारा छोड़ दिए जाते हैं। देश में हर तीसरी महिला घरेलू हिंसा का शिकार है। अपनी सुरक्षा के लिए महिलाओं को स्वयं आगे आने की जरूरत है। जनसभा को पुष्पा चन्दोला, पारुल शर्मा, भगवती, माया नेगी, मंजू, महक, रेनू, विनीता, समाजवादी लोक मंच के मुनीष कुमार, किसान संघर्ष समिति के ललित उप्रेती, जगमोहन रावत आदि ने भी संबोधित किया। इस दौरान राज्य आंदोलनकारी सुमित्रा बिष्ट, गुड्डी देवी, विमला देवी, शाहिस्ता, दुर्गा, सीमा, नीमा, शांति, गीता, कौशल्या, सरस्वती जोशी, मधू देवी, महिला मंगल दल की अध्यक्ष पुष्पा आर्य, मनमोहन अग्रवाल केसर राणा, मदन मेहता, किशन शर्मा, सूरज सिंह समेत सैकड़ों महिलाएं मौजूद रहीं।

मानदेय नहीं बढ़ाया तो आशाएं करेंगी आंदोलन

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : एक्टू से संबद्ध उत्तराखंड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन के नगर सम्मेलन में कार्यकारिणी का चुनाव हुआ। साथ ही आशाओं के मानदेय को बढ़ाने की मांग की गई।

एक्टू के प्रदेश महामंत्री केके बोरा ने कहा कि सरकार आशा जैसी महिला कामगारों का शोषण कर रही है। उत्तराखंड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष कमला कुंजवाल ने कहा कि आशाओं के आंदोलन के बाद सरकार ने 11, 500 रुपये मानदेय करने का शासनादेश जारी करने का वायदा किया था, लेकिन तीन साल से अधिक बीत जाने के बाद भी सरकार ने वादे पर अमल नहीं किया है। डॉ. कैलाश पांडे ने कहा कि आशाओं को पुनः आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। इस दौरान आशा संगठन की नगर कार्यकारिणी का चुनाव हुआ। जिसमें रिंकी जोशी नगर अध्यक्ष, प्रीति रावत उपाध्यक्ष, रीना बाला सचिव, गीता पांडे सह सचिव, सरोज रावत कोषाध्यक्ष, रमा भट्ट प्रचार सचिव, रेखा चौधरी संगठन सचिव, कार्यकारणी सदस्यों में सायमा सिद्धकी, पूनम नेगी, जानकी जोशी, नीमा शर्मा चुनी गईं। इस दौरान रेखा पलड़िया, मंजू आर्य, भागीरथी, किरन पलड़िया, शोभा गोस्वामी, हंसी फुलारा, नसरीन खातून, रेनू, सुनीता, प्रियंका, विमला, अनीता, प्रेमा, भगवती, निर्मला, छाया मौजूद रहीं।

आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन के नवमनोनीत पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संगठनों ने की एबीवीपी की आलोचना, पुतला फूंका

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : एमबीपीजी कॉलेज में भगत सिंह के जन्मदिन पर किए जा रहे कार्यक्रम के दौरान हुए बवाल को लेकर रविवार को कई संगठनों ने एबीवीपी की आलोचना की।

भाकपा माले के जिला सचिव कैलाश पांडे ने जारी बयान में कहा कि भगत सिंह के जन्मदिन पर इस तरह का हमला और तोड़फोड़ बताता है कि भगत सिंह के विचार एबीवीपी को कितने नागवार हैं। भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष नफीस अहमद खान ने कहा कि एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने पछासं कार्यकर्ताओं को भगत सिंह की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित करने से न सिर्फ रोका, बल्कि उनके साथ मारपीट भी की। इन्होंने एक पत्रकार के साथ भी मारपीट की। इधर, इंकलाबी मजदूर केन्द्र, प्रगतिशील महिला एकता केन्द्र व प्रगतिशील भोजनमाता संगठन ने लालकुआं में एबीवीपी कार्यकताओं का पुतला दहन किया। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। इस दौरान महेश, पंकज, पुष्पा, विमला, बसन्त, मनोज, बाबुलाल, बिन्दु, शीला, मुन्नालाल आदि शामिल रहे।

उधर, रामनगर में परिवर्तनकामी छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं ने लखनपुर चौक पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) का पुतला फूंका। पुतला फूंकने वालों में रोहित रुहेला, भुवन आर्य, कमल वर्मा, विनोद, प्रीति, अंकिता, हिमानी, तुलसी शामिल थे।

भोजनमाताओं ने निकाली प्रदर्शन रैली

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : प्रगतिशील भोजनमाता संगठन के बैनर तले भोजनमाताओं ने रविवार को नगर में प्रदर्शन रैली निकाली। उन्होंने लंबित मांगों के अभी तक पूरा नहीं होने पर सरकार के खिलाफ जमकर नारे लगाये।

बुद्ध पार्क में हुई विरोध सभा में भोजनमाताओं ने कहा कि सरकार ने चुनाव से पहले और बाद में उज्जवला गैस योजना के सफल होने के बड़े-बड़े पोस्टर शहरों में लगाये, लेकिन अभी तक स्कूलों में गैस चूल्हे की व्यवस्था तक नहीं की गई। इससे भोजनमाताओं के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। रामनगर से पहुंची शारदा ने कहा कि स्कूल में बच्चे कम होने की स्थिति में भोजनमाता को काम से निकाल दिया जाता है। वहीं कुशल मजदूर के लिए घोषित न्यूनतम वेतन दिया जा रहा है।

हल्द्वानी बुद्ध पार्क में मांगों को लेकर प्रदर्शन करतीं भोजनमाताएं। ● अमृत विचार

नैनीताल की तुलसी ने कहा कि शिक्षा मंत्री को समस्याओं से संबंधित ज्ञापन दिया गया, लेकिन विधानसभा सत्र के दौरान उन्होंने भी समस्याओं को नजरअंदाज कर दिया। प्रदेश में भोजनमाताओं का शोषण हो रहा है। रैली समापन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि सोमवार को भोजनमाताएं एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री और राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित करेंगी। इस दौरान शारदा, तुलसी, चंपा, पुष्पा जलाल, बंसती, सरस्वती, पुष्पा कुड़ई, हेमा तिवारी, बिंदु गुप्ता, गीता, मंजु, मुन्नी, रेखा शांति, समन, आरती, साहिस्ता, रजनी जोशी, उमा, नीमा, सुषमा, बबीता मौजूद रहीं।

स्व. आनंदी देवी शिक्षा एवं साहित्य रत्न से सम्मानित हुईं 11 विभूतियां

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : दून कॉन्वेंट स्कूल एवं हरफनमौला साहित्यिक संस्था के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को स्व. आनंदी देवी शिक्षा एवं साहित्य रत्न सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षा और साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 11 विभूतियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में सम्मानित हुए लोग। ● अमृत विचार

बरेली रोड स्थित दून कॉन्वेंट स्कूल में आयोजित समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रोफेसर नरेंद्र सिजवाली, समाजसेवी नित्यानंद जोशी, स्कूल के डायरेक्टर पल्लव शाह, प्रधानाचार्य कृष्णा जोशी ने किया। कार्यक्रम में केपी सिंह विकल पंतनगर, किशोर मनी दिनेशपुर, लीला खोलिया हल्द्वानी, मंजू सिजवाली महारा हल्द्वानी को साहित्य रत्न सम्मान, प्रमोद जोशी चिल्ड्रंस एकेडमी हल्दूचौड़, नीलम जोशी इम्पीरियम स्कूल गौलापार, निहारिका जोशी दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल, गौरवी पांडे ईपीएस हल्द्वानी, लक्ष्मी नैनवाल दून कॉन्वेंट को साहित्य रत्न सम्मान दिया गया। पीसीएस की परीक्षा में थर्ड रैंक लाने वाले पंकज भट्ट को प्रतिभा सम्मान से विभूषित किया गया। कवि सम्मेलन में हास्य कवि वेद प्रकाश अंकुर, पूरन भट्ट, हर्षित जोशी, कमल सिंह, गर्वित जोशी, करन आर्या, ललिता परगाई, वंदना शर्मा, ललित भट्ट ने कविता पाठ किया। संचालन हास्य कवि गौरव त्रिपाठीने किया।

रामलीला मैदान में गणेश पूजन करते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

गणेश पूजन के साथ रामलीला का आगाज

हल्द्वानी, अमृत विचार : रामलीला मैदान में शहर की सबसे पुरानी रामलीला का रविवार को गणेश पूजन के साथ आगाज हो गया। व्यास पंडित पुष्कर दत्त ने मंत्रोच्चार के साथ गणपति पूजन कराया। समिति के सदस्य और नगर के तमाम लोग हवन-पूजन में शामिल रहे। प्रथम दिवस के मंचन में मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट और संचालन समिति के संरक्षक नगर मजिस्ट्रेट एपी वाजपई ने आयोजन की सराहना की। इससे पूर्व मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया। उन्होंने रामलीला कमेटी और प्राचीन शिव मंदिर समिति को रामलीला मंचन की शुभकामनाएं दीं। संचालन समिति के सदस्य अमित जोशी ने बताया कि सोमवार को दिन की लीला में नारद मोह का मंचन किया जाएगा। रविवार की लीला में गणेश के पात्र में तनुज गुप्ता रहे। इस मौके पर वेद प्रकाश अग्रवाल, स्वर्ण लाल सदाना, विवेक कश्यप, मनोज गुप्ता, भवानी शंकर नीरज, बसंत अग्रवाल, विनीत अग्रवाल, अमित जोशी, तरुण बंसल, हरिमोहन अरोरा, लाला जायसवाल, तनिष्क ढींगरा, दीपक अग्रवाल, रजत गर्ग, देवेश अग्रवाल, आनंद दरम्वाल, दीपा जायसवाल, शम्मी भाई, मनोज भट्ट, प्रेम बेलवाल, भुवन जोशी, पंडित गणेश जोशी आदि रहे।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोग सम्मानित

रामनगर, अमृत विचार : सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में शिक्षा, खेलों, नृत्य, पहाड़ी व्यंजनों व ऐपड़ कला में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों व बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान पर्वतीय व्यंजन मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे।

पर्वतीय सभा लखनपुर में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों, बालिकाओं व महिलाओं को समाज में अच्छे कार्यों का सन्देश देने और लोगों को अपनी संस्कृति के प्रति जागरूक करने की अपील की गई। कार्यक्रम में विधायक दीवान सिंह बिष्ट, नगर मंडल अध्यक्ष मदन जोशी, सेवा पखवाड़ा संयोजक आशा बिष्ट, नीकिता पांडेय, संजय डोर्बी, संजय बिष्ट, नीधि मेहरा, भावना भट्ट, भूपेंद्र खाती, नीमा मठपाल, संजय डोर्बी मौजूद रहे।

नीट-जेईई के अलावा भी सैकड़ों विकल्प

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : डॉन बॉस्को गर्ल्स पब्लिक स्कूल दोगांव में 'तारों से आगे जहां और भी हैं' विषय पर आयोजित कार्यशाला में विभिन्न प्रान्तों से आये गणमान्य जनों ने विचार व्यक्त किए। कहा कि 12वीं के बाद ही कोचिंग दी जानी चाहिए। नीट व जेईई से आगे सैकड़ों विकल्प हैं, जो बच्चों के भविष्य को बेहतर संवार सकते हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते चेयरमैन जेके चड्ढा। ● अमृत विचार

वर्तमान में अभिभावकों का बच्चों को डॉक्टर व इंजीनियर बनाना सपना हो गया है। इसके लिए 10वीं के बाद कोचिंग की परंपरा शुरू हो गई है। जिसके चलते कुछ हद तक सार्थक नतीजे तो सामने नजर आते हैं, लेकिन मौत के रूप में असफल बच्चों के दुष्परिणाम बहुत कुछ सोचने के लिए मजबूर करते हैं। इसी सोच को लेकर यह कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में उत्तराखंड समेत उत्तर प्रदेश, दिल्ली एनसीआर व कई अन्य प्रदेशों से लोग पहुंचे और स्कूली शिक्षा के साथ कोचिंग को लेकर विचार रखे गए।

चेयरमैन जेके चड्ढा ने कहा कि बच्चों का भविष्य संवारना हमारी जिम्मेदारी है और लंबे समय से अपना दायित्व निभाते आ रहे हैं। मगर इस बीच विद्यार्थी को दसवीं के बाद कोचिंग का अतिरिक्त भार तर्कसंगत नहीं लगता है। इसके दुष्परिणाम मन मस्तिष्क को झकझोरते हैं। अभिभावकों को इस दिशा में सोचना चाहिए और गंभीरता के साथ बच्चों को दिशा देनी चाहिए। ताकि बच्चे का भविष्य सुरक्षित व संरक्षित रहे। वाइस चेयरमैन नितिन चड्ढा ने कहा कि बेहतर भविष्य प्रत्येक माता-पिता व बच्चे का सपना होता है। मगर भविष्य के प्रति ज्ञान के अभाव में उचित कदम नहीं उठा पाते। वर्तमान में भारत जैसे बड़ी आबादी वाले देश में बाजार में ट्रेडिंग अथवा अनेकों राह हैं। जिनपर चलकर बच्चे का बेहतर भविष्य बनाया जा सकता है। लखनऊ की अंजना, अनिल कुमार, गोंडा के दिनेश कुमार मिश्रा व गिरीश शुक्ला, प्रशांत मिश्रा, प्रमोद शर्मा, भूमिका शर्मा, अभय सिंह, निर्मल सिंह समेत कई अन्य लोगों ने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन मोहिनी चड्ढा ने किया। प्रधानाचार्य अरुणा खन्ना ने अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य प्रेमलता चौधरी, प्रधानाचार्य राजिन्दर सांघा, मानसिंह चौधरी व मनवीर सिंह विर्क समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



किसान बाजार का जल्द बनाकर दें नक्शा: डब्बू

रामनगर में मंडी समिति का निरीक्षण करते अनिल कपूर डब्बू। ● अमृत विचार

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. अनिल कपूर डब्बू ने रविवार को मंडी समिति रामनगर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अतिक्रमण मुक्त कराई गई भूमि पर मंडी की प्रस्तावित 50 दुकानें किसान बाजार के रूप में बनाने के लिए जल्द दुकानों का नक्शा तैयार करने के निर्देश सहायक अभियंता एके सिंह च मंडी सचिव सहील अहमद को दिये।

उन्होंने कहा कि किसान बाजार की दुकानें स्थानीय लोगों को देकर रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। कहा कि बाजार में पार्किंग का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने बताया कि किसान बाजार रामनगर का सबसे सुंदर बाजार होगा, जिसमें सभी सुविधाएं होंगी। डब्बू ने बताया कि मंडी में स्वयंवित योजना के अंतर्गत शीघ्र ही 25 दुकानों का भी निर्माण किया जाना है। मंडी के अंदर सड़क और टाइल्स का काम किया जा चुका है। इसके अलावा अवशेष सड़कों का भी शीघ्र निर्माण किया जाएगा। एक हाईटेक कैंटीन का भी निर्माण होगा।

इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष विपिन कांडपाल ने व्यापारियों की विभिन्न समस्या से अवगत कराते हुए उनके निदान की मांग की। इस दौरान सहायक लेखा अधिकारी पूरन सिंह सैनी, मंडी सहायक सुरेंद्र सिंह, दीपक पाठक, सुनील कुमार, रोहित अधिकारी, दीपा मंडल, आंचल कुमारी, सोहनलाल, हरीश बेलवाल मौजूद रहे।

विश्व पटल पर शांति की जरूरत

लालकुआं, अमृत विचार : अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस के अवसर पर शांति दूत प्रेमपाल रावत के अनुयायियों ने नगर में शांति मार्च का आयोजन किया। इस दौरान विश्व पटल पर सर्वाधिक शांति की आवश्यकता हेतु बल दिया गया। निराश मत बनो, शांति आपके द्वार के संदेश की लिखी हुई तख्तियां हाथों में थामे बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष एकदम शांत चित होकर शांति मार्च में चल हुए। शालीनता के साथ निकाला गया यह शांति मार्च नगर में चर्चा के साथ-साथ सराहना का भी विषय बना रहा। शांति मार्च के बाद राज विद्या केंद्र का काफिला अंबेडकर पार्क में पहुंचा, जहां क्षेत्र वासियों को शांति का संदेश दिया गया। साथ ही उत्तराखंड राज्य के समृद्ध विकास की कामना की गई। इस अवसर पर संयोजक रमेश सिंह कार्की, वरिष्ठ समाज सेवी चंद्रशेखर जोशी, बीएन दुबे, केदार दत्त मिश्रा, काशी नाथ मिश्रा, मोहन चंद्र पांडे, ईमेक पाठक, राम सिंह फर्त्याल, हरीश गंगवार, उषा बिष्ट, शोभा देवी और सरस्वती देवी सहित भारी संख्या में शांति दूत मौजूद रहे।

लालकुआं में शांति मार्च निकालते लोग। ● अमृत विचार

विद्यालय अनुदान में 50 प्रतिशत बजट जारी

हल्द्वानी, अमृत विचार : समग्र शिक्षा के तहत विद्यालय अनुदान में जिले के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के लिए वार्षिक कार्ययोजना में बजट में स्वीकृत धनराशि का 50 प्रतिशत अवमुक्त किया गया है।

इसके तहत स्कूलों को छात्र संख्या के आधार पर धनराशि दी गई है। जिसमें 30 से कम छात्रसंख्या वाले स्कूलों को 10 हजार, 30 से 100 छात्रसंख्या वाले स्कूलों को 25 हजार, 100 से 250 छात्र संख्या वाले स्कूलों को 50 हजार, 250 से 1 हजार छात्र संख्या वाले स्कूलों को 75 हजार और 1 हजार से अधिक छात्र संख्या वाले स्कूलों को 1 लाख की धनराशि आवंटित की गई है। सीईओ पुष्कर लाल टम्टा ने जिले के समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को धनराशि को खर्च करने के निर्देश दिए हैं।

संयुक्त सचिव ने किया निरीक्षण

भीमताल, अमृत विचार : मत्स्य पालन, पशु पालन एवं डेयरी मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त सचिव सागर मेहरा ने भीमताल में मत्स्य विभाग के हेचरी में उत्पादन किए जा रहे फिंगरलिंग का निरीक्षण किया। इस दौरान संयुक्त सचिव ने मछली पालन को बढ़ावा देने एवं मछली पालकों की समस्याओं को दूर करने के लिए मछली पालकों से चर्चा की। संयुक्त सचिव ने नौकुचियाताल में मछली पालक हेम चंद्र के तालाब का निरीक्षण भी किया। इस दौरान जिला मत्स्य प्रभारी डॉ. विशाल दत्ता, मत्स्य निरीक्षक डॉ. बिपिन विश्वकर्मा मौजूद रहे। अतिथियों में पूर्व पालिकाध्यक्ष रेनू अधिकारी, हृदयेश कुमार आदि थे।

श्री बद्री केदार टीम ने जीती प्रतियोगिता

हल्द्वानी, अमृत विचार : गुरुकुल स्कूल कमलुवागांजा में चतुर्थ बद्री केदार वॉलीबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया। फाइनल मुकाबला श्री बद्री केदार और देवभूमि प्रॉपर्टीज के बीच हुआ। दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। श्री बद्री केदार की टीम विजयी रही। मुख्य अतिथियों ने विजेता और उप विजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया। पूर्व दर्जा मंत्री ललित जोशी ने कहा कि खेलों से युवाओं का विकास होता है। आज के दौर में युवाओं को पढ़ाई के साथ ही खेलों में भी हिस्सा लेना चाहिए। आयोजक मंडल में नवल जोशी, गौरव भट्ट, विजय भाई, मुकुल अग्रवाल शामिल थे।

आज से रामलीला शुरू

कालाढूंगी: आदर्श नव युवक श्री रामलीला कमेटी के तत्वावधान में आयोजित होने वाली रामलीला का मंचन आज से शुरू होगा। कमेटी के अध्यक्ष कमल सती ने बताया कि पहले दिन नारद मोह, विभीषण का वर मांगना और रावण द्वारा कैलाश पर्वत उठाना आदि का मंचन होगा।

अमृत विचार (कुमाऊं संस्करण) के
स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
दिलप्रीत सिंह सेठी
अध्यक्ष, काशीपुर मीडिया सेंटर

अमृत विचार (कुमाऊं संस्करण) के
स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
उत्तराखंड पर्यावरण संरक्षण एवं
प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीसीबी)
क्षेत्रीय कार्यालय काशीपुर

अमृत विचार (कुमाऊं संस्करण) के
स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सहील अहमद
मंडी सचिव, रामनगर

अमृत विचार (कुमाऊँ संस्करण) के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
चामुण्डा हॉस्पिटल एवं लैप्रोस्कोपिक सेन्टर
काशीपुर का पहला NABH ACCREDITED अस्पताल

फैकल्टी
डॉ. यशपाल सिंह रावत — एम.बी.बी.एस, एम.एस.एफ.एम.ए.एस. (वरिष्ठ जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन)
डॉ. वी. के. छावड़ा — एम.बी.बी.एस, डी.सी.पी., डी.टी. सी.डी. (पैथोलॉजिस्ट)
डॉ. सुरेन्द्र सिंह तोमर — एम.बी.बी.एस. एम.डी. (एनेस्थीसिया)
डॉ. आर. के. सुन्द्रियाल — एम.बी.बी.एस. एम.एस (ऑर्थो) हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
डॉ. विनय उपाध्याय — एम.बी.बी.एस.. एम.एस. जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. पारितोष जोशी — एम.बी.बी.एस., एम.डी. (पलमोनरी मैडीसन)
डॉ. ईशा रावत — एम.बी.बी.एस., एम.एस. (जनरल सर्जन)
डॉ. सुरभि सिंह — एम.बी.बी.एस. डी.जी.ओ. (एन.बी.ई.) (स्त्री एवं प्रसुति रोग विभाग)

विजिटिंग फैकल्टी
डॉ. मयंक अग्रवाल — एस.सी.एच. (यूरो सर्जन)
डॉ. पी.एम. त्यागी — एमसी.एच. प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जन
डॉ. आर. के. शर्मा — (एम.बी.बी. एस., एम.डी. (मेडिसन)
डॉ. अंजलि अग्रवाल — (एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ.)
डॉ. आयुष खाती — एम.बी.बी.एस., एम.एस., एम.सी.एच.

इ.एम.ओ.
डॉ. निश्चल भट्ट — (एम.बी.बी.एस)
डॉ. हिमांशु शर्मा — (एम.बी.बी.एस)
डॉ. ज़हीन अख्तर — (बी.यू.एम.एस. (अलीगढ़)
डॉ. मो. तोसिफ — बी.यू.एम.एस. (अलीगढ़)
डॉ. रविन्द्र कुमार साहू — (बी.ए.एम.एस.)

वेंटिलेटर सहित आई.सी.यू. की सुविधा
इमरजेन्सी सुविधा 24 घण्टे सातों दिन
24 घण्टे मॉनिटर एवं ऑक्सीजन सहित एम्बुलैन्स की सुविधा

अन्य उपलब्ध सुविधाएं :-
• दूरबीन (लैप्रोस्कोपी) से व चीरे द्वारा पेट के समस्त ऑपरेशन • प्लास्टिक एवं कॉस्मैटिक सर्जरी दूरबीन (इण्डोस्कॉपी) से पेट की जाँच • डिजिटल एक्स-रे, CT SCAN, खून-पेशाब आदि की जाँच • अल्ट्रासाउण्ड, ई०सी०जी०, कॉर्डिएक मॉनि टर, नैबुलाइजर • वेंटिलेटर सहित आई.सी.यू. की सुविधा दूरबीन द्वारा गदूद व गुर्दा व मसाने की पथरी व रसौली का ऑपरेशन (सिस्टोस्कॉपी) T.U.R.P., T.U.R.B.T., U.R.S. C-ARM (Image Intensifier) में देखकर दूरबीन तथा लेजर द्वारा गुर्दो, यूरेटर व मसाने की पथरी का ऑपरेशन C-ARM (Image Intensifier) द्वारा हड्डी की सैटिंग, हड्डी के समस्त ऑपरेशन एवं प्लास्टर की सुविधा • बिना चीरे बच्चेदानी के ऑप्रेशन (N.D.V.H.) गुर्दे की पथरी लेजर किरणों द्वारा तोड़ने की सुविधा (लीथोट्रिप्सी) नाक, कान, गले के समस्त ऑपरेशन DR X-Ray Machine द्वारा HCG, IVP, RUG etc. व X-Ray की विशेष सुविधा। बांझपन का दूरबीन द्वारा जाँच व इलाज। नॉर्मल डिलीवरी, सर्जिकल एवं मैडिकल गर्भपात व डिलीवरी के बड़े ऑपरेशन।

नगदी रहित सुविधाएँ :-
आयुष्मान भारत, आयुष्मान गोल्ड, ई.एस. आई. व भूतपूर्व सैनिकों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं टी.पी.ए. पैरामाउंट, रक्षा, रिलायंस जनरल, एचडीएफसी एर्गो, एमडी इण्डिया आदि।

चामुण्डा हॉस्पिटल द्वारा दिल्ली पैरामेडिकल एंड मैनेजमेंट इंस्टीटयूट की फ्रेंचाइजी के आधार पर पैरामैडिक्ल इंस्टीट्यूट भी चलाया जा रहा है, जिसमें निम्नन कोर्स उपलब्ध हैं :
• डिप्लोमा इन ऑपरेशन थियेटर टैक्ननोलॉजी • डिप्लोमा इन रेडियोलॉजी (एक्सरे) • जी.डी.ए.
• डिप्लोमा इन मैडिकल लैबोरेट्री टैक्ननोलॉजी • डिप्लोमा इन मेडिकल इमरजेंसी टैक्ननीशियन
रामनगर रोड, काशीपुर, दूरभाष : 94111-66999, 97562-61111

अमृत विचार (कुमाऊं संस्करण) के
स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
प्रकाश चंद्र आर्या
डीएफओ
तराई पश्चिमी वनप्रभाग

सार-संक्षेप

अज्ञात वाहन ने गाय को टक्कर मारी

भीमताल : विकास भवन परिसर स्थित एक वाहन ने घास चर रही गाय को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक तेज रफ्तार वाहन चालक टक्कर मारने के बाद फरार हो गया। सामाजिक कार्यकर्ता शुभम नैनवाल ने मामले की जानकारी पशु चिकित्साधिकारी को दी। भीमताल में यातायात व्यवस्था चरमराई हुई है। दिन-रात तेज रफ्तार वाहन चलते हैं। जिसके कारण आये दिन दुघर्टना होती रहती है। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से तेज रफ्तार वाहनों चालकों पर कार्रवाई की मांग की है।

ट्रॉफी के साथ विजेता टीम के खिलाड़ी व अन्य। ● अमृत विचार

मां सूर्या देवी वॉलीबॉल क्लब ने जीती ट्रॉफी

चोरगलिया : दो दिवसीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट में रविवार को दो सेमीफाइनल मैच खेले गये। जिसमें सूर्या देवी वॉलीबॉल क्लब चोरगलिया व महादेव वॉलीबॉल क्लब गौलापार फाइनल में पहुंची। मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। टूर्नामेंट में मां सूर्या देवी चोरगलिया की टीम ने महादेव वॉलीबॉल क्लब को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। साथ ही 6100 रुपये का नगद पुरस्कार भी प्राप्त किया। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट नानू संभल रहे। मुख्य अतिथि ने विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। रेफरी आनंद चौसली व अज्जू बोरा रहे। संचालन दीपक चौसली ने किया। इस अवसर पर भाजपा नेता दीपेंद्र कोश्यारी, गौलापार मंडी अध्यक्ष डॉ. मुकेश बेलवाल, जिला पंचायत सदस्य कमलेश चंदोला, किरन डालाकोटी, चंद्रा बिष्ट, नेत्र सिंह बिष्ट, थानाध्यक्ष राजेश जोशी, ग्राम प्रधान राजू जग्गी, नंदन बोरा, भावना बजेठा, प्रतीक्ष पांडे, अर्पित बोरा, ललित सिंह मेहरा, विनय बजेठा, नवीन जोशी, विनोद बजेठा, मयूर बोरा आदि मौजूद रहे।

पोषण मेले का शुभारंभ करतीं ब्लॉक प्रमुख कमलेश कैड़ा। ● अमृत विचार

पोषण मेले में मोटे अनाज के लाभ बताये

भीमताल : बाल विकास परियोजना ओखलकांडा के तत्वावधान में खनस्यू में पोषण मेले का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख कमलेश कैड़ा ने किया। इस दौरान बाल विकास परियोजना अधिकारी तुलसी बोरा ने लोगों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही मोटे अनाज के लाभ के बारे में बताया। ब्लाक प्रमुख ने कहा कि बाल विकास विभाग ऐसा विभाग है, जिससे लोगों को सीधे लाभ मिलता है। कार्यक्रम में पांच किशोरियों को स्वच्छता किट, 5 अति कुपोषित बच्चों को पोषण किट, 10 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, 32 महिलाओं को मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट वितरण किये गये। संचालन सुनीता ने किया। इस मौके पर रवि गोस्वामी, कमला भंडारी, राजेन्द्र प्रसाद, लीला, हेमा, धनी, भवानी, मनीषा, पुष्पा, हर्षिता, भवानी आदि मौजूद रहे।

एसटीएच में कलर डॉप्लर अल्ट्रासाउंड बंद

मरीज बाहर से करा रहे अल्ट्रासाउंड, एक ही रेडियोलॉजिस्ट होने से बंद हुई सुविधा

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) में कलर डॉप्लर अल्ट्रासाउंड सेवा बंद हो गई है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार अस्पताल में एक ही रेडियोलॉजिस्ट है, जिस वजह से यह सेवा पिछले एक सप्ताह से बंद कर दी गई है।

एसटीएच में कलर डॉप्लर अल्ट्रासाउंड की सेवा शुरू की गई थी। कलर डॉप्लर एक अल्ट्रासाउंड या अल्ट्रासोनोग्राफी टेस्ट का ही एक रूप है, जिसे कलर डॉप्लर के नाम से जाना जाता है। इस टेस्ट की मदद से रक्तप्रवाह की छवि बनाई जाती है, जिसके ऊपर विभिन्न रंगों को सुपरइम्पोज कर रक्त धमनी में रक्त प्रवाह की गति और रक्त की दिशा देखी जाती है। कभी आवश्यक होने पर मरीजों

का कलर डॉपलर अल्ट्रासाउंड कराना पड़ता है। एसटीएच में एक ही रेडियोलॉजिस्ट होने की वजह से पिछले एक सप्ताह से कलर डॉपलर अल्ट्रासाउंड बंद कर दिए गए हैं।

अब केवल सामान्य अल्ट्रासाउंड ही हो रहे हैं। अस्पताल प्रशासन के अनुसार कलर डॉपलर अल्ट्रासाउंड में 30 से 40 मिनट का समय लगता है। रिपोर्ट का गहन अध्ययन करना पड़ता है। एक ही रेडियोलॉजिस्ट होने की वजह से कलर डॉप्लर अल्ट्रासाउंड करने पर सामान्य अल्ट्रासाउंड नहीं हो पाते हैं। हालांकि अब मरीजों को बाहर से कलर डॉप्लर अल्ट्रासाउंड कराना पड़ रहा है। जिसका शुल्क 1000 से 1500 रुपये तक है। प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि एक अन्य रेडियोलॉजिस्ट की व्यवस्था होने पर सुविधा पुनः शुरू कर दी जाएगी।

एसटीएच में तीमारदारों के लिए गेट पास का नियम लागू

हल्द्वानी : एसटीएच में गेट पास का नियम लागू कर दिया गया है। राजकीय मेडिकल कॉलेज में विगत दिनों महिला डॉक्टरों, स्टाफ, महिला तीमारदारों व मरीजों की सुरक्षा को लेकर बैठक हुई थी। जिसमें निर्णय लिया गया था कि अस्पताल के अंदर गैर जरूरी लोगों को आने से रोका जायेगा। जिससे अन्य अपराधों पर भी रोक लगेगी। रविवार से गेट पास का नियम सख्ती के साथ लागू कर दिया गया है। प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि जिनके पास गेट पास नहीं है, उनको बाहर ही रोका जाएगा।

बेस अस्पताल में टैंकर से मंगाया पानी

हल्द्वानी : सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल में इन दिनों पेयजल किल्लत हो रही है। अस्पताल में पानी के टैंकर मंगाने पड़ रहे हैं। रविवार को अस्पताल में जल संस्थान ने तीन टैंकरों से पानी की आपूर्ति की। पीएमएस डॉ. केके पांडे ने बताया कि पानी की उपलब्धता बनाए रखने के लिए टैंकर से पानी मंगाया गया है।

शिक्षक रमेश बिष्ट को मिला विज्ञान शिक्षा प्रसार सम्मान



कार्यक्रम के दौरान सम्मान प्राप्त करते शिक्षक रमेश सिंह बिष्ट। ● अमृत विचार

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : राइंका ढिकुली में कार्यरत भौतिक विज्ञान के प्रवक्ता रमेश सिंह बिष्ट को उत्तराखंड विज्ञान शिक्षा प्रसार सम्मान से नवाजा गया है।

आईडीटीसी परिसर देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें यह पुरस्कार वित्त मंत्री प्रेम चंद्र अग्रवाल, महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा झरना कामठान, प्रो. अनिता रावत निदेशक यूसर्क ने दिया। शिक्षक रमेश को स्वच्छता प्रेरक एवं सामुदायिक सहभागिता के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री हरीश रावत ने भी सम्मानित किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य आसाराम निराला, अध्यापक दिनेश रावत, सीबीएस कन्याल, प्रभात सक्सेना, हेम पांडे, अयूब अंसारी, मोहन सिंह, कुंदन लाल, रुचि आर्या, ललित मोहन छिमवाल, धीरेंद्र छिमवाल ने आदि ने शुभकामनाएं दी हैं।

बीडी पांडे अस्पताल को मिलीं तीन मशीनें

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : बीडी पांडे अस्पताल को पौड़ी की एक संस्था ने याग लेजर और नॉन कांटेक्ट टोनोमीटर की दो मशीनें व हाइड्रोलिक ओटी टेबल भेंट की है। इन मशीनों की मदद से मोतियाबिंद ऑपरेशन के बाद लेंस में झिल्ली आने पर मरीज को हायर सेंटर नहीं जाना पड़ेगा। ऐसे मरीजों को अस्पताल में उपचार मिल पाएगा।

अस्पताल में लगातार सुविधाएं बढ़ने से मरीजों को लाभ मिल रहा है। नई मशीन लगने से मरीजों को अब अन्य अस्पतालों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.दीपिका लोहनी ने बताया कि स्टॉप टेयर के निदेशक प्रमोद बमराड़ा की ओर से अस्पताल को

▸▸ मोतियाबिंद ऑपरेशन के बाद लेंस में झिल्ली आने पर होगा उपचार

एक हाइड्रोलिक ओटी टेबल, एक याग लेजर और एक नॉन कांटेक्ट टोनोमीटर उपलब्ध कराया गया है। तीनों उपकरणों को अस्पताल में स्थापित करवा दिया गया है। याग लेजर कैप्सुलोटॉमी एक गैर-इनवेसिव लेजर प्रक्रिया है जो मोतियाबिंद लेंस प्रतिस्थापन सर्जरी के बाद रोगी की दृष्टि में कभी-कभी आने वाली बाधा को दूर करती है। वहीं नॉन-कॉन्टैक्ट टोनोमीटर एक ऐसा उपकरण है, जिसका इस्तेमाल आंख के सीधे संपर्क के बिना आंख के अंदर दबाव को मापने के लिए किया जाता है। तीनों उपकरण की लागत करीब 13 लाख है।

नहर में गिरने से बाल-बाल बच ट्रक

कालाढूंगी : चकलुवा-देवीपूरा मोटर मार्ग में दुग्ध संघ लालकुआं को शैलेश ले जा रहा ट्रक एथेनॉल प्लांट में सामान ले जा रहे ट्रक से पास लेने के चक्कर में नहर में गिरने से बाल-बाल बच गया।

सूरपुर चकलुवा में बन रहे एथेनॉल प्लांट में भारी भरकम मशीनरी ले जा रहा कैंटर रविवार की सुबह शहीद मोहन सिंह स्मृति द्वार पर खराब हो गया। जिससे वाहनों को पास लेने में परेशानी हुई। शाम को शैलेज लेकर जा रहा ट्रक पास लेने में नहर गिरने से बाल-बाल बचा। दोनों वाहनों के फंसने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम जंतवाल ने कहा विगत ढाई सालों से ग्रामीण प्लांट का विरोध कर रहे हैं। अभी से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इंटर लॉकिंग कार्य की धीमी गति से नाराजगी

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : भीमताल-भवाली मोटर मार्ग स्थित गोरखपुर वार्ड में इन दिनों लोक निर्माण विभाग की ओर से इंटर लॉकिंग टाइल्स लगाने का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य को शुरू हुए कई दिन हो गए है, लेकिन कार्य अभी तक पूरा नहीं हो पाया है।

इंटर लॉकिंग कार्य धीमी गति से होने के कारण स्थानीय लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। क्षेत्रवासियों ने आरोप लगाया है कि इंटर लॉकिंग कार्य में गुणवत्ता युक्त सामग्री का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाये हैं। दिनभर कार्य के कारण लगने वाले जाम से स्थानीय लोगों और पर्यटकों को काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने निर्माण में गुणवत्ता युक्त सामग्री का इस्तेमाल करने तथा कार्य को शीघ्र पूरा करने की मांग उठाई है।

टाइल्स को शीघ्र बिछाना चाहिए। विभाग को टाइल्स की गुणवत्ता के साथ-साथ समय-समय पर पानी का छिड़काव भी करना चाहिए।
– **गुंजन रौतेला**, स्थानीय व्यापारी

कार्य की गुणवत्ता को लेकर शिकायत मिल रही है। विभाग को कार्य की जांच करनी चाहिए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।
– **नीरज कुमार मोनू**, अध्यक्ष यूथ कांग्रेस

पुलिस को चुनौती दे रहे पत्थर तस्कर

गरमपानी : बेतालघाट ब्लॉक के सुदूर ताड़ीखेत व थुआ ब्लॉक क्षेत्र में पत्थर तस्कर पुलिस प्रशासन के लिए चुनौती बन गये हैं। तस्करों की बढ़ती सक्रियता से गांव अंशात हो चुके हैं। सरपंच व गांव के लोगों ने तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई है। कई गांवों को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण लोहाली-रुप सिंह धूरा-ताड़ीखेत मोटर मार्ग पर पत्थर तस्करों का आतंक है। दिन ढलने के साथ ही तस्कर डंपर लेकर मोटर मार्ग पर डेरा डाल दे रहे हैं। खुलेआम तस्करी कर चोरी के पत्थर डंपरों में लाद कर ठिकाने लगाये जा रहे हैं। वन पंचायत सरपंच हेमा आर्या के अनुसार कई बार मना करने के बावजूद तस्कर मनमानी पर आमादा हैं। वन क्षेत्राधिकारी विजय मेलकानी ने कहा कि मामले की जांच करवाई जाएगी। जल्द छापेमारी अभियान चलाया जाएगा।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

उपदेशो हि मूर्खाणां प्रकोपाय न शान्तये।
पय :पानं भुजंगानां केवलं विषवर्द्धनम् ॥

मूर्खों को दिया हुआ उपदेश उनके क्रोध को बढ़ाता ही है शांत नहीं करता। जिस प्रकार सांपों को पिलाया हुआ दूध हमेशा उनका विष ही बढ़ाता है ।

संपादकीय

सुधारों की ओर

मेक इन इंडिया अभियान से देश की अर्थव्यवस्था में ऐतिहासिक बढ़ोतरी हो रही है। भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए इस पहल ने ऐतिहासिक दशक पूरा कर लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर अभियान जनांदोलन बना है। देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का लगातार बढ़ना भी हमारे मेक इन इंडिया की सफलता की गाथा कह रहा है। वास्तव में देश को मैन्युफैक्चरिंग और इनोवेशन का केंद्र बनाना देशवासियों के सामूहिक संकल्प को दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में इस कार्यक्रम ने घरेलू निर्माण को बढ़ावा देने, नवाचार को बढ़ावा देने, कौशल विकास को बढ़ाने और विदेशी निवेश को सुविधाजनक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। रविवार को मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने मेक इन इंडिया अभियान के 10 वर्ष पूरे होने का उल्लेख करते हुए कहा कि अभियान की सफलता में देश के बड़े उद्योगों से लेकर छोटे दुकानदारों तक का योगदान शामिल है। अभियान के तहत अब जिन दो चीजों पर फोकस किया जा रहा है, उसमें पहला गुणवत्ता यानि देश में बनी चीजें वैश्विक मानकों की हों। दूसरा है 'वोकल फॉर लोकल यानी, स्थानीय चीजों को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा मिले। विभिन्न क्षेत्रों पर मेक इन इंडिया पहल के सकारात्मक प्रभाव नजर आते हैं। विश्व बैंक की ईज आफ डूइंग बिजनेस रिपोर्ट में वर्ष 2014 में 142वें स्थान से वर्ष 2019 में 63वें स्थान पर पहुंचने से व्यापार की स्थिति में सुधार के लिए भारत की प्रतिबद्धता को स्पष्ट करता है। अभियान का ही असर है कि पिछले दस साल में भारत में हर घंटे एक स्टार्टअप लांच हुआ। सरकार के निरंतर प्रयासों से 30 जून तक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप की संख्या बढ़कर 1,40,803 हो गई है, जिससे 15.5 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार सृजित हुए हैं। 2014 से 2024 तक 667.4 अरब अमेरिकी डॉलर का संचयी प्रवाह आकर्षित किया है, जो पिछले एक दशक (2004-14) की तुलना में 119 फीसदी की वृद्धि को दर्शाता है। पिछले एक दशक में विनिर्माण क्षेत्र में एफडीआई इक्विटी प्रवाह 165.1 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया है, जो पिछले एक दशक (2004-14) की तुलना में 69 फीसदी की वृद्धि को दर्शाता है, जिसमें 97.7 अरब अमेरिकी डॉलर का प्रवाह देखा गया था। भारत लगातार सुधारों की दिशा में आगे बढ़ रहा है। परंतु देश में निर्मित वस्तुओं की प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि जैसी चुनौतियों के चलते अभियान के तहत सफलता के साथ ही कुछ कमियां भी देखी गईं। अभियान का उद्देश्य आयात को कम करके निर्यात को बढ़ावा देना था, लेकिन निर्यात को बढ़ावा देने में अपेक्षित परिणाम नहीं मिल सके। इसके लिए देश में व्यापार के लिए स्वस्थ वातावरण का निर्माण जरूरी है।

जन भागीदारी से ही साकार होगा विकसित भारत का सपना

महेश चंद गुप्ता
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, दिल्ली

भारत में आर्थिक असमानता एक बड़ी बाधा है। अमीर और गरीब के बीच की खाई तेजी से बढ़ रही है। एक ओर जहां कुछ क्षेत्रों में लोगों की आय और जीवन स्तर में वृद्धि हुई है, वहीं दूसरी ओर बड़ी संख्या में लोग गरीबी झेल रहे हैं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच आर्थिक असमानता भी स्पष्ट है। विकसित भारत के लिए हम जितना करें, उतना ही कम है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लंबे समय से विकसित भारत की बात कर रहे हैं। हाल के अमेरिका दौरे में भी प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात को दोहराया है। देश का सपना एक विकसित राष्ट्र बनने का है और इसके लिए चलाए जा रहे अभियान के पीछे भारत की आर्थिक, सामाजिक और तकनीकी प्रगति को तेज गति देने का उद्देश्य निहित है। इसमें कोई दो राय नहीं कि विकसित भारत अभियान का मुख्य उद्देश्य देश की समग्र प्रगति को सुनिश्चित करना है, जिससे सभी नागरिकों को समान अवसर और सुविधाएं मिल मिलना संभव हो सके। अभियान के तहत बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी आदि कई प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री बार-बार भारत को विकसित बनाने के अपने संकल्प को दोहराते हैं, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या देश की जनता इस सपने को साकार करने में मन से जुड़ी हुई है? सरकार की कोशिश अपनी जगह है, पर हम लोग इस सपने को साकार करने के लिए क्या योगदान दे रहे हैं? क्या सचमुच इस अभियान से हमारा उतना जुड़ाव है, जिसकी जरूरत महसूस की जा रही है? इन सवालों पर गहन चिंतन करने की जरूरत है। कोई भी काम जनता की भागीदारी के बिना पूरा नहीं किया जा सकता है। हमारे लिए विकसित भारत का सपना केवल सिर्फ आर्थिक दृष्टि से नहीं, बल्कि सामाजिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। इस सपने को तभी साकार किया जा सकता है, जब इसमें जन-जन का जुड़ाव हो।

विकसित भारत के लिए जन आंदोलन की आवश्यकता है। जन आंदोलन बनने पर ही इसमें हर नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित कर पाना संभव है। अगर हम अतीत पर नजर डालते हैं तो हमें जन भागीदारी के सफल उदाहरण दिखाई पड़ते हैं। एक समय ऐसा था,जब हमारे देश में लोगों का पेट भरने के लिए भी अनाज उत्पादन नहीं होता था। देशवासियों का पेट भरने के लिए अनाज का आयात अपरिहार्य था, मगर याद कीजिए, जब देश ने अन्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने की ठान ली तो जन-जन की भागीदारी इसमें हुई तो वह सपना साकार होने में देर न लगी। दुग्ध क्रांति का सपना भी ऐसा ही एक उदाहरण है। अन्न व दूध उत्पादन में सफलता के पीछे व्यापक जन जुड़ाव रहा है। देश को विकसित बनाने के लिए जन-जन को जागरूक करना ही होगा। नागरिकों को उनके कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना आवश्यक है। विकसित भारत सामाजिक न्याय और समानता की नींव पर ही खड़ा हो सकता है। जातिवाद, भेदभाव और असमानता के खिलाफ जन आंदोलन आवश्यक हैं। ऐसे आंदोलनों में युवाओं की भागीदारी विशेष रूप से जरूरी होगी। इसके साथ-साथ शिक्षा और रोजगार के अवसरों में समानता सुनिश्चित करना भी आवश्यक है।

विकसित भारत सामाजिक न्याय और समानता की नींव पर ही खड़ा हो सकता है। जातिवाद, भेदभाव और असमानता के खिलाफ जन आंदोलन आवश्यक हैं। ऐसे आंदोलनों में युवाओं की भागीदारी विशेष रूप से जरूरी होगी।

इसके लिए शिक्षा प्रणाली में सुधार की दरकार है ताकि सभी वर्गों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो सके। रोजगार के अवसरों को बढ़ाना भी उतना ही जरूरी होगा। शिक्षा प्रत्येक देश के विकास का आधार होती है, लेकिन भारत की शिक्षा प्रणाली में अभी बहुत से सुधारों की दरकार है। हालांकि सरकार ने नई शिक्षा नीति बनाकर इस दिशा में काम शुरू किया है, मगर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच शिक्षा का असंतुलन, उच्च गुणवत्ता वाले शिक्षकों की कमी और बुनियादी ढांचे की कमी एक बड़ी समस्या है,जिसका समाधान करने की जरूरत है। वहीं, स्कूली शिक्षा के साथ ही व्यावसायिक और तकनीकी शिक्षा तथा श्रम शक्ति के कौशल विकास पर भी ध्यान केंद्रित करना होगा। हमारे विश्वविद्यालयों की वैश्विक रैंकिंग में सुधार करना सबसे जरूरी काम है, जिसे विशेष अभियान के रूप में लिया जाना चाहिए। विकसित भारत के एक महत्वपूर्ण पहलू के रूप में पर्यावरण को भी देखना चाहिए। औद्योगिक क्रांति के बिना विकसित भारत की कल्पना कर पाना बेहद मुश्किल है। अब छोटे-बड़े उद्योगों की स्थापना के लिए कदम बढ़ाने होंगे। आधुनिक तकनीक का सही उपयोग विकसित भारत की भावना को मजबूत करेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव और शहरी क्षेत्रों में बेहतर सेवाओं की ऊंची कीमतें एक बड़ी समस्या है। भारत की बड़ी आबादी के लिए पर्याप्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना एक चुनौती है।

भारत में आर्थिक असमानता एक बड़ी बाधा है। अमीर और गरीब के बीच की खाई तेजी से बढ़ रही है। एक ओर जहां कुछ क्षेत्रों में लोगों की आय और जीवन स्तर में वृद्धि हुई है, वहीं दूसरी ओर बड़ी संख्या में लोग गरीबी झेल रहे हैं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच आर्थिक असमानता भी स्पष्ट है। विकसित भारत के लिए हम जितना करें, उतना ही कम है। एक मजबूत और विकसित राष्ट्र बनने के लिए बुनियादी ढांचा आवश्यक है, लेकिन भारत इस क्षेत्र में अभी भी काफी पीछे है। विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए देश के प्रशासनिक ढांचे में भी सुधार अपेक्षित है, क्योंकि भ्रष्टाचार, नौकरशाही और निर्णय लेने में देरी से विकास परियोजनाओं में बाधाएं आती हैं। सरकार की विभिन्न नीतियों और योजनाओं का प्रभावी कार्यान्वयन न होने से भी विकास दर पर असर पड़ता है। अगर राजनीतिक और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाई जाए तो यह देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। हमारे देश की बड़ी आबादी खेती पर निर्भर है, इसलिए यह सुनिश्चित बनाना होगा कि किसानों की आय को बढ़ाया और उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों से लैस किया जाए। कृषि उत्पादन और गुणवत्ता में सुधार के लिए कृषि क्षेत्र में नवाचार और वैज्ञानिक शोध को प्रोत्साहित करना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार कर ग्रामीण विकास को गति देना भी उतना ही जरूरी है।

भारत की तेजी से बढ़ती जनसंख्या देश के विकास के समक्ष एक प्रमुख चुनौती और बाधा है। बढ़ती जनसंख्या के कारण देश के संसाधनों पर अत्यधिक दबाव पड़ रहा है। वर्तमान में देश की जनसंख्या 140 करोड़ है, यूनाइटेड नेशन के अनुसार, जिसके 2050 में 167 करोड़ हो जाने का अनुमान है। इसके विपरीत चीन की जनसंख्या 130 करोड़ रह जाएगी, क्योंकि चीन अपनी जनसंख्या पर तेजी से नियंत्रण कर रहा है। इसके विपरीत हम जनसंख्या के मुकाबले में चीन को पीछे छोड़ आए हैं। जनसंख्या के दबाव में स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा, रोजगार और अन्य बुनियादी सुविधाओं की मांग में वृद्धि हो रही है,लेकिन उपलब्ध संसाधन बढ़ती जनसंख्या के मुकाबले अपेक्षित गति से नहीं बढ़ पा रहे हैं। जनसंख्या के दबाव के कारण हमें अनेक समस्याएं झेलनी पड़ रही हैं। किसी भी विकसित देश में उच्च प्रति व्यक्ति आय, क्वालिटी ऑफ लाइफ, बेहतर शिक्षा व स्वास्थ्य, स्टैंडर्ड ऑफ लिविंग महत्वपूर्ण हैं, लेकिन हमारे देश की जीडीपी अभी पांच ट्रिलियन भी नहीं है, जबकि अमेरिका की 30 ट्रिलियन और चीन की 20 ट्रिलियन है। अमेरिका में प्रति व्यक्ति आय 77 हजार डॉलर और चीन में 13 हजार डॉलर है जबकि भारत में प्रति व्यक्ति आय 2400 डॉलर यानी करीब नब्बे हजार रुपये ही है। आने वाले सालों में भारत में प्रति व्यक्ति आय 15 से 20 हजार डॉलर हो, तभी हम स्टैंडर्ड ऑफ लिविंग की बात कर सकते हैं। अभी तो हमारे यहां क्वालिटी ऑफ लाइफ कमजोर है। स्टैंडर्ड ऑफ लिविंग नहीं है। ह्यूमन डवलपमेंट इंडेक्स में 193 देशों में भारत 134 वें नंबर पर है। अगर जनसंख्या इसी रफ्तार से बढ़ती रही तो हम कभी भी विकसित भारत नहीं बन पाएंगे।

भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हमारी जीडीपी में आठ से नौ प्रतिशत की बढ़ोतरी आवश्यक है। पिछले दस सालों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी की रेखा से ऊपर लाने में सफलता मिली है, लेकिन अभी बहुत बड़ी तादाद में लोग गरीबी की रेखा से नीचे जीवनयापन कर रहे हैं। विकसित भारत बनने की राह में जो भी बाधाएं हैं, उन्हें दूर करना होगा। नीतिगत सुधार जरूरी हों, वहां सरकार को आगे आना होगा, जहां जनता के काम करने की जरूरत हो, वहां जनता को स्वतः स्फूर्त खड़ा होना होगा। ऐसा होने पर ही भारत विकसित देशों की श्रेणी में शामिल हो सकेगा और अपनी पूरी क्षमता का उपयोग कर सकेगा। विकसित भारत का सपना भारत के लोगों द्वारा भारत के लोगों के लिए ही देखा जा रहा है, यह अहसास हर किसी को होना चाहिए।

प्रसंगवश

वेश्याएं : हेय नहीं प्रेय भी

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

सामान्यतया समाज में वेश्याएं हेय मानी जाती हैं, लेकिन आदि काल से हर सभ्यता में इनका अस्तित्व रहा है। हम अपने देश और समाज की ही बात करते हैं। यह वर्ग पूरी तरह हेय या घृणास्पद नहीं था। इनका सम्मान भी होता रहा है।

वैदिक काल में इन्हें सद्वर्णी कहते थे और ये लाल रंग के परिधान और आभूषण धारण करती थीं। इन्हें शुल्क वसूल करके जीविकोपार्जन की अनुमति थी,उसके पहले इनका विवाह देवता से कर दिया जाता था। ये देव दासियां भी कही गईं। शुल्क लेकर रति न करने पर दोगुना अर्थ दंड देना होता था और ऐसा ही पुरुष के बारे में भी था। यदि वह रमणोत्तर शुल्क न दे, तो दूना अर्थदंड देय होता था। वाल्मीकि रामायण में श्रीराम की वन से अयोध्या वापसी पर भरत ने शत्रुघ्न को उनके स्वागतार्थ पुर वासियों को एकत्र करने का निर्देश दिया है, जिसमें कहा गया है कि 'सूत, बैताल, राज महिषियां, गणिकाएं, ब्राह्मण आदि एकत्र किए जाएं। यही भरत जब वन में राम को मनाने के लिए गए और भारद्वाज आश्रम पर दल-बल के साथ रुके,तो ऋषि ने ब्रह्मा और कुबेर से कहकर बड़ी संख्या में सुंदरियां वहां बुलवाईं और चार रूपसियां सिर्फ भरत की सेवा में लगाईं, जिन्होंने नाच-गान आदि से उन्हें प्रसन्न किया। गणिकाओं के संघ भी थे। महाभारत में युद्ध के पहले जब श्रीकृष्ण समझौता प्रयास हेतु हस्तिनापुर गए तो कौरव पक्ष ने उनके स्वागतार्थ बहुत सी वेश्याएं भी भेजीं। उद्योग पर्व में युधिष्ठिर ने कौरवों को जो संदेश भेजा उसमें वेश्याओं के लिए भी शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

गांधारी के दीर्घकालिक गर्भ धारण काल में धृतराष्ट्र की सेवा एक वेश्या ने की, जिससे युयुत्सु नामक पुत्र भी उत्पन्न हुआ। उसका पालन-पोषण शिक्षा अन्य कौरवों की भांति ही रहा। वह धर्मात्मा भी था। पुराणों में भगवान द्वारा एक गणिका के उद्धार की भी कथा है। बौद्धकाल में वैशाली की आम्रपाली वेश्या जितनी श्लाघनीय थी,उतनी ही सम्मानिता भी। तथागत भी उसे 'आर्या अम्बा' कहते थे। तत्सयय स्त्रियों को भिक्षुणी न बनाने का प्रचलन था, किंतु भगवान बुद्ध ने उसे बनाया। शारदीय नवरात्र निकट हैं और दुर्गा जी की मूर्तियां निर्मित करने के लिए वेश्यालय की मिट्टी का भी समावेश किया जाएगा।

बिना वर्दी की नौकरी बनाम वर्दी वाली नौकरी

डॉ.अशोक कुमार शुक्ला
सहायक भूमि व्यवस्था आयुक्त, राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश

वास्तव में आम जनता के मध्य जब एक वर्दी धारण करने वाला अधिकारी और बिना वर्दी धारण किए कोई अधिकारी जाता है तो जनता बिना वर्दी वाले अधिकारी के प्रति अधिक सहज होती है।

प्रदेश सरकार ने पिछले सप्ताह निर्णय लिया है कि राजस्व विभाग के लेखपाल,भूलेख निरीक्षक तथा नायब तहसीलदार अब निर्धारित पोशाक पहनेंगे ताकि भीड़ के मध्य उनकी पहचान सुनिश्चित हो सके तथा अवैध कब्जा अतिक्रमण आदि हटाने जैसे राजस्व कार्यों के निर्वहन के दौरान घटाने वाली अप्रिय घटनाओं में उनका बचाव सुनिश्चित किया जा सके। यूं तो प्रत्येक काल में वर्दी वाली सेवा के प्रति राज्य के नागरिकों में विशेष लगाव रहा है,परंतु बिना वर्दी के राज्य की सेवा करने और वर्दी पहन कर राज्य की सेवा करने की परिस्थितियां सर्वथा भिन्न होती हैं। सामन्यतः वर्दी वाले सेवाओं में आम आदमी का सबका पुलिस की वर्दी वाली सेवा से अधिक पड़ता है। हालांकि देश के कुछ राज्यों में सेना और अर्धसैनिक बलों वाली वर्दी के व्यवहार आदि से भी आम नागरिक परिचित होते रहे हैं।

यूपीएससी जैसी कठिन परीक्षा को पास करने के बाद भारत की सर्वोच्च प्रशासनिक सेवा में जाने का सौभाग्य जिन्हें मिला उन्हें आईएएस के रूप में बिना वर्दी की सर्वोच्च सेवा में शामिल होने का अवसर मिलता है। इसी परीक्षा के माध्यम से जिन्हें आईपीएस अथवा आईआरएस के रूप तैनाती मिलती है, वह वर्दी वाली सेवा होती है। ठीक इसी प्रकार राज्य लोक सेवा आयोग की परीक्षा के माध्यम से सफल अभ्यर्थियों को राज्य प्रशासनिक सेवा पीसीएस के रूप में बिना वर्दी की सेवा करने का अवसर प्राप्त होता है तथा इसी परीक्षा के माध्यम से पीपीएस, एआरटीओ, एक्साइज आदि विभाग की वर्दी के साथ सेवा का अवसर प्राप्त होता है। अखिल भारतीय सेवाओं तथा राज्याधीन सेवाओं में वर्दी और बिना वर्दी की सेवा के रूप में विभाजन तत्कालीन नीति नियंताओं की दूरदर्शिता का परिणाम था। पौराणिक काल का संदर्भ लें तो राजा रामचंद्र से लेकर अनेक शासकों के द्वारा अपना राजसी चोला उतारकर आम नागरिक के रूप में जनता के बीच पहुंचकर उनके दुख दर्द जानने के अनेकानेक उदाहरण मिलते हैं। यह उदाहरण इस तथ्य को समझने के लिए पर्याप्त हैं कि आमजन शासन की पहचान धारित करने वाली पोशाक की तुलना में सामान्य वेशभूषा में उनसे मिलने वालों के प्रति अधिक सहज अनुभव करते रहे हैं।

वास्तव में आम जनता के मध्य जब एक वर्दी धारण करने वाला अधिकारी और बिना वर्दी धारण किए कोई अधिकारी जाता है तो जनता बिना वर्दी वाले अधिकारी के प्रति अधिक सहज होती है। उत्तर प्रदेश एक ऐसे राज्य के रूप में मान्यता प्राप्त है,जिसमें आजादी के बाद रियासतों के विलय के उपरांत नवाबों और जमींदारों के अधिकार में विद्यमान भूमि के अधिकारों को बिना किसी रक्तिम क्रांति के अत्यंत सहजता के साथ नागरिकों के मध्य स्वामित्व स्थानांतरण के रूप में जमीदारी कानून बनाकर लागू कर दिया गया। हालांकि इसकी पृष्ठभूमि में संत विनोबा द्वारा समूचे प्रदेश में की गई भूदान यात्रा के द्वारा दस्यु हृदय परिवर्तन और भूदान हेतु बनाए गए वातावरण की महती भूमिका रही है । कालांतर में भूदान के अंतर्गत दान में प्राप्त समस्त भूमि को ग्राम सभा के नियंत्रण में देकर स्वयं ग्राम सभा द्वारा उसके व्यवस्थापन की नीति बनाई गई। स्थानीय भूमि के व्यवस्थापन की इस नई नीति ने लेखपाल को ग्राम भूमि प्रबंधक समिति के सचिव के रूप में प्रतिष्ठा प्रदान की तो उसके पर्यवेक्षक अधिकारी भूलेख निरीक्षक और नायब तहसीलदार को ग्राम सभा की भूमि के समुचित व्यक्तियों के मध्य वितरण और उचित प्रबंधन की धुरी में स्थापित किया।

महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के अनुरूप विकास की धुरी ग्राम में केंद्रित रखने की मुहिम के अंतर्गत त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था को अपनाने वाले प्रदेश में बढ़ती हुई आबादी और सीमित भूमि की उपलब्धता के साथ स्थानीय राजनैतिक स्वार्थों के मध्य राजस्व विभाग के मुलाजिमों को ऐसी स्थिति में लाकर खड़ा कर दिया कि उनकी निष्ठाएं ग्राम स्वराज और शासन के प्रति न होकर सत्ताधारी राजनैतिक दलों के अनुरूप होती चली गई। कदाचित इसी परिस्थिति के चलते राजस्व विभाग के कर्मचारी जनता से कटते चले गए और आज ऐसी स्थिति में पहुंच गए हैं कि गांव के लेखपाल को अपने तैनाती स्थल पर जाकर भूमि की नाप जैसे मूलभूत कार्य करने के दौरान भी विरोध का सामना करना पड़ता है ।

ऐसे में शासन का यह निर्णय इस विभाग के कार्मिकों के लिए एक नई पहचान स्थापित करने में मील का पत्थर साबित होगा। बशर्ते कार्मिक पोशाक की गरिमा को बरकरार रखकर सावधानी और निष्ठापूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करे अन्यथा कई अन्य बदनाम वर्दियों में एक और नई वर्दी का नाम भी शामिल हो सकता है।

सोशल फोरम

संक्षिप्तीकरण के संकट

अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

आज सोशल मीडिया है, जहाज की घटना का सोशल मीडिया से ही सब जगह प्रचार हुआ। माध्यम खुद बुरा नहीं होता, उपयोग अच्छा या बुरा होता है।

आजकल एआई (कृत्रिम बुद्धिमता) का उपयोग अक्सर दिखता है। जब कोई घटना होती है, जैसे हवाई दुर्घटना या पायलटों की हड़ताल, तब वही एआई एयर इंडिया हो जाता है। एआई के जमाने में एआई ने खबरों में धमाका कर दिया।

अमेरिका जाने वाली उड़ान में खाने के पैक में कॉकरोच निकला। इतना कार्रवाई के लिए काफी था,क्योंकि यह लापरवाही की हद है, लेकिन शिकायतकर्ता ने भी नाटक में दृश्य जोड़ दिया कि खाने से बच्चा बीमार हो गया। यह सब तो जांच से मालूम होगा कि कॉकरोच पहले दिखा या थोड़ा बहुत खाने के बाद,लेकिन एक घटना याद आती है।

एक दमा का मरीज गंभीर हालत में वैद्य जी के पास गया। पल भर भी खांसी रुक नहीं रही थी। वैद्य जी अंदर घर में गए। वैद्य जी ने पत्नी से थोड़ा-सा गुड़ मांगा, हथेली पर रखकर उसे चूरा किया। कपड़ों वाला लकड़ी का बड़ा संदूक खोला। उसमें से तीन-चार कॉकरोच पकड़े, उनके पंख उखाड़कर फेंके और कॉकरोचों को गुड़ में मिलाकर मसल दिया। उस सामग्री से चार-पांच छोटी-छोटी गोलियां बनाईं। बाहर आए और एक-एक करके दस-पंद्रह मिनट के फासले से मरीज को वे गोलियां खिला दीं। आधा घंटा बीतते-बीतते मरीज की खांसी के साथ बलगम निकलने लगा। घंटे भर में उसे राहत मिल गई और उसके परिजन उसे लेकर वापस चले गए।

एक ओर गांव से बनारस तक की यात्रा में कॉकरोच की वजह बीमार आदमी को राहत मिल गई और दिल्ली से न्यूयॉर्क तक की यात्रा में कॉकरोच से बच्चा बीमार हो गया। तब सोशल मीडिया नहीं था। वैद्य जी के जादुई असर का व्यापक प्रचार नहीं हुआ। आज सोशल मीडिया है,जहाज की घटना का सोशल मीडिया से ही सब जगह प्रचार हुआ। माध्यम खुद बुरा नहीं होता, उपयोग अच्छा या बुरा होता है।

– फेसबुक वॉल से

माइक्रोप्लास्टिक : पर्यावरण से मानव मस्तिष्क तक



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर शाहजहांपुर

प्लास्टिक का प्रयोग पर्यावरण को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। इंसानी शरीर में माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी इसी का दुष्परिणाम है।

हाल ही में मानव मस्तिष्क में माइक्रोप्लास्टिक के मौजूद होने की पुष्टि हुई है। अमेरिका के नेशनल इंस्टीट्यूट आफ हेल्थ की ओर से प्रस्तुत किए गए एक शोध के अनुसार इंसानी दिमाग के ऊतकों में शरीर के अन्य अंगों की अपेक्षा बीस गुना अधिक माइक्रोप्लास्टिक पाया गया। यह अध्ययन यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू मैक्सिको, ओक्लाहोमा स्टेट यूनिवर्सिटी एवं न्यू मैक्सिको ऑफिस ऑफ द मेडिकल इन्वेस्टिगेटर से जुड़े शोधकर्ताओं के द्वारा किया गया है। मानव शरीर में प्लास्टिक की मौजूदगी निस्संदेह गंभीर चिंता का विषय है।

आखिरकार हमारे शरीर में प्लास्टिक का प्रवेश कैसे संभव हुआ? इसका सीधा सा उत्तर है कि हमारे द्वारा अंतर्ग्रहण की जाने वाली वस्तुओं के माध्यम से ही प्लास्टिक का जहर हमारे भीतरी अंगों तक पहुंचा है। अब इन पदार्थों में भोजन, पानी एवं हवा तीनों शामिल हैं। शोध में यह पाया गया कि वर्ष 2016 एवं 2024 के बीच उपलब्ध नमूनों में समय के साथ माइक्रोप्लास्टिक की मात्रा में तीव्र दर से वृद्धि हुई है। ऐसा पाया गया है कि वर्ष 2024 के नमूनों में वर्ष 2016 के नमूनों की तुलना में पचास प्रतिशत तक अधिक माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी पाई गई। स्पष्ट है कि समय के साथ मस्तिष्क में माइक्रोप्लास्टिक की मात्रा लगातार बढ़ती ही जा रही है। गौरतलब है कि मानव शरीर के अन्य अंगों जैसे रक्त, नसों, फेफड़े, किडनी, लीवर, अस्थि मज्जा, घुटने एवं कोहनी के जोड़ तथा प्रजनन अंगों में भी माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी के सबूत मिल चुके हैं। हालिया शोध में मनुष्य के मूत्र, वीर्य एवं स्तन के दूध तक में भी माइक्रोप्लास्टिक की उपस्थिति को प्रमाणित किया गया है। सर्वाधिक चिंताजनक बात यह है कि मस्तिष्क में माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी शरीर के अन्य अंगों की अपेक्षा बीस प्रतिशत तक अधिक पाई गई है। इस बढ़ते प्लास्टिक प्रदूषण के पीछे कहीं न कहीं मानवीय गतिविधियां ही जिम्मेदार हैं।

हम अपने दैनिक जीवन पर गौर करें तो यह पाएंगे कि शायद ही कोई क्षेत्र अथवा पहलू ऐसा हो जो प्लास्टिक से अछूता रह गया हो। खाने-पीने, लिखने-पढ़ने, उठने-बैठने से लेकर घूमने-फिरने तक प्रत्येक गतिविधि में किसी न किसी रूप में प्लास्टिक शामिल है, बल्कि अगर यह कहा जाए कि हमारा जीवन ही प्लास्टिकयुक्त हो चुका है तो इसमें कुछ भी गलत न होगा। प्लास्टिक का प्रयोग पर्यावरण को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। इंसानी शरीर में माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी इसी का दुष्परिणाम है। प्लास्टिक आज के समय में भूमि, जल एवं वायु को प्रदूषित करने वाला सबसे बड़ा कारक है। महासागरों की सतह पर भी प्लास्टिक का ढेर जमा हो चुका है। भूमि पर तो जहां-तहां प्लास्टिक बिखरा ही हुआ है। मानव के द्वारा निष्कासित कचरे की कुल मात्रा का लगभग दस प्रतिशत प्लास्टिक कचरा है। प्लास्टिक का यह कचरा पर्यावरण, पारिस्थितिकी तंत्र एवं अंतिम रूप से मानव शरीर के लिए पूर्णतया घातक है। वर्तमान में माइक्रोप्लास्टिक की समस्या एक वैश्विक संकट का रूप ले चुकी है।

संयुक्त राष्ट्र की पर्यावरण संरक्षण एजेंसी के द्वारा वर्ष 2011 में प्लास्टिक का श्रेणी विभाजन किया गया था। इसमें 20 मिलीमीटर से अधिक आकार वाले प्लास्टिक को मैक्रोप्लास्टिक, 5 से 20 मिलीमीटर आकार वाले प्लास्टिक को मध्यम प्लास्टिक एवं 5 मिलीमीटर से कम आकार वाले प्लास्टिक को माइक्रोप्लास्टिक के अंतर्गत रखा गया है। आकार की सूक्ष्मता ही माइक्रोप्लास्टिक के खतरे को और अधिक गंभीर रूप दे देती है। दरअसल माइक्रोप्लास्टिक के कण हवा, भोजन एवं पानी के माध्यम से बेहद सरलतापूर्वक मानव शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। शरीर के अंदर पहुंचकर ये कण रक्त के माध्यम से मानव मस्तिष्क तक पहुंच जाते हैं। शरीर में पहुंचने के उपरांत माइक्रोप्लास्टिक कोशिकाओं की कार्यप्रणाली को बुरी तरह प्रभावित करता है। नतीजतन कैंसर जैसे रोग शरीर पर बड़ी तेजी से आक्रमण करते हैं। आज माइक्रोप्लास्टिक के कण विश्व में हर जगह मौजूद हैं। आखिरकार इस विकट समस्या का समाधान क्या है? इतना तो निश्चित है कि यदि समस्या को गंभीरतापूर्वक लेते हुए इसके निवारण पर विचार न किया गया तो भविष्य में यह समस्या मानव शरीर के लिए एक नितांत खतरनाक संकट उत्पन्न करेगी। आंकड़े बताते हैं कि प्रत्येक वर्ष अनेकों मिलियन मीट्रिक टन प्लास्टिक महासागरों में प्रवाहित कर दिया जाता है। इसमें से अधिकांश मात्रा सूक्ष्म प्लास्टिक की होती है। महासागरों में दिन प्रतिदिन लगने वाला माइक्रोप्लास्टिक का ढेर महासागरीय तापमान में वृद्धि का एक प्रमुख कारण है।

माइक्रोप्लास्टिक के कारण जन्म लेती समस्याओं एवं चुनौतियों के निस्तारण हेतु व्यक्ति से लेकर विश्व तक प्रत्येक स्तर पर ठोस सुरक्षात्मक कदम उठाए जाने की महती आवश्यकता है। दरअसल माइक्रोप्लास्टिक जीवन की लगभग सभी प्रक्रियाओं से उत्पन्न हो रहा है। कपड़े धोने, गाड़ी चलाने से लेकर जटिल औद्योगिक गतिविधियों एवं प्लास्टिक की रीसाइक्लिंग तक से माइक्रोप्लास्टिक के कणों का जन्म हो रहा है। समुद्र की गहराइयों से लेकर पर्वत की चोटियों तक माइक्रोप्लास्टिक के कण पहुंच चुके हैं। यदि हम सब ने अभी से इस समस्या के निवारण हेतु ठोस कदम नहीं उठाए तो भविष्य में हमारी आने वाली पीढ़ियों इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

मानसिक तनाव मुक्त जीवन महत्वपूर्ण

डॉ.राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

जो खोल लेते दिल अपना यारों के साथ/ तो आज खोलना न पड़ता औजारों के साथ। एक ओपन हार्ट सर्जरी ऑपरेशन थिएटर के बाहर लिखी हुई ये पंक्तियां हृदय के स्वास्थ्य के लिए एक बहुत महत्वपूर्ण कारक की ओर संकेत करती हैं। ये बताती हैं कि एक मानसिक तनाव-मुक्त जीवन हमारे हृदय के स्वास्थ्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण बिंदु है। यदि हम मित्रों के साथ हंसते-बोलते रहेंगे, अपनी मानसिक परेशानियों को ऐसे लोगों के साथ साझा करते रहेंगे जो उन्हें समझ सकते हैं और हमें कुछ राहत पहुंचा सकते हैं, तो हमारा मानसिक तनाव कम रहेगा और इस बात का अच्छा प्रभाव हमारे हृदय पर पड़ेगा।

मानसिक तनाव से मुक्त रहने पर हमारा रक्तचाप कम रहता है। रक्तचाप कम रहने से हमारे दिल पर बोझ कम पड़ता है। अधिक रक्तचाप का अर्थ होता है - खून की नलियों का प्रतिरोध अधिक है और हृदय को अधिक दबाव के साथ खून को आगे फेंकना पड़ रहा है। लंबे समय तक ऐसा होने पर हृदय ढीला हो कर बढ़ जाता है और अपना कार्य अच्छी तरह से नहीं कर पता है। तब कन्जेस्टिव हार्ट फैलियर नामक बीमारी हो सकती है। रक्तचाप बढ़ने से दिमाग, आंखों, फेफड़ों अथवा किसी अन्य महत्वपूर्ण स्थान की नस फट सकती है और व्यक्ति को गंभीर हानि पहुंच सकती है।

विश्व हृदय दिवस पर मैं यह संदेश देना चाहता हूं कि हम स्वास्थ्य के सामान्य नियमों का पालन करते रहें, हम अपने मन में क्षोभ, क्रोध, असंतोष, हठ न रखें, हम अपने मन में प्रेम-भाव रखें। जीवन बहुत छोटा है यह प्रेम बांटने के लिए ही पर्याप्त नहीं है तो फिर हम मन की खराब भावनाओं के लिए समय कैसे निकाल सकते हैं? हमें नहीं मालूम है कि हमारी इस जीवन-यात्रा में हमारा पड़ाव कब आ जाए।

अभी कुछ दिन पहले लखनऊ मेडिकल कॉलेज के मुझसे अनेक वर्ष जूनियर -जो अब एसजीपीजीआई में हृदय रोग विशेषज्ञ थे - की मृत्यु हो गई। क्या हम जानते हैं कि हम यहां पर कब तक के लिए हैं? तो हम यहां जब तक के लिए हैं, तब तक प्रेम, स्नेह और सेवा जैसे भावों से मन को आप्यायित रखें। जहां यह चीज अन्य लोगों को सुख पहुंचाएगी, वहीं यह हमारे अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी बहुत लाभदायक होगी। जीवन में जहां अन्य अनेक बातें महत्वपूर्ण हैं, वहीं ये बातें भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में इस बात को ऐसे कहा गया है ...क्रोधाद्भवति संमोहः संमोहात्स्मृतिविभ्रमः/ स्मृतिभ्रंशाद् बुद्धिनाशो बुद्धिनाशात्प्रणश्यति।

एक नजर

चोरी की बाइक के साथ किशोर गिरफ्तार

काशीपुर : शहर में अपराध कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। चोर-बदमाशों के हौसले बुलंद है। ऐसे ही एक बाइक चोरी करने के आरोप में पुलिस ने एक किशोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर बाइक भी बरामद कर ली है। 26 सितंबर को मोहल्ला टांडा उज्जैन निवासी अंकित कुमार ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि घर के बाहर से उसकी बाइक चोरी हो गई। घटना के खुलासे के लिए गठित टीम गठित ने एक किशोर को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर चोरी की बाइक बरामद कर ली। टीम में एसआई जयप्रकाश, एसआई कंचन पडलिया, कांस्टेबल दिनेश त्यागी, कांस्टेबल मनोहर गंगोला आदि रहे। पुलिस का कहना है कि अपराधों पर नियंत्रण के लिए गंभीरता से प्रयास किए जा रहे हैं। अपराधी बख्शे नहीं जाएंगे।

जिला जज, प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश के साथ ही कई अधिवक्ता रहे मौजूद, 2 अक्टूबर तक जारी रहेगा अभियान

बस अड्डा व जजी आवासीय परिसर में सफाई अभियान

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: उत्तराखंड उच्च न्यायालय नैनीताल के आदेश और उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर 19 सितंबर से 2 अक्तूबर 2024 तक स्वच्छता ही सेवा कैंपेन-चलाया जा रहा है। इसके तहत रुद्रपुर बस अड्डा और जिला जजी आवासीय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधमसिंह के अध्यक्ष व जिला जज सिकंद कुमार त्यागी के नेतृत्व में रुद्रपुर बस अड्डा और जिला जजी आवासीय परिसर खेड़ा में न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों, पैनल अधिवक्ता व पीएलवी द्वारा नगर निगम के सहयोग से सफाई अभियान चलाया गया। साथ ही आम जनता को सफाई के लिए जागरूक किया गया। इस मौके पर जिला जज सिकंद कुमार त्यागी, प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश आशुतोष कुमार मिश्रा, अपर सत्र न्यायाधीश मुकेश आर्य, अपर सत्र न्यायाधीश संगीता आर्य, सीजेएम अनिता गुंजियाल, प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधमसिंह नगर हेमंत सिंह राणा, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिवाकर पांडे, सचिव सर्वेश कुमार सिंह, सिविल जज सीनियर डिवीजन नदीम अहमद, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम विवेक राणा, सिविल जज रिजवान अंसारी और अन्य न्यायिक अधिकारी के साथ अधिवक्ता शिव कुंवर सिंह, मो. मिराज व न्यायिक कर्मचारी, पैनल अधिवक्ता व पीएलवी व नगर निगम के कर्मचारी मौजूद रहे।

रुद्रपुर में स्वच्छता अभियान के तहत सफाई करते जिला जज सिकंद कुमार त्यागी व अन्य। ● अमृत विचार

बाइक सवार बदमाशों ने वृद्धा के गले से झपटी सोने की चेन

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: शहर में चेन स्नेचिंग की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। ऐसी एक वारदात को अंजाम देते हुए बाइक सवार बदमाशों ने बुजुर्ग महिला के गले की सोने की चेन लूट ली। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

दरिया नगर वार्ड-37 निवासी प्रभु दयाल ने बताया कि 25 सितंबर की रात्रि एक बजे के करीब अचानक पिता रामा शंकर वर्मा की तबीयत खराब हो गई थी। आनन-फानन में उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया और माता दुर्गावती को घर छोड़ने के लिए निकला ही था कि कार में सीएनजी नहीं होने के कारण वह नैनीताल हाईवे स्थित सीएनजी पेट्रोल पंप पर गया। जहां माता को नीचे उतारकर सीएनजी भरवाने लगा। तभी बाइक पर सवार दो युवक तेजी से आए और बुजुर्ग माता के गले से सोने की चेन लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बाइक सवारों की तलाश शुरू कर दी है।

मुकदमा दर्ज

- बेटा कार में डलवा रहा था सीएनजी गैस
- पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू की तलाश

विधायक आवास जा रहे श्रमिकों को रोका

पुलिस की कार्रवाई से भड़के श्रमिकों ने एनएच के किनारे शुरू किया धरना, मांगों पर कार्रवाई न होने से गुस्सा

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: लुकास टीवीएस के 32 श्रमिकों की कार्यबहाली कराने समेत सात सूत्रीय मांगों पर कार्रवाई नहीं होने से श्रमिकों में आक्रोश व्याप्त है। श्रमिकों ने उद्योगों में श्रमिक शोषण और दमन के खिलाफ पदयात्रा निकालकर रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा के आवास घेराव का निर्णय लिया। लेकिन पुलिस ने विधायक आवास कूच से पूर्व ही श्रमिकों को रोक लिया। इसके बाद आक्रोशित श्रमिक नैनीताल राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे ही धरने पर बैठ गये। इस दौरान काफी पुलिस बल तैनात किया गया था।

रविवार को अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व में कई कंपनियों के श्रमिक गांधी पार्क पहुंचे। यहां श्रमिकों ने सभा कर उद्योगों में श्रमिक शोषण और दमन के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। इस दौरान भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष गणेश मेहरा व जिला मंत्री दीपेंद्र भट्ट ने कहा कि श्रमिक लम्बे समय से लुकास टीवीएस के 32 श्रमिकों की कार्यबहाली कराने, मांग पत्र का समाधान कर स्थाई नियोजन पत्र दिलाने, डॉल्फिन कंपनी के श्रमिकों को बोनस, न्यूनतम वेतन, श्रम कानूनों का पालन और स्थाई नियोजन पत्र दिलाने की मांग कर रहे हैं।

इसके अलावा डॉल्फिन श्रमिकों को स्थायी से ठेकेदार के अधीन, अवैधानिक गेटबंदी के शिकार 50 स्थायी श्रमिकों की कार्यबहाली करने, श्रमिकों पर लगाये गुंडा एक्ट व शांतिभंग की कार्रवाई पर रोक लगाने, श्रमिक संगठनों के साथ जिला प्रशासन व श्रम विभाग के बीच हुए समझौते का पालन कराने और सिडकुल क्षेत्र में ठेका मजदूरों को एक माह के वेतन के बराबर बोनस दिलाने की मांग कर रहे हैं। लेकिन उनकी जायज मांगों को अनसुना किया जा रहा है। सभा के बाद श्रमिकों ने विधायक आवास कूच करने के लिए गांधी पार्क से पदयात्रा निकाली, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। इसके बाद आक्रोशित श्रमिक नैनीताल राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे ही धरने पर बैठ गये और नारेबाजी करने लगे। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं होती तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। इस अवसर पर ज्योति, ऊषा, प्रेमवती, प्रीती, पिंकी, मीना, नीरज, रजनी, ममता, कृष्णा देवी, पिंकी गंगवार, पुष्पा देवी, प्रेमवती, आशा वैश्य, सुनीता, रुक्मणी रहे।

रुद्रपुर में गांधी पार्क पर धरना प्रदर्शन करते श्रमिक। ● अमृत विचार

अधिकारियों ने सुनीं खनन कारोबारियों की समस्याएं

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: एएसपी और एसडीएम ने खनन कारोबारियों व ट्रांसपोर्टरों के साथ बैठक कर समस्याएं सुनी। इस दौरान खनन कारोबारी व ट्रांसपोर्टरों ने माइनिंग कंपनी के कर्मचारियों पर उत्पीड़न का आरोप लगाया।

रविवार को कुंडेश्वरी चौकी परिसर में एएसपी अभय सिंह व एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने खनन कारोबारियों व ट्रांसपोर्टरों के साथ बैठक की। इस दौरान ट्रांसपोर्टरों ने माइनिंग कंपनी के कर्मचारियों पर उत्पीड़न का आरोप लगाया। कहा कि कई बार रॉयल्टी होने के बाद भी उनकी गाड़ियां सीज की जा रही है। साथ ही मनमाने तरीके से जुर्माना लगाया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने कहा कि माइनिंग कंपनी को हटा देना चाहिए। एसडीएम ने बताया कि बैठक के दौरान जो भी समस्याएं सामने आई है। उनका जल्द से जल्द निदान कराने का प्रयास किया जाएगा। यहां कोतवाल विक्रम राठौर, बाजपुर कोतवाल नरेश चौहान, रोहित कुमार, चरणजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

काशीपुर में अधिकारियों के सामने समस्या रखते कारोबारी। ● अमृत विचार

गुलदार के हमले में दो लोग घायल, भर्ती

जसपुर: जसपुर कोतवाली के अंतर्गत पतरामपुर नई बस्ती निवासी 39 वर्षीय सोनू सिंह पुत्र शिवचरन सिंह पर शाम को खेत से घर लौटते समय गुलदार ने हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल उपचार हेतु जसपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। उसके परिजनों ने पतरामपुर, जसपुर दक्षिणी रेंज के वन क्षेत्र अधिकारी को घटना की सूचना दे दी है। उन्होंने गुलदार के हमले में घायल व्यक्ति के उपचार हेतु उचित मुआवजा देने की मांग की है।

उधर गुलदार ने रात्रि करीब 8:30 बजे हमला कर जसपुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गांव गूलरगोजी निवासी 55 वर्षीय महिला सावित्री देवी पत्नी घनश्याम सिंह पर उस समय हमला कर दिया, जब वह पास के गांव पूरनपुर में रामलीला देखने जा रही थी। घायल महिला को तत्काल उपचार हेतु जसपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। इस घटना से गांव वासियों में दहशत व्याप्त है।

नहीं सुलझी विकास की मौत की गुत्थी, पिता ने दी तहरीर

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: कुंडेश्वरी निवासी विकास उर्फ भूरा की मौत की गुत्थी तीन दिन बाद भी नहीं सुलझ सकी हैं। मृतक के पिता ने पुत्र की हत्या किए जाने की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस सीसीटीवी चेक करने के साथ ही संदिग्धों से पूछताछ में जुटी है।

कुंडेश्वरी निवासी विकास उर्फ भूरा पुत्र दीपक सिंह का शव 27 सितंबर को लीची के बाग में लटका मिला था। मृतक के शरीर पर नीले निशान थे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। मृतक के परिजनों ने उसकी हत्या किए जाने की आशंका जताते हुए कार्यवाही की मांग की है। उनका आरोप है कि विकास की पीट पीटकर हत्या करने के बाद शव बाग में लाकर लटकाया गया है। आरोप है कि वारदात से पहले गांव के कुछ युवक उसे घर से बुलाकर ले गए थे। इस मामले में कार्यवाही की मांग को लेकर रविवार को भी दर्जनों लोग कुंडेश्वरी चौकी पहुंचे। चौकी प्रभारी एसआई चंदन सिंह बिष्ट ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उसके अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

जांच जारी

- मृतक के पिता ने बेटे की हत्या की आशंका जताई

कार से बरामद की 10 पेटी अंग्रेजी शराब

बाजपुर : पुलिस ने एक मारुति कार से 10 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। कोतवाल नरेश चौहान ने बताया कि सुल्तानपुर पट्टी पुलिस चौकी प्रभारी संदीप शर्मा ने वाहन चेकिंग के दौरान पिपिलया रेलवे क्रासिंग के निकट कार संख्या यूके06एई5031 में ले जाई जा रही अंग्रेजी शराब बरामद की। चौकी प्रभारी संदीप शर्मा, कांस्टेबिल रनवीर सिंह चौहान, जरनैल सिंह ने कच्चा खेड़ा कोतवाली रुद्रपुर निवासी सलीम अहमद पुत्र जमील अहमद से बरामद की। सलीम को धारा-60/72 आबकारी अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। सलीम ने पुलिस को यह माल रुद्रपुर में बेचने जाने की बात कही है। माल आया कहां से इसकी जानकारी जुटाई जा रही है।

पॉलिटेक्निक कॉलेजों को बंद नहीं होने देगी कांग्रेस: आर्य

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने प्रदेश में 15 पॉलिटेक्निक कॉलेजों को बंद करने के प्रदेश सरकार के निर्णय को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उनका कहना है कि इस मामले में कांग्रेस सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी।

आर्य ने कहा कि 12 अगस्त 2015 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहाथा कि अगर हमें नौजवानों को रोजगार देना हैं तो उन्हें टेक्निकल एजुकेशन देना पड़ेगा, इंजीनियरिंग में डिग्री करानी पड़ेगी, डिप्लोमा इंजीनियरिंग कराना पड़ेगा, सर्टिफिकेट कोर्स कराना पड़ेगा...। इसके विपरीत उत्तराखंड की धामी सरकार का प्राविधिक शिक्षा विभाग 15 पालिटेक्निक कालेजों में ब्रांचों को बंद कर रहा है। इसके पीछे यह कारण दिया जा रहा कि छात्र कम हैं या एडमिशन नहीं हैं। आर्य ने कहा कि जिन ब्रांचों को बंद किया जा रहा है उनमें बिग डाटा, गेमिंग एंड एनीमेशन, क्लाउड कंप्यूटिंग जैसी ब्रांच शामिल हैं जो टेक्नोलाजी की दुनिया में सबसे ज्यादा ट्रेंड में हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि धामी सरकार अपने राज में तकनीकी प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार तो दे नहीं पाई, अब रोजगार के अवसर भी हमेशा के लिए खत्म करने पर आमदा है। राज्य सरकार निजी तकनीकी संस्थाओं को बढ़ावा देकर आर्थिक रूप से कमजोर व मध्यम वर्ग के युवाओं को बेरोजगार बनाने की साजिश रच रही है।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एक बार इस बारे में भी सोचें, क्योंकि आने वाले समय में इनकी मांग और बढ़ेगी। साथ ही छात्रों की संख्या बढ़ाने के लिए बच्चों को जागरूक किया जा सकता है, विज्ञापन दिए जा सकते हैं और कालेजों द्वारा अवेयरनेस कैंपेन किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे पर चुप नहीं रहेगी और सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ेगी।

सड़क हादसों में युवती समेत चार लोग घायल

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: अलग-अलग सड़क हादसों में एक युवती सहित चार लोग घायल हो गए जिन्हें सरकारी व निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर सभी को हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

शनिवार की देर रात साढ़े 9 बजे मुड़िया कलां निवासी दबीर पुत्र नवाब हैदर अपने साथी अरमान पुत्र मोहम्मद अहसान के साथ बाइक पर शुगर फैक्ट्री से घर जा रहा था। इसी बीच रामराज रोड स्थित एक बैंक के निकट बाइक सवार एक युवती से टक्कर हो गई जिसमें युवती व दबीर के चोटें आई हैं, दोनों बाइकें भी क्षतिग्रस्त हो गई हैं। ग्राम हजीरा बरहैनी निवासी पृथपाल सिंह पुत्र बलदेव सिंह घर से स्कूटी पर बन्नाखेड़ा जा रहा था। इसी बीच बन्नाखेड़ा-बरहैनी मुख्यमार्ग पर अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर घायल हो गया। काशीपुर निवासी सोमेश विश्नोई पुत्र मुकेश विश्नोई बाइक से कहीं जा रहा था कि इसी बीच मानपुर चौराहा के निकट कुछ लोगों ने सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़ा दिखा जिसे सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया।

घटना

- सरकारी और निजी अस्पतालों में कराए भर्ती
- प्राथमिक उपचार के बाद सभी हायर सेंट रेफर

सख्ती एसएसपी ने शुरू की डबल हेलमेट मुहिम शुरू, पहले दिन खुद पहनाए डबल हेलमेट

बिना हेलमेट डबल सवारी का भी होगा चालान

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: ऊधमसिंह नगर में अब सिंगल नहीं, बल्कि डबल सवारी बिना हेलमेट पर भी पुलिस चालान काटेगी। जिसकी शुरुआत एसएसपी मणिकांत मिश्रा द्वारा रुद्रपुर शहर से की दी है और अधीनस्थों को आदेशित भी कर दिया है। जिले भर में मुहिम चलाकर डबल हेलमेट पहनाने का आदेश दिया है।

रविवार को एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने खुद अधीनस्थों के साथ डीडी चौक पहुंचे और डबल बाइक सवारों को रोककर पहले हेलमेट पहनाया और फिर बिना हेलमेट डबल सवारी पर चालान काटने की हिदायत भी दी। इसके अलावा आदेश दिया कि यातायात एवं सीपीयू कर्मी स्कूल, कॉलेज जाकर विद्यार्थियों को डबल हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करेंगे। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि डीजीपी अभिनव कुमार की जनसंवाद कार्यक्रम में भी डबल हेलमेट का मुद्दा उठा था और डबल हेलमेट नियमानुसार लागू भी हो चुका था। मगर डीजीपी के आदेश पर इसकी शुरुआत जिला मुख्यालय से की गई है। एक या दो दिन जिला पुलिस मुहिम चलाकर डबल हेलमेट के प्रति जागरूकता अभियान चलाएगी और इसके बाद भी उल्लंघन किए जाने पर चालान की कार्रवाई करेगी। इस मौके पर सीओ सदर निहारिका तोमर, सीओ सितारगंज बीएस चौहान, यातायात निरीक्षक एवं सीपीयू प्रभारी राकेश बिष्ट आदि मौजूद रहे।

डबल हेलमेट मुहिम में खुद हेलमेट पहनाते एसएसपी मणिकांत मिश्रा। ● अमृत विचार

गश खाकर गिरा अधेड़, मौत

बाजपुर : दोराहा-बाजपुर में अधेड़ उम्र व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शहीद ऊधम सिंह कंबोज चौक पर सड़क किनारे एक होटल के सामने रविवार को सुबह करीब 11 बजे 50 वर्षीय व्यक्ति अचानक जमीन पर गिर गया जिससे वहां मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर दोराहा चौकी की पुलिस मौके पर पहुंच गई और वहां अचेत पड़े व्यक्ति को 108 एंबुलेंस से सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार मृतक की शिनाख्त ग्राम धनसारा निवासी प्रदीप पांडेय पुत्र तुलसीदास पांडेय के रूप में हुई है। बताया जाता है कि मृतक नशे का आदी था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद भी मौत के कारणों का पता चल पाएगा।

हल्द्वानी में आज ऐतिहासिक होगी कांग्रेस की जनाक्रोश रैली: गाबा

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा ने कहा कि प्रदेश की धामी सरकार में बिगड़ती कानून व्यवस्था, महिला अपराध, महंगाई और भ्रष्टाचार के खिलाफ 30 सितंबर को हल्द्वानी में कांग्रेस की जनाक्रोश रैली प्रस्तावित है। जिसमें कुमाऊं भर के हजारों कार्यकर्ताओं के आने की उम्मीद है।

रविवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष गाबा ने पत्रकारों से वार्ता के दौरान बताया कि हल्द्वानी में होने वाली जन आक्रोश रैली में प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह के अलावा गणेश गोदियाल सहित कई बड़े दिग्गज नेता प्रतिभाग करेंगे। रुद्रपुर से भी हजारों कार्यकर्ता हल्द्वानी कूच करेंगे। जिसकी सारी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। उन्होंने कहा कि धामी सरकार में अफसरशाही हावी हो चुकी है। महंगाई ने आम जनता का जीना दुभर कर दिया है। महिलाएं सुरक्षित नहीं है और भाजपा के ही शीर्ष नेता ही बलात्कार, गैंगरेप की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। इससे साफ हो गया है कि धामी सरकार फेल हो चुकी है। सरकार जनता को असल मुद्दों से भटकाने का काम कर रही है। विपक्ष के विधायक इन मुद्दों को लेकर कई बार विधानसभा में भी आवाज उठा चुके हैं, लेकिन इन मुद्दों पर अभी तक सरकार गंभीर नहीं हुई है। इस मौके पर महिला कांग्रेस की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा, हरीश बावरा, मोहन खेड़ा, सौरभ चिलाना, अनिल शर्मा, मोनिका ढाली, संजीव रस्तोगी, रामप्रसाद, सतीश कुमार आदि रहे।

पत्रकारों से वार्ता करते कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा। ● अमृत विचार

- कांग्रेस जिलाध्यक्ष गाबा ने दी जानकारी
- रुद्रपुर से कूच करेंगे हजारों कार्यकर्ता

सार-संक्षेप

खटीमा के खेतलसंडा खाम में आयोजित पोषण मेले में कार्यक्रम प्रस्तुत करती महिलाएं।

खेतलसंडा खाम सेक्टर में पोषण मेले का आयोजन

खटीमा : बाल विकास परियोजना के सेक्टर खेतलसंडा खाम में पोषण मेले का आयोजन किया गया। जिसमें छह गर्भवती महिलाओ और छह नन्हें बच्चों का अन्न प्राशन संस्कार किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ मेहंदी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई और किशोरियों और बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया। मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुई और बनाए गए विभिन्न व्यंजनों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस मेले में ग्राम प्रधान, बाल विकास परियोजना अधिकारी, सुपरवाइजर सुनीता गर्ब्याल, मीरा बोहरा, विद्यावती, राजकुमारी, विनीता, हरजीत आदि उपस्थित रहे।

सौम्या गर्ब्याल को सम्मानित करते समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

सौम्या गर्ब्याल का एसडीएम के पद पर चयन

भीमताल : डॉ. आंबेडकर जन कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने विकास भवन परिसर में सब इंस्पेक्टर बीना गर्ब्याल की पुत्री सौम्या गर्ब्याल का उत्तराखंड पीसीएस में एसडीएम के पद पर चयन होने पर उन्हें पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष एमआर आर्य, रमेश चंद्र आर्य, नवीन चंद्र आर्य, आशा आर्या, निर्मला आर्या, डॉ. चंद्र प्रकाश, नन्द लाल, महेश, देवेंद्र आर्या, हरीश टम्टा, पूरन आर्या मौजूद रहे।

विजेता टीम के साथ मुख्य अतिथि विकास भगत व अन्य। ● अमृत विचार

कालाढूंगी को हराकर रामनगर बना कबड्डी चैंपियन

कालाढूंगी : मिनी स्टेडियम में खेल विभाग की ओर से आयोजित जिला स्तरीय अनुसूचित जाति पुरुष वर्ग की जिला कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मैच रामनगर ने जीत लिया। फाइनल मुकाबले में कालाढूंगी को 11 प्वाइंट से हराया। जिले की पांच टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लेते हुए बेहतर प्रदर्शन किया। रविवार को प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला पंचायत सदस्य आरती टम्टा ने किया। पहले मैच में हल्दूचौड ने कालाढूंगी प्रथम टीम को 29-2 से हराया। पहले सेमीफाइनल मैच में रामनगर ने हल्द्वानी को 44-9 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल मैच में कालाढूंगी ट्रेनिज प्रथम ने हल्दूचौड को 32-9 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। रामनगर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कालाढूंगी को 11 अंक से हराकर फाइनल पर कब्जा किया। निर्णायक राजेन्द्र सिंह नेगी, मनमोहन बसेड़ा, विजय बहादुर सिंह, राजेश बिष्ट नितिन पडलिया, हरप्रीत सिंह कंबोज रहे। अतिथि विधायक प्रतिनिधि विकास भगत ने विजेता व उपविजेता टीम को सम्मानित किया। इस मौके पर जिला खेल अधिकारी निर्मला पंत, प्रशासक नीता पोखरियाल, मयंक गुप्ता, गोविंद पांडे, सत्यम शर्मा, गोपाल बुधलाकोटी, विक्रम जंतवाल, विनोद बुढलाकोटी, कुदंन बसेड़ा, हेमलता, वीरेंद्र मटेला मौजूद रहे।

शिविर में कैडेटों को जानकारी देते कैंप कमांडेंट कर्नल शोमिर भटनागर व अन्य।

एनसीसी पंतनगर का 10 दिनी वार्षिक प्रशिक्षण शुरू

पंतनगर : वन यूके आर एंड वी स्क्वाड्रन एनसीसी पंतनगर का 10 दिनी वार्षिक प्रशिक्षण शिविर रविवार से एलपीएम कंपाउंड में शुरू हो गया। शिविर का नेतृत्व कर रहे कमांडेंट कर्नल शोमिर भटनागर ने बताया कि इस कैंप में एक एएनओ व एक एलएएनओ सहित 124 कैडेट्स प्रतिभाग कर रहे हैं। कर्नल भटनागर ने बताया कि वन यूके आर एंड वी एनसीसी में कैडेटों को घुड़सवारी सीखने का अच्छा मौका मिलता है। शिविर के दौरान कैडटों को ड्रिल, शारीरिक प्रशिक्षण, वेपन ट्रेनिंग, जनरल नॉलेज, घुड़सवारी, आर्मी बैकग्राउंड व सामान्य ज्ञान आदि की जानकारी दी जाएगी। साथ ही भारतीय सेना में प्रयोग होने वाले हथियारों के विषय में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा कैडेटो को एकता और अनुशासन के बारे में विस्तार से बताने सहित विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं भी कराई जाएंगी। कैडेटों को देश निर्माण और देश प्रेम में अपना सर्वोत्तम योगदान देने की अपील भी की जाएगी। कैडेटों को अग्निवीर भर्ती के बारे में कैंप कमांडेंट की ओर से विस्तृत जानकारी दी जा रही है। इस दौरान कैप्टन मीना मृगेश, कैप्टन सुधीर कुमार, सुबेदार धनंजय कुमार, हवलदार विनोद सोनवाल, एएलडी बीएल यादव, एनए वैट देवाशिष बेहरा व जीसीआई मनीषा पांडे मौजूद रहे।

पटेल भवन में छात्रों को दी एक्स्पायरी फ्रूटी, हड़कंप

छात्रों के हंगामे के बाद डीएसडब्ल्यू ने व्यापारी से खाद्य आपूर्ति बंद करवाई

संवाददाता पंतनगर

अमृत विचार: पटेल भवन के कैंटीन संचालक ने शनिवार को छात्रों के भोजन में एक्स्पायरी डेट की फ्रूटी परोस दी, जिससे छात्र आक्रोशित हो उठे। छात्रों की शिकायत पर डीएसडब्ल्यू ने तत्काल फ्रूटी की पेटी नष्ट करवाकर मेस संचालक को जमकर फटकार लगाई और संबंधित व्यापारी से खाद्य आपूर्ति बंद करवा दी।

पंतनगर विवि में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को रहने के लिए परिसर में 22 छात्रावास बनवाए गए हैं। साथ ही भोजन व्यवस्था के लिए छात्रावासों में ही कैंटीन की सुविधा उपलब्ध है। जिनका संचालन निजी संस्थाओं या व्यक्तियों को अनुबंध के आधार पर दिया जाता है। वर्तमान में प्रति छात्र प्रतिदिन (सुबह की चाय से शाम के भोजन तक) 120 रुपये शुल्क निर्धारित है। एक सप्ताह पूर्व महिला छात्रावासों (सुभाष और सरोजिनी भवन) में छात्राओं को परोसे गए भोजन में कीड़े निकलने का मामला सुर्खियां बना था। जिसकी गाज डीएसडब्ल्यू, वार्डन, प्रबंधक सहित छह लोगों पर गिरी थी। यह मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि शनिवार को पटेल भवन के मेस संचालक ने हिमाकत करते हुए छात्रों को एक्स्पायरी डेट की फ्रूटी सर्व कर दी। छात्रों को जब इसकी जानकारी हुई, तो उन्होंने हंगामा करना शुरू कर दिया। साथ ही इसकी शिकायत हॉस्टल वार्डन डॉ. पारस सहित नवनियुक्त अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. आनंद सिंह जीना से कर दी। शाम को हॉस्टल पहुंचे डॉ. जीना ने शिकायत को सही पाया और अपने सामने फ्रूटी की पेटी को नष्ट करवाकर मेस संचालक से आपूर्तिकर्ता की सप्लाई बंद करवा दी।

बिना टेंडर के दिया मेस संचालन का काम

छात्रों का आरोप है कि विवि में छात्रावासों की मेस संचालन का कार्य यूं तो टेंडर प्रक्रिया के तहत दिए जाने का प्रावधान है। परंतु वर्तमान में इस प्रक्रिया का पालन नहीं हो रहा है। चहेतों को लाभ पहुंचाने के लिए जिम्मेदारों ने उन्हें मेस संचालन का कार्य दे दिया, जिन्होंने कभी इस प्रवृत्ति के कार्य ही नहीं किया है। यह मेस संचालक अधिक पैसा कमाने के चक्कर में खराब गुणवत्ता की खाद्य सामग्री प्रयोग कर छात्रों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने में लगे हैं।

> पटेल भवन में फूड कमेटी के स्टॉक चेक करने के दौरान फ्रूटी की एक पेटी एक्स्पायरी डेट की मिली थी। पेटी को नष्ट करवाकर मेस संचालक के माध्यम से उक्त व्यापारी से खाद्य आपूर्ति बंद करवा दी गई है। साथ ही मेस संचालक को अनुबंध के अनुसार संस्तुत उत्कृष्ट खाद्य पदार्थ प्रयोग करने तथा फूड कमेटी को भी प्रतिदिन खाद्य पदार्थ और भोजन की गुणवत्ता जांचने के निर्देश दिए हैं।
> **-डॉ. आनंद सिंह जीना**, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, पंतनगर विवि

चोरी के सामान सहित आरोपी धरा गया

खटीमा: पुलिस ने तीन दिन पहले हुई चोरी के मामले में आरोपी को मय चोरी के समान सहित पकड़ने में सफलता हासिल की है।

26 सितंबर को लोहियाहेड रोड निवासी ऋचा मनोला ने पुलिस में रिपोर्ट दर कराई थी कि वह दिल्ली में राय रही है और उसकी मां घर में अकेली थी और घर से कोरी हो गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरी के खुलासे में जुट गई। शनिवार को चकरपुर चौकी प्रभारी प्रियांशु जोशी ने मुखबिर से मिली सूचना पर टीम के साथ कारवाई करते हुए नदन्ना से लालकोठी जाने वाले पर एक व्यक्ति को पकड़ लिया। उसकी तलाशी लेने पर उसके कब्जे से ऋचा मनोला के घर से चोरी किया गया गलूबंद, मंगलसूत्र, कान के कुंडल, दो जोड़ी पायल और 6800 रुपए नकद बरामद किए। पूछताछ में उस व्यक्ति ने स्वयं को उत्तर प्रदेश के जिला चंदौली के गांव नरौली, धानापुर निवासी बाबूलाल प्रजापति बताया। चोरी के समान की शिनाख्त ऋचा मनोला ने किया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया। टीम में चौकी प्रभारी प्रियांशु जोशी, नाथ सिंह, कमल पाल, हरीश जोशी, पूरन सिंह, महेश रोंकली, शांति लाल आदि रहे।

रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते बच्चे। ● अमृत विचार

छात्रों को दी प्रकृति के पांच तत्वों पर रोचक जानकारी

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: आरएएन स्कूल के कक्षा चार के विद्यार्थियों के लिए प्रकृति के पांच तत्व जीवन की कुंजी विषय पर आधारित कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान विद्यार्थियों ने कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति दी। इससे जनसमूह मंत्रमुग्ध हो गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. शिल्पा सिंघल और संस्थान के मोहित राय द्वारा किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण मानव जीवन का अभिन्न तत्व है। आकाश, अग्नि, जल, वायु और पृथ्वी सृष्टि की रचना करते हैं। यदि पर्यावरण दूषित हो गया तो पंचतत्व भी प्रभावित हो जाएंगे और सृष्टि का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा।

इसी को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक नागरिक को पौधरोपण व प्रकृति के पांच तत्व को संरक्षित करने की ओर ध्यान देना चाहिए। तभी स्वस्थ एवं स्वच्छ समाज की स्थापना होगी। कार्यक्रम में कक्षा चार के विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य भावना भनोट, प्रधानाचार्य रेखा कर्नाटक, शालिनी कपूर, अजीत जैन, गौरव कुमार, प्रशासिका निधि राय आदि मौजूद रहे।

जसपुर के लालपुर बक्सोरा में किसान यूनियन की बैठक में भाग लेते भाकियू कार्यकर्ता।

लालपुर बक्सोरा में भाकियू ने गठित की निगरानी कमेटी

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचार: गांव लालपुर बक्सोरा में भारतीय किसान यूनियन तहसील अध्यक्ष बलविंदर सिंह के निवास पर आयोजित भाकियू की बैठक में धान खरीद केंद्रों पर धान खरीद में होने वाली अव्यवस्था पर निगरानी रखने के लिए भाकियू कार्यकर्ताओं की निगरानी कमेटी का गठन किया गया। इसमें प्रेम सिंह सहोता, दर्शन सिंह देओल, अमनप्रीत सिंह, शीतल सिंह, दीदार सिंह, चौधरी किशन सिंह, सुखदीप सिंह, मास्टर हरदेव सिंह, बलविंदर सिंह, अमरजीत सिंह, संजीव कुमार व मुख्तियार सिंह को शामिल किया गया।

आठ पदों पर 16 उम्मीदवारों ने कराया नामांकन

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: मातृ शिशु एवं परिवार कल्याण महिला कर्मचारी संघ की जिला कार्यकारिणी के लिए नामांकन की प्रक्रिया संपन्न हो गयी है। इसमें आठ पदों के लिए 16 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन कराया है। एक अक्टूबर को नामांकन पत्रों की वापसी होगी, जबकि 15 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से सीएमओ कार्यालय में मतदान होगा और परिणाम घोषित किए जाएंगे।

यहां बता कि पिछले तीन दिनों से मातृ शिशु एवं परिवार कल्याण महिला कर्मचारी संघ की जिला कार्यकारिणी के गठन के लिए नामांकन प्रक्रिया चल रही थी। इस दौरान अध्यक्ष पद के लिए इंदिरा धामी और शालिनी रावत ने नामांकन कराया है। इसी तरह जिला मंत्री पद के लिए रोजलीन एलेक्जेंडर और बाली सिंह, उपाध्यक्ष पद के लिए गीता भट्ट और अनुपमा वर्मा, संयुक्त मंत्री पद पर इंदिरा चौधरी और मंजू कोरंगा, संगठन मंत्री पद पर रेखा कन्याल और सीमा शाह ने नामांकन कराया है।

इसके अलावा कोषाध्यक्ष पद पर गीता गोस्वामी और दलजीत कौर, ऑडिटर पद पर तारी देवी और शशिकला और प्रचार-प्रसार मंत्री पद पर भावना जोशी और कंचन ज्योति ने नामांकन कराया है। जनपद स्तर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज शर्मा के संरक्षण में नोडल अधिकारी डॉ.डीपी सिंह और डॉ. एसपी सिंह निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराएंगे।

नोडल अधिकारी डॉ. सिंह ने बताया कि एक अक्टूबर को नामांकन पत्रों की वापसी होगी और 15 अक्टूबर को मतदान होगा। इसके बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे।

नामांकन पत्र दिखाते उम्मीदवार, साथ ही सीएमओ डॉ. मनोज शर्मा व अन्य। ● अमृत विचार

रेलवे यात्रियों की समस्याओं का हो समाधान

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: खटीमा रेलवे स्टेशन की सलाहकार समिति की बैठक में स्टेशन पर यात्रियों के समक्ष आने वाली कई समस्याएं रखी गई और इस संबंध में स्टेशन मास्टर को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के निदान की मांग की गई।

बैठक में रेलवे स्टेशन पर बने पे एंड यूज का ठेका न हो पाने के कारण यात्रियों को कठिनाई होती है। सुझाव दिया गया की यदि कोई ठेका नहीं लेता है तो इसे बिना लाइसेंस फीस के दे देना चाहिए ताकि यात्रियों को सुविधा मिल सके। यह भी कहा गया कि मझोला को जाने वाली ट्रेन के समय प्लेटफार्म संख्या 2 से 1 पर आने-जाने को बना पथ-वे खराब है और लाइनों पर एक रैक खड़ा रहता है जिससे यात्रियों को परेशानी हो रही है। बैठक में यह भी कहा गया कि त्रिवेणी एक्सप्रेस जब भी स्टेशन पर आती है उसकी लंबाई अधिक होने के कारण पांच डिब्बे प्लेटफार्म से बाहर रह जाते हैं।

उन्होंने प्लेटफार्म की लंबाई बढ़ाने और अनारक्षित श्रेणी के कोचों की संख्या तीन से बढ़ाकर 6 करने की मांग की गई। रेलवे स्टेशन पर वाटर कूलर लगवाने और टनकपुर से मुंबई और वाराणसी के लिए ट्रेन सुविधा दिए जाने की मांग की गई।

इस अवसर पर सलाहकार समिति सदस्य अनुपम शर्मा, ओमप्रकाश ठाकुर, गणेश सिंह राणा, जय किशन भारती, दीपक कुमार, पुष्पराज सिंह, कौशल कुमार वार्ष्णेय आदि मौजूद थे।

खटीमा में स्टेशन मास्टर को ज्ञापन सौंपते सलाहकार समिति के लोग। ● अमृत विचार

कास क्रंट्री रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते डीएसडब्ल्यू डॉ. आनंद सिंह जीना।

क्रास कंट्री रेस में कुशाग्र, ज्योति जीते

पंतनगर, अमृत विचार: जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर क्रास कंट्री रेस 2024-25 का आयोजन किया गया। शारीरिक शिक्षा अनुभाग की ओर से स्टीवेंसन स्टेडियम में सुबह सात बजे अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. आनंद सिंह जीना ने रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रेस में विवि के 104 छात्रों और 342 छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता के छात्र वर्ग में टैगोर भवन छात्रावास के कुशाग्र मेहरा पहले, टैगोर के ही निखिल बिष्ट दूसरे एवं पंत भवन के कनिष्क वर्मा तीसरे स्थान पर रहे। वहीं छात्रा वर्ग में मंदाकिनी भवन छात्रावास की ज्योति पहले, मंदाकिनी भवन की प्रियंका बिष्ट दूसरे एवं गांधी भवन की शिवानी तीसरे स्थान पर रहीं। डीन होम साइंस एवं कार्यवाहक कुलपति डॉ. अल्का गोयल और डीएसडब्ल्यू डॉ. जीना ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। यहां डॉ. ओमप्रकाश, सह निदेशक डॉ. जीएस बोहरा, डॉ. पूनम त्यागी, डॉ. भाष्कर तिवारी, डॉ. एचएस पपोला, डॉ. वीके सिंह, योगेश पंत, केपी सिंह, विजय व प्रेम यादव रहे।

भाजपाइयों ने सुनी पीएम मोदी का मन की बात

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "मन की बात" कार्यक्रम को लेकर वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह के किशनपुर स्थित आवास पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं ने बड़ी टीवी स्क्रीन पर प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात को सुना।

किच्छा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान में भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह द्वारा सर्वाधिक सदस्य बनाने पर भाजपाइयों ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। संजीव कुमार सिंह ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश प्रगति कर रहा है। कार्यक्रम में विवेक राय, पूरन भट्ट, ब्रह्मानंद पुरोहित, मनमोहन सक्सेना, कमलेश दुबे, नवीन सिंह, सोनी सिंह, लता सिंह, श्याम बिष्ट, धनंजय सिंह, योगेंद्र कश्यप, आरती दुबे, दया डसीला, प्रकाश पंत, बीना पांडे, मधु गुप्ता, सुनीता गंगवार, विमला गंगवार, सुभाष तनेजा, संगीता शर्मा, ओम तनेजा रहे।

किच्छा में मन की बात कार्यक्रम में उपस्थित भाजपाई। ● अमृत विचार

बाजपुर में प्रधानमंत्री के मन की बात सुनते दर्जा मंत्री बलराज पासी व भाजपा कार्यकर्ता।

पासी ने कार्यकर्ताओं संग सुनी मन की बात

बाजपुर : दर्जा मंत्री एवं पूर्व सांसद बलराज पासी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को शुगर मिल बूथ क्रमांक 115 पर कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगों के साथ सुनी। इसके बाद उन्होंने बूथ कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा सदस्यता महाभियान के तहत कुछ लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई। पासी ने कहा कि हमारी सरकार गरीब, किसान, युवा, महिलाओं के लिए कल्याण के हर संभव प्रयास कर रही है। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता मंजीत सिंह राजू, निवर्तमान सभासद सुशील वर्मा, शक्ति केंद्र संयोजक मुकेश शाह, युवा नेता सुबोध दुबे उर्फ राजू पंडित, सूरज सागर, मनोज ठाकुर, गुलाम मुस्तफा आदि मौजूद रहे।

पूर्व राज्यपाल कोश्यारी ने घर जाकर शोकाकुल परिवार को दी सांत्वना

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: भाजपा नेता एवं पूर्व पालिका उपाध्यक्ष नंथू लाल गुप्ता की माता के निधन पर पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी रंपुरा बस्ती पहुंचे और परिवार को सांत्वना दी।

बताते चलें कि विगत दिनों रंपुरा बस्ती के रहने वाले भाजपा नेता एवं पूर्व पालिका उपाध्यक्ष नंथूलाल गुप्ता की 88 वर्षीय माता हरदेवी देवी का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था। जिसकी सूचना मिलते ही रविवार को महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व सीएम भगत सिंह कोश्यारी भाजपा नेता के आवास पहुंचे और माता के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। साथ ही परिवार को ढांढस बंधाया। इस अवसर पर पूर्व पालिकाध्यक्ष राजकुमार ठुकराल, भाजयुमो नेता दीपेंद्र कोश्यारी, सुरेश परिहार, शैलेंद्र कोली, विपिन शर्मा बिट्टू, सुरेश शर्मा, डॉ. महेश कोली, एडवोकेट महावीर सिंह कश्यप, राजेश गुप्ता बंटी, विनोद वर्मा, संजीव गुप्ता, कमल दीप सोनकर, मनोज गुप्ता, कल्लू राम गुप्ता आदि रहे।

भाजपा नेता की माता के निधन पर रंपुरा बस्ती पहुंचे पूर्व राज्यपाल। ● अमृत विचार

एक नजर

आदिवासी कांग्रेस कमेटी ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं

बाजपुर : नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के दिशा निर्देश पर अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस कमेटी की ओर से रविवार को ग्राम महोली जंगल, महोला में कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया। कार्यक्रम की अगुवाई कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष पवन शर्मा व संचालन विधायक प्रतिनिधि डीके जोशी ने किया। इस मौके पर आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष जीत सिंह, आदिवासी कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष पंचम सिंह, पूर्णिमा, पार्वती, राजेंद्र, हरि सिंह, जगजीत सिंह, हरवंश सिंह, विक्रम सिंह, नितिन, निर्मल सिंह, कन्हैई सिंह, भुवान सिंह मौजूद रहे।

घर में घुसकर अश्लील हरकत करने का आरोप

बाजपुर : पुलिस चौकी दोराहा क्षेत्रांतर्गत एक गांव निवासी महिला ने तहरीर देकर पुलिस को बताया कि रविवार की सुबह 9 बजे वह घर पर अकेली थी। आरोप है कि इसी बीच दूसरे गांव का एक युवक जबरन घर में घुस गया और उसके साथ बदतमीजी व अश्लील हरकत करने लगा। विरोध किया तो आरोपी उसे पैसों की गड्डी दिखाते हुए उसे लालच देने लगा। शोर करने पर आरोपी गाली-गलौज करते हुए जांच से मारने की धमकी देकर फरार हो गया।

दस महिलाओं को बांटी महालक्ष्मी किट

काशीपुर : पोषण माह के तहत कार्यक्रम आयोजित कर दस महिलाओं को महालक्ष्मी किट वितरित करने समेत अन्य आयोजन किए गए। शनिवार को बाल विकास परियोजना ग्रामीण की ओर से पोषण माह का आयोजन आंगनबाड़ी केंद्र प्रतापपुर में किया गया। पोषण माह के अंतर्गत 10 धात्री महिलाओं को महालक्ष्मी किट, आठ बच्चों का अन्नप्राशन, पांच बच्चों को पोषण पोटली, 18 महिलाओं की गोद भराई की गई और बालिकाओं की चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बाल विकास परियोजना अधिकारी विमल बाराकोटी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहां, ग्राम प्रधान बालेश, सुपरवाइजर प्रमिला कोहली, वंदना चौहान, जानकी कश्यप, रजनी, स्नेहलता, आरती, किरन आदि मौजूद रहे।

हाट बाजार में नहीं पहुंचे बाहरी व्यापारी

प्रशासन ने सोमवार के बजाय रविवार तय कर दिया है नगर में हाट बाजार लगाने का दिन

बदलाव

- नगर में पांच दशक से सोमवार को लगता रहा है हाट बाजार, प्रशासन ने यातायात व्यवस्था सुधारने को लिया है निर्णय

संवाददाता, बाजपुर

बाजपुर में सब्जी बाजार में फड़ लगाकर बैठे सब्जी व्यापारी। ● अमृत विचार

अमृत विचार: पांच दशक से भी अधिक समय से लगता आ रहा सोमवार साप्ताहिक हाट बाजार का मामला बढ़ गया है। स्थानीय प्रशासन ने लघु व्यापारियों को विश्वास में लिए बिना बाजार का दिन परिवर्तित कर दिया था।

लघु व्यापारियों ने इसका समर्थन नहीं किया और एक भी बाहरी व्यापारी हाट बाजार में दुकान लेकर नहीं पहुंचा। स्थानीय कुछ सब्जी विक्रेताओं ने कुछ दुकानें लगाई लेकिन उन पर भी ग्राहक नजर नहीं आए।

लगभग 15 दिन की मशक्कत के बाद प्रशासन ने यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए 10 दिन पूर्व तय किया था कि 29 सितंबर से साप्ताहिक हाट बाजार सोमवार के बजाय रविवार को लगाया जाएगा। रविवार को स्कूल व सरकारी कार्यालय बंद रहते हैं और नगर में वाहनों का दवाब कम होने से यातायात पर प्रभाव नहीं पड़ेगा। लेकिन प्रशासन की तमाम कोशिशों के बावजूद लघु व्यापारियों ने रविवार के बाजार में शिरकत नहीं की।

कहा गया कि रविवार को गदरपुर, काशीपुर, कनौरा में बड़े बाजार निर्धारित हैं। वह इन बड़े बाजारों को नहीं छोड़ सकते हैं। वहीं दूसरी ओर सोमवार को बाजार नहीं लगने देने के लिए प्रशासन ने भी पूरी तैयारी कर ली है। सुरक्षा की दृष्टि से भारी संख्या में फोर्स बुलाने की सूचना है। ऐसे में जहां रविवार को व्यापारी बाजार में नहीं आए तो अब सोमवार 30 सितंबर को प्रशासन उन्हें बाजार लगाने नहीं देगा, ऐसे हालात बनते नजर आ रहे हैं। ऐसे में दोनों पक्षों में तनाव बढ़ने की भी संभावना है।

डेंटल क्लीनिक संचालक पर रुपये हड़पने का आरोप

बाजपुर : डेंटल क्लीनिक संचालक पर 10500 रुपये हड़पने का आरोप लगाते हुए पुलिस चौकी सुल्तानपुर पट्टी में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम घोसीपुरा स्वार रामपुर (उप्र) निवासी रुस्तम पुत्र स्व.भूरा ने पुलिस को बताया कि 6 माह पूर्व सुल्तानपुर पट्टी में स्थित एक डेंटल क्लीनिक पर दांत लगवाने गया था, जहां मौजूद चिकित्सक ने दांत लगवाने का खर्च 20 हजार रुपये बताया। इस पर एडवांस में चिकित्सक को पैसे दे दिए। चिकित्सक ने दांत मंगवाने के बाद उसका खर्च 40 हजार रुपये बताया और बाकी के 20 हजार रुपये की अतिरिक्त मांग करने लगा। सुल्तानपुर पट्टी पुलिस चौकी के जरिये 18 हजार रुपये लौटाने की बात हुई जिसमें आरोपी ने पीड़ित को कई बार में 7500 रुपये लौटाए। शेष बचे 10,500 रुपये वापस करने में टाल-मटोल कर रहा है।

भारतीय बजरंग दल की नगर ईकाई का किया गठन

नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत करते डॉ. राजीव महाजन।

संवाददाता, गदरपुर

अमृत विचार : भारतीय बजरंग दल की नगर ईकाई का गठन करते हुए कार्यकर्ताओं को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

रविवार को भारतीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष डॉ. पुष्पेन्द्र कश्यप के नेतृत्व में शिव पार्वती मंदिर के सभागार में बजरंग दल की बैठक की गई। दल के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार महाजन की संतुति पर नगर कार्यकारिणी की घोषणा कर कार्यकर्ताओ को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इस दौरान सचिन बटला नगर अध्यक्ष, विवेक शर्मा उपाध्यक्ष, जयप्रकाश चंद्रा नगर मंत्री, राहुल कश्यप वार्ड अध्यक्ष वार्ड नंबर 4, सुभाष वाधवा वार्ड अध्यक्ष वार्ड नंबर 5, मनोज कुमार वार्ड अध्यक्ष वार्ड नंबर 6 नियुक्त किए गए। जिलाध्यक्ष डॉ. पुष्पेंद्र कश्यप ने नवनियुक्त पदाधिकरियों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडवोकेट शिव शंकर चावला ने की।

डालमिया अध्यक्ष जगन बने महामंत्री

सितारगंज में मनोनयन पत्र के साथ नवनिर्वाचित पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, सितारगंज

अमृत विचार : उत्तरांचल प्रदेश अग्रवाल महासभा के जिलाध्यक्ष महेश मित्तल ने शक्तिफार्म अग्रवाल महासभा के नये पदाधिकारियों को मनोयनन पत्र सौंपे। सनातन धर्म मंदिर में हुई बैठक में जिलाध्यक्ष महेश मित्तल ने नवनियुक्त पदाधिकारी अध्यक्ष जगदीश डालमिया, महामंत्री जगन अग्रवाल व कोषाध्यक्ष विनय अग्रवाल, युवा अध्यक्ष किशन गोयल, युवा महामंत्री करन सिंघल, युवा कोषाध्यक्ष मोहित गर्ग को मनोयनन पत्र सौंपे। नवनियुक्त अध्यक्ष जगदीश डालमिया ने कहा कि जल्द ही शेष पदाधिकारियों व कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा और महाराजा अग्रसेन जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। यहां जिलाध्यक्ष महेश मित्तल, जगदीश डालमिया, जगन अग्रवाल, विनय अग्रवाल, रविंद्र अग्रवाल, वीरेंद्र अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, पीयूष मित्तल, मोहित गर्ग, अंकित रहे।

नैनीताल में पुलिस कर्मी से भिड़े पर्यटक

नैनीताल : मल्लीताल रिक्शा स्टैंड के समीप गलत दिशा से आ रहे स्कूटी चालक पर्यटकों को पुलिस कर्मी ने रोका तो पर्यटकों ने हंगामा कर दिया। पर्यटक वीडियो बनाते हुए पुलिसकर्मी की वर्दी से खींचतान करने लगे। कोतवाली से अन्य पुलिसकर्मियों को बुलाकर किसी तरह पर्यटकों को काबू किया गया। पुलिस ने एक पर्यटक के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की है।

रविवार दोपहर मल्लीताल रिक्शा स्टैंड पर पुलिसकर्मी प्रदीप कुमार ड्यूटी पर थे। इस बीच अपर मालरोड से उल्टी दिशा में आ रहे पर्यटकों की स्कूटी को उन्होंने रोक लिया। पुलिसकर्मी ने स्कूटी का फोटो खींच अधिकारियों को भेजा तो पर्यटक भड़क गए। वह पुलिसकर्मी से अभद्रता करने लगे। एसआई प्रियंका मौर्य ने बताया कि ओम साई इन्क्लेव गाजियाबाद निवासी अंशुमन तिवारी के विरुद्ध चालानी कार्रवाई कर छोड़ दिया गया।

श्रीहेमकुंड साहिब के लिए 11 सौ से अधिक श्रद्धालु रवाना

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: गुरु रामदास जी गुरुगद्दी व गुरु अमर दास जी के ज्योति जोत दिवस को समर्पित 6 दिवसीय विशेष यात्रा गुरुद्वारा साहिब नानकसर ठाठ गजरौला से श्रीहेमकुंड साहिब के लिए रविवार प्रातः 7 बजे गुरुद्वारे के मुख्य सेवादार बाबा प्रताप सिंह की अगुवाई में गुरुग्रंथ साहिब के सम्मुख सामूहिक अरदास के बाद रवाना हो गई।

गुरुद्वारा साहिब नानकसर के मुख्य सेवादार बाबा प्रताप सिंह ने बताया कि यात्रा को लेकर संगत के लिए 26 बसों व 13 चौपहिया एवं 30 दो पहिया वाहनों की व्यवस्था की गई थी। संगत बढ़ने पर दो अतिरिक्त बसों की व्यवस्था करनी पड़ी। यात्रा में 1100 से अधिक महिला-पुरुष श्रद्धालुओं का जत्था शामिल है। इस बार यात्रा को लेकर संगत में भारी उत्साह है और यह सबसे बड़ा जत्था है।

बाजपुर गुरुद्वारा साहिब नारकसर ठाठ गजरौजा से रवाना होता श्रद्धालुओं का जत्था।

श्री हेमकुंड साहिब की यात्रा संपूर्ण होने के पश्चात 4 अक्टूबर की सायं 5 बजे गुरुद्वारा साहिब नानकसर गजरौला में यात्रा की वापसी होगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान गोविंद घाट से लेकर गोविंद धाम एवं श्री हेमकुंड साहिब तक की 19 किलोमीटर पदयात्रा होगी। यात्रा के दौरान पर्यावरण व मर्यादित व्यवहार के लिए संगत को सचेत कर दिया गया है। यात्रा के दौरान व्यवस्थाओं के लिए सेवादारों को जिम्मेदारियां दी गई हैं।

कार के अंदर जैमर मिलने पर दंपति का काटा चालान

नैनीताल : पर्यटक दंपति को कार में लगा जैमर लेकर भागना महंगा पड़ गया। पुलिस ने दंपति पर चलानी कार्रवाई की है। दिल्ली से घूमने के लिए पति-पत्नी अपनी कार से नैनीताल पहुंचे थे। देर शाम दोनों जब नैनीताल के तल्लीताल पहुंचे तो उन्होंने अपनी कार नो पार्किंग जोन में खड़ी कर दी और दोनों घूमने के लिए चले गए। जब वह नहीं आये तो पुलिस ने कार में जैमर लगा दिया। जब दंपति कार के पास पहुंचे तो उन्होंने जैमर तोड़कर कार के अंदर रख लिया और कार लेकर मल्लीताल की ओर चले गये। पुलिस ने कार को लेक ब्रिज चुंगी के समीप रोक लिया। कार रोकने पर पति-पत्नी पुलिस से भिड़ गए। पुलिस ने कार की डिग्गी खोली तो क्षतिग्रस्त जैमर कार में रखा मिला। हंगामा होने के बाद पुलिस दोनों को थाने ले आई।

पेंशनर्स ने की समस्याओं पर चर्चा

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : उत्तराखंड गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर आर्गेनाइजेशन उत्तराखंड की बैठक इंटर कालेज परिसर में हुई। बैठक में राजकीय एवं निजी चिकित्सालय में ओपीडी एवं भर्ती की स्थिति में कैशलेस सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की गई।

बैठक में गोल्डन कार्ड की मासिक कटौती कार्यरत कर्मचारियों की तुलना में 50 प्रतिशत करने, 18 माह से फ्रीज डीए, एरियर का भुगतान करने, 80 वर्ष की उम्र में 20 प्रतिशत पेंशन बढ़ोत्तरी के बजाय 65 वर्ष पर 5 प्रतिशत, 70 वर्ष पर 10 प्रतिशत, 75 वर्ष पर 15 प्रतिशत और 80 वर्ष पर 20 प्रतिशत पेंशन वृद्धि की व्यवस्था करने की मांग की गई। गोल्डन कार्ड धारकों को इलाज की सुविधा उपलब्ध की मॉनिटरिंग के लिए जिला अधिकारी/मुख्य चिकित्सा अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त करने की मांग की गई। साथ ही उत्तर प्रदेश के शासनादेश की भांति 30 जून एवं 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त कर्मचारियों को एक वेतन वृद्धि देने की मांग की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश प्रवक्ता मोहन लाल यादव व संचालन महासचिव बीके नैनवाल ने किया। बैठक में एसके नैयर, बीके नैनवाल, माला सिंह, परशुराम, मोहन लाल यादव, हरिशंकर गुप्ता, स्वयंपाल सिंह, धीरज शर्मा, बीबी पाठक, मुन्नी छवाण, गोपाल दत्त, चंद्र दत्त, बाबू सिंह चौहान, सुरेश लाल, जयप्रकाश सिंह, रामेश्वर आर्य, दिवान सिंह, बालम सिंह, रघुनाथ राम आर्य, लीला पांडेय आदि रहे।

बाजपुर के इंटर कालेज सभागार में आयोजित बैठक में विचार-विमर्श करते पेंशनर।

जसपुर में दुकानों का सत्यापन करती पुलिस टीम।

पुलिस ने दुकानदारों का सत्यापन किया

जसपुर : पुलिस ने कबाड़ियों व फल ठेली वालों का सत्यापन किया। प्रभारी निरीक्षक के निर्देशानुसार पुलिस ने 3 लोगों के 83 पुलिस अधिनियम के अंतर्गत कोर्ट चालान कर 30 हजार रुपये का जुर्माना तथा 9 लोगों का 81 पुलिस अधिनियम के अंतर्गत चालान कर 1250 रुपये संयोजन शुल्क वसूल किया। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक जगदीश ढकरियाल, एसआई हरीश आर्य, ललित दिगारी, हेड कांस्टेबल वीरेंद्र कुमार, कांस्टेबल कुलदीप सिंह, इंदर सिंह, विपिन चंद्र, यतेंद्र रावत, सुरेंद्र सिंह, चंद्री चंद्र, रोहित कुमार व वीरेंद्र सिंह, होमगार्ड बेग राज, पीआरडी मिश्री सिंह शामिल रहे।

आयुर्वेद अपनाकर करें खानपान का प्रबंधन : डा. विश्वरूप

बहजोई (संभल), अमृत विचार : जनपद के स्थापना दिवस सात संभल कल्कि महोत्सव के दूसरे दिन प्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य डा. विश्वरूप चौधरी ने आयुर्वेद पर चर्चा करते हुए केवल दिनचर्या बदलने से ही दवा से छुटकारा मिलने की बात कही। आयुर्वेद से बड़ी-बड़ी बीमारियों का उपचार संभव होने की बात कही। बड़ा मैदान पर चल रहे संभल कल्कि महोत्सव के दूसरे दिन आयोजित गोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला जज कमलेश, डीएम राजेंद्र पैंसिया, डा. विश्वरूप व आचार्य मनीष ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित किया।

चीनी मिल के मृतक आश्रितों के नियोजन को लेकर हुई चर्चा

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : रविवार को सहकारी चीनी मिल अतिथि गृह में प्रधान प्रबंधक हरवीर सिंह व भाजपा नेता राजेश कुमार ने बाजपुर चीनी मिल हित सर्वोपरि श्रमिक संगठन के प्रतिनिधि मंडल के साथ वार्ता कर शासन की ओर से फिटमेंट प्रक्रिया के लिए मांगी गई रिपोर्ट पर चर्चा की।

इस दौरान चीनी मिल के मृतक आश्रितों के नियोजन के संबंध में चल रही प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही चीनी मिल सुरक्षा कर्मियों की मांग पर भी वार्ता की। प्रधान प्रबंधक हरवीर सिंह ने समस्त विषयों पर जानकारी दी। भाजपा नेता राजेश कुमार ने बताया कि सरकार की मंशा चीनी मिल की समस्याओं का समाधान करने की है। इसको लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा गंभीर हैं।

उसी का परिणाम है कि लंबे समय से रुकी मृतक आश्रितों को भी जल्द नियुक्ति मिलने जा रही है। चीनी मिल का आधुनिकीकरण हो रहा है। इस मौके पर सूर्यमणि पांडे, कुलवंत सिंह, अग्रसेन ठाकुर, काली सेवक, दौलत सिंह, पवन कुशवाहा, नफीस अहमद, राजेंद्र सिंह, ओम पांडे, जोगेंद्र कुमार, महावीर, रामप्रीत, शंभू यादव, सोनू कुमार, अशोक मिश्रा, भगवान चौहान, राकेश कुमार, कमर, रामकेवल कुशवहा आदि मौजूद रहे।

चीनी मिल अतिथिगृह में बैठक में चर्चा करते मिल अधिकारी, जनप्रनिनिधि व श्रमिक।

कबड्डी चैंपियनशिप जीतने वाली की टीम में शामिल नोजगे की तीन छात्राएं।

कबड्डी में नोजगे की तीन छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार : 26 को रुद्रपुर के मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित 5वीं उत्तराखंड राज्य ओलंपिक गेम्स कबड्डी चैंपियनशिप में उधम सिंह नगर ने हरिद्वार को हराकर चैंपियनशिप जीती थी। जिसमें नोजगे पब्लिक स्कूल की तीन छात्राओं नेहा चंद, अंशिका चंद और प्रार्थना दिगारी ने भी बेहतर प्रदर्शन किया। छात्राओं की उपलब्धि पर प्रबंधिका सुरेंद्र कौर, प्रधानाचार्य आरिज अल्वी, एचसी पंत, आरपी पंत, वीरेंद्र सिंह, गीता धामी, नीमा तिवारी, मोनिका चंद, काजल महरा, गिरीश जोशी, रोनित कुमार, दिनेश कापड़ी ने बधाई दी।

प्रतियोगिता भारत विकास परिषद के तत्वावधान में भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन

हिंद और शिक्षा भारती के छात्रों ने बाजी मारी

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार : भारत विकास परिषद् के तत्वावधान में भारत को जानो प्रतियोगिता का शाखा स्तरीय प्रश्न मंच आयोजित किया गया। प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में हिंद पब्लिक स्कूल और वरिष्ठ वर्ग में शिक्षा भारती के बच्चे अव्वल रहे। प्रतियोगिता में 19 स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभाग किया।

राणा प्रताप इण्टर कालेज के स्व. सोबन सिंह जीना सभागार में प्रतियोगिता का आरंभ प्रांतीय संरक्षक हरीश जोशी, महासचिव हरीश शर्मा, राष्ट्रीय प्रकल्प समिति सदस्य सुखजीत खिंडा, शाखाध्यक्ष सुनील रैदानी, कोषाध्यक्ष अमरनाथ गोयल, महिला संयोजिका सोनिया सुनेजा, गीताराम बंसल ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। प्रश्न मंच में क्षेत्र के 18 विद्यालयों ने कनिष्ठ वर्ग और 19 विद्यालयों ने वरिष्ठ वर्ग में प्रतिभाग किया। सर्वाधिक अंक अर्जित करने वाले 6 विद्यालयों का चयन किया गया। भूगोल, इतिहास, विविध, बंजर, रैपिड इत्यादि राउंड में हुई प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में हिंद पब्लिक स्कूल की निकिता चंद व खुशबू रेखाड़ी ने प्रथम, राजकुमारी अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के अर्नब पाण्डेय व योगेश द्वितीय तथा सर्राफ पब्लिक स्कूल के आदित्य उपाध्याय व अर्थ राना ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं वरिष्ठ वर्ग में शिक्षा भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल के हर्षित यादव व दिवाकर पाठक ने प्रथम, डायनेस्टी माडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फार्म के पुलकित जोशी व हिमानी सिराला ने द्वितीय तथा हिंद पब्लिक स्कूल के रक्षित गहतोड़ी व उदित बिष्ट ने तृतीय स्थान हासिल किया। संयोजक भुवन उप्रेती ने सभी अतिथियों और बच्चों का आभार जताया। संचालन शाखा सचिव नीरज रस्तोगी ने किया। यहां नीरज कुमार, विशाल गोयल आदि रहे।

खटीमा में आयोजित भारत को जानो प्रतियोगिता के विजेताओं के साथ आयोजक और शिक्षकगण। ● अमृत विचार

एकल परिवार ने किया खेलों का आयोजन

संवाददाता, सितारगंज

अमृत विचार : राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के प्रांगण में एकल परिवार द्वारा आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि अग्रवाल महासभा के जिलाध्यक्ष महेश मित्तल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

उन्होंने हरी झंडी दिखाकर कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। संभाग सचिव लाल सिंह दायमा ने बताया कि अभ्युदय यूथ क्लब के सहयोग से कबड्डी प्रतियोगिता, ऊंची कूद, लंबी कूद, 100, 200 और 400 मीटर दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर बीना साहू, गीता गड़कोटी, रीता सक्सेना, संगीता जोशी, वंदना चौहान, लाल सिंह दायमा, सतीश उपाध्याय, देवेश कुमार, विशाल श्रीवास्तव, संजय जोशी रहे।

सितारगंज में खेलों का शुभारंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार

एक नजर

चोरी का माल खरीदने पर होगी कड़ी कार्रवाई

बाजपुर : रविवार सायं कोतवाली में क्षेत्र में कबाड़ का काम करने वाले व्यापारियों की बैठक ली गई। एसएसआई विनोद सिंह फर्त्याल ने सभी कबाड़ की दुकान संचालकों को आदेशित किया कि वह अपनी दुकानों में सीसीटीवी कैमरे लगवाएं। चोरी का माल न खरीदें, ऐसा करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। कहा कि अपने कर्मचारियों का सत्यापन करवाने व संदिग्ध व्यक्ति अथवा वस्तु अत्यादि दिखने पर तुरंत पुलिस को सूचित करने को कहा गया।

कांग्रेस व भाजपा से रहें सावधान : मायावती

लखनऊ : बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस व भाजपा से सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा से आरक्षण का विरोध करती रही है। बसपा प्रमुख ने सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये कहा कि हरियाणा में हो रहे विधानसभा आम चुनाव के दौरान कांग्रेस की ओर से अनुसूचित वर्ग की उपेक्षा व तिरस्कार से यह साफ है कि इस पार्टी में कुछ ठीक नहीं है तो आगे क्या होगा। ऐसे में अनुसूचित वर्ग कांग्रेस व भाजपा को अपना वोट देकर इसे खराब न करें।

सितारगंज में रामलीला मंचन शुरू

मुख्य अतिथि सुखदेव सिंह ने दीप प्रज्वलन तथा गणेश वंदना के साथ किया शुभारम्भ

संवाददाता, सितारगंज

अमृत विचार: नगर के रामलीला मैदान में प्रभु श्री राम की लीला का मंचन शुरू हो गया है। मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी सुखदेव सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। जिसके बाद श्री धाम वृदावन से आये कलाकारों व रामचरित मानस के सरस प्रवक्ता श्री भावेश कृष्ण भारद्वाज ने नारद मोह प्रसंग के साथ मंचन आरंभ किया।

मुख्य अतिथि सुखदेव सिंह ने कहा रामलीला का मंचन हमें मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के जीवन के आदर्शों पर चलने को प्रेरित करता है। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष राकेश त्यागी ने बताया कि रामलीला का मंचन देखने के लिए पहले दिन श्रद्धालु उत्साह के साथ आए हैं। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, मंडल अध्यक्ष आदेश चौहान, मंडल महामंत्री अमित रस्तोगी, शिव कुमार मित्तल, आदेश ठाकुर, सुरेश सिंघल, सुरेश जैन, संजय गोयल, सतीश उपाध्याय, रवि रस्तोगी व कमेटी पदाधिकारी अध्यक्ष राकेश त्यागी, कोषाध्यक्ष संदीप गुप्ता, महामंत्री भीमसेन गर्ग, भगवान सिंह भंडारी, विमलेश जयसवाल, धर्मा देवी आदि मौजूद रहे। संचालन अमित रस्तोगी ने किया।

सितारगंज में रामलीला मंचन के शुभारंभ पर आरती उतारते समाजसेवी सुखदेव सिंह।

दिनेशपुर में रामलीला मंचन के लिए तैयार मंच। ● अमृत विचार

दिनेशपुर में क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा लीला का मंचन आज से

दिनेशपुर, अमृत विचार : श्री रामलीला कमेटी के तत्वावधान में 30 सितंबर से निर्देशक अशोक चावला व सह निर्देशक शुभम शर्मा के निर्देशन में क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा रामलीला मंचन किया जाएगा। कमेटी के पदाधिकारियों व सदस्यों ने लीला मंचन की तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। कमेटी सहअध्यक्ष अशोक कालड़ा ने बताया रामलीला मंचन का उद्घाटन नगर पंचायत पूर्व चेयरमैन कावल सिंह विर्क व निवर्तमान चेयरमैन सीमा सरकार द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। इस दौरान विशिष्ट अतिथियों में श्री बालाजी मंडल महंत राजेंद्र अग्रवाल, गुरुद्वारा माता साहिब कौर सरपरस्त गुरदेव सिंह, श्री हरीचांद- गुरुचांद धर्म मंदिर महंत आचार्य विवेकानंद महाराज, राधा कृष्ण मंदिर मोतीपुर महंत आचार्य कृष्णानंद महाराज व क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।

चारबाग स्टेशन पर पकड़े नकली नोट

लखनऊ: जीआरपी की टीम ने रविवार को चारबाग रेलवे स्टेशन पर नकली नोट के गिरोह के सक्रिय सदस्य को दबोचा। उसके पास से 1.97 लाख रुपये के नकली नोट बरामद किए गए। सभी नोट 500-500 रुपये के हैं। टीम का दावा है कि पश्चिम बंगाल से संचालित गिरोह के सदस्य वहीं से नकली नोट लाकर बरेली में सप्लाई करते हैं।

जीआरपी के सीओ विकास पांडेय ने बताया कि आरोपी आमिर खान को स्टेशन पर पकड़ा गया है। मूलरूप से बरेली के आंवला सुनहरी मस्जिद के पास मोहल्ला खेड़ा निवासी आमिर दिल्ली के मदनपुर खादर सरिता बिहार में किराए पर रहता है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि सरिता बिहार में जूते की दुकान पर काम करता है। करीब डेढ़ महीने पहले दोस्त आफताब अपने मामा नज मूलहक उर्फ राजन खान को दुकान पर लेकर आया। एक दिन आफताब के मामा का फोन आया। उन्होंने अपने गांव बुला लिया और जाली नोट के काम में लगा दिया। इंस्पेक्टर संजय खरवार ने बताया कि आमिर ने जुर्म मान लिया है।

कोचिंग में छात्रा से छेड़खानी करने वाला शिक्षक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार: काकादेव में नीट की तैयारी कर रही छात्रा के साथ कोचिंग में छेड़खानी करने वाले बायोलॉजी के टीचर को रविवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। घटना का सीसीटीवी वायरल होने के बाद कोचिंग संचालक ने आरोपी टीचर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोपी टीचर 10 मिनट तक बाथरूम में छात्रा के साथ रहा था। कोचिंग संचालक ने आरोप लगाया कि मुस्लिम टीचर हिंदू छात्राओं को ही टारगेट कर अश्लीलता करता था। पुलिस जांच कर रही है।

काकादेव स्थित आई एंड आई कोचिंग संचालक आशीष श्रीवास्तव ने तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि दो दिन पहले कोचिंग के ऑफिस में उनके नाम से बंद लिफाफा पड़ा मिला था। उसमें एक पेन ड्राइव थी। पेन ड्राइव को लैपटॉप में लगाकर देखा गया तो उसमें एक सीसीटीवी दिखा। सीसीटीवी में कोचिंग में बायोलॉजी पढ़ाने वाला शिक्षक साहिल सिद्दीकी एक छात्रा के साथ कोचिंग परिसर में गलत कार्य कर रहा था। कोचिंग संचालक ने बताया कि साहिल से जानकारी करने पर वह उनके ऊपर भड़क गया और ब्लैकमेल करने का आरोप लगाने लगा। बताया कि साहिल का एक अश्लील वीडियो पहले भी सामने आ चुका है। काकादेव पुलिस ने आरोपी शिक्षक साहिल सिद्दीकी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। एडीसीपी सेंट्रल महेश कुमार ने बताया कि जांच में शिक्षक के खिलाफ लगाए गए आरोप सही पाए गए हैं। आरोपी साहिल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

97 लाख का पैकेज, 20 लाख का कर्ज

कोचिंग संचालक ने बताया कि साहिल 97 लाख के सालाना पैकेज पर कोचिंग में बायोलॉजी पढ़ाता था। बताया कि दो साल में शिक्षक ने करीब 2.25 करोड़ रुपये कमाए, इसके बावजूद उसके ऊपर 10 से 20 लाख रुपये का क्षेत्रीय लोगों का कर्ज है।

देर रात सड़कों पर जनता से रूबरू हुई डीएम वंदना

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : आम तौर पर जिलाधिकारी जनता से सीधे संवाद करने में या तो बीडीसी की बैठक या फिर जनता दरबार में मिला करते हैं। मगर इस बार देर रात तक जिलाधिकारी वंदना सिंह रामनगर की गलियों में जनता के बीच सीधे संवाद करतीं नजर आईं। देखा जाए तो वर्ष 1990 के बाद यह पहली जिलाधिकारी हैं जो सड़कों पर जन समस्या जानने के लिए उतरीं। इससे पहले 90 में चुकुम गांव में तत्कालीन जिलाधिकारी आराधना जोहरी ने बिना कोई तामझाम के खुद कोसी नदी पार करते हुए चुकुम के ग्रामीणों का दर्द जाना था। अब शनिवार की देर रात तक जिले की हाकिम का जनता की समस्या को सड़कों पर सुनना भले ही सरकार के निर्देश पर हुआ हो या उनका खुद का नजरिया हो लोग अपने बीच डीएम को देखकर उत्साहित जरूर आये। डीएम साहिबा द्वारा जारी निर्देशों का पालन किस हद तक होगा यह तो समय भविष्य के गर्भ में छिपा हुआ है। मगर महीने दो महीने में अगर डीएम इसी तरह जनता के बीच जाएं तो सभी विभागीय अधिकारियों को जमीनी स्तर पर जन समस्या स्वयं दिखाई जरूर दे जाएंगी।

जिलाधिकारी वंदना सिंह ने रामनगर स्थित आपदा प्रभावित सुंदरखाल क्षेत्र, रामनगर में निर्माणाधीन गौशाला, नगर पालिका वार्ड 5, बंबाघेर एवं रामनगर बाजार का देर रात तक निरीक्षण किया। उन्होंने पुछड़ी में 1 करोड़ 46 लाख की लागत से निर्माणाधीन गौशाला, भूसा स्टोर आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्य में हो रही देरी, लापरवाही पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कार्यदाही संस्था को दो टीम बनाकर गोशाला, भूसा स्टोर और चाहर दीवारी के कार्य को साथ-साथ करने के निर्देश दिए। उन्होंने रामनगर क्षेत्र के वार्ड नंबर 5 और बाजार का निरीक्षण लोगों की समस्या को सुना और संबंधित अधिकरियो को निस्तारण करने के निर्देश दिए। लोगों ने बताया कि बाजार में फड़-ठेले आदि की वजह से आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिस पर जिलाधिकारी ने ईओ रामनगर को बाजार क्षेत्र में वेडिंग जोन निर्धारित करने को कहा। लोगों ने बताया कि खाली भूखंड, पुराने भवनों, पार्को आदि नशेडियों का अड्डा बनते जा रहा है। जिस पर जिलाधिकारी ने पुलिस प्रशासन, एसडीएम आदि को सयुंक्त रूप से छापेमारी और नशे के खिलाफ समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाने की बात कही। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को रेलवे क्रासिंग के पास लोनिवि की शिवलालपुर रियूनिया सड़क के डामरीकरण की शिकायत मिली। जिस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार को सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ सड़क के सैंपल लेकर जांच के निर्देश दिए। स्थानीय लोगों ने लखनपुर से कोसी बैराज को खोलने की बात रखी। जिस पर डीएम ने ईओ को फुटपाथ चिन्हित करते हुए पिलर लगाकर बेरिकाडिंग कर पैदल चलने वालों के लिए जगह मार्क करने की बात कही। यहां एसडीएम राहुल साह, डीएफओ दिगंत नायक आदि रहे।

रामनगर में देर रात लोगों से वार्ता करतीं डीएम वंदना सिंह। ● अमृत विचार

मिशन शक्ति का 5वां चरण अक्टूबर में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार अक्टूबर 2024 से मिशन शक्ति के पांचवें चरण की शुरुआत करने जा रही है। मई 2025 तक चलने वाले इस चरण में जागरूकता अभियान और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इस दौरान 10 लाख बालिकाओं को आत्मरक्षा और जीवन कौशल का प्रशिक्षण मिलेगा। पीएम श्री योजना के तहत चयनित 167 विद्यालयों में में करियर काउंसलिंग के सत्र भी चलेंगे। इतना ही नहीं, योगी सरकार के निर्देश पर होने वाले कार्यक्रमों और गतिविधियों के दौरान 36,772 बालिकाओं में सेनेटरी पैड वितरित कर उनके स्वास्थ्य और विद्यालय पहुंचकर नियमित रूप से शिक्षा ग्रहण करने की राह आसान की जाएगी। साथ ही बालिका शिक्षा और स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी जागरूकता बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे।

गुड टच- बैड टच से परिचित होंगी बेटियां

प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों के नेतृत्व में 3 से 10 अक्टूबर तक विद्यालयों में बाल अधिकार, घरेलू हिंसा, यौन शोषण, छेड़छाड़ और गुड-टच, बैड-टच जैसे मुद्दों पर बच्चों को जागरूक किया जाएगा। बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे।इसके साथ ही रैलियों और रोचक गतिविधियों के माध्यम से हेल्पलाइन नंबर और बाल विवाह के खतरों की जानकारी भी दी जाएगी।

क्यारी की टीम ने एक रन से जीती क्रिकेट प्रतियोगिता

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार: राइंका छोई में संकुल छोई के माध्यमिक विद्यालयों की क्रिकेट प्रतियोगिता हुई। जिसमें अंडर 14 वर्ग (बालक) में राइंका क्यारी ने राइंका छोई को रोमांचक मुकाबले में मात्र एक रन से हराकर फाइनल मुकाबला जीत लिया। टॉस राइंका छोई ने जीता और पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए राइंका क्यारी ने 10 ओवरों में 53 रन बनाए। जिसमें आयुष ने 25 रनों का योगदान दिया। राइंका छोई के दीपांशु कुमार ने तीन और इशांत खैरिया ने 2 विकेट लिए। जवाब में राइंका छोई की टीम 10 ओवरों में 52 रन ही बना सकी। सूरज गोस्वामी ने 20 रन बनाए। राइंका क्यारी के विनीत और हर्षित ने 3-3 विकेट लिए। अंडर-19 बालक वर्ग में सरस्वती विद्या मंदिर छोई ने राइंका छोई को 37 रनों से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए विद्या मंदिर की टीम ने निर्धारित 12 ओवरों में सभी विकेट खोकर 71 रन बनाए। जिसमें शुभम ने 20 और प्रियांशु ने 14 रनों का योगदान दिया। राइंका छोई के सुमित कुमार ने 3 और आशीष कश्यप ने 2 लिए। जवाब में राइंका छोई की टीम 34 रनों पर सिमट गई। मैच के निर्णायक अनुज अधिकारी, सचिन कुमार और दिव्यांशु कुमार रहे। नवीन चंद्र जोशी ने बताया कि चयनित खिलाड़ी रामनगर ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

प्रतियोगिता में शामिल विजेता व उपविजेता टीमें ● अमृत विचार

सिल्ट आने से बढ़ी पेयजल किल्लत

हल्द्वानी, अमृत विचार : गौला से मिलने वाले पानी में सिल्ट की मात्रा बढ़ने के कारण जल शोधन ठीक से नहीं हो पा रहा है। जिससे शहर के अंतिम छोर वाले इलाकों में पेयजल किल्लत बनी हुई है। रविवार को गौला से पानी पर्याप्त मिलने के बाद भी सिल्ट के कारण मात्र 50 फीसदी जल शोधन हो पाया। इससे गौला आच्छादित पेयजल योजना से जुड़े अंतिम छोर के इलाकों में लोग पानी के लिए परेशान रहे।

जल संस्थान के सहायक अभियंता नीरज तिवारी ने बताया कि सिल्ट अधिक आने के कारण जल शोधन पूरी तरह से नहीं हो पा रहा है। टैंकरों से पानी बांटकर आपूर्ति करानी पड़ रही है।

वर्ग पहेली-207

बाएं से दाएं

2.1. बढ़िया और महीन कपड़ा 2. सन या तीसी के रेशे से बना कपड़ा; क्षौम-वस्त्र 3. उत्तरीय, दुपट्टा।

3.1. युग का निर्माता 2. युग का सूत्रपात करने वाला।

4. लखनऊ का, लखनऊ से संबंधित।

6.1. नायक 2. गणेश।

ऊपर से नीचे

1.1. जमोगने अर्थात स्वीकार करने की क्रिया 2. किसी दूसरे की बात का किसी तीसरे के द्वारा समर्थन 3. चित्रकला में बेल-बूटे आदि को एक-दूसरे से नियत दूरी और अपने-अपने ठीक स्थान पर बैठाने की क्रिया या भाव 4. सामने का निश्चय, तसदीक 5. ऋण चुकाने की एक प्रथा जिसमें ऋणी व्यक्ति अपने ऋण का भार किसी और पर डाल देता है।

2. जो दुविधा रहित हो, जिसे कोई दुविधा न हो, असमंजस न हो।

4.1. दो व्यक्तियों या दलों का परस्पर झगड़ा या घात-प्रतिघात करना 2. बहस या तकरार करना 3. कुश्ती या खेल-कूद में मुकाबला करना 4. दो व्यक्तियों या वस्तुओं का आपस में टकराना।

5.1. पंक्ति, कतार 2. रास्ता, मार्ग, सड़क 3. बाज़ार, हाट 4. सूर्य के भ्रमण का मार्ग 5. (पुरातत्व) भवन में आने-जाने के लिए लता।



वर्ग पहेली -206 का हल

1 पु	ड़ा	■	■	2 वि	■
■	■	3 ह	ठ	यो	ग
4 पा	■	■	■	ज	■
5 षा	ण्	6 मा	सि	क	■
ण	■	ल	■	■	7 रे
म	■	8 वि	ला	य	त
णि	■	का	■	■	ना

सुडोकू -120

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

7	8	6		4	1			
	3				2		7	4
				3		8		
	9			7			1	
8		1				7		3
	2			5			6	
		3		6				
5	1		7				9	
			4	1		3	2	7

सुडोकू - 119 का हल

8	1	4	9	2	7	6	3	5
3	2	9	6	5	8	1	4	7
7	5	6	3	1	4	9	8	2
9	3	5	8	6	1	7	2	4
4	8	7	2	9	5	3	6	1
2	6	1	7	4	3	8	5	9
6	9	3	4	7	2	5	1	8
1	4	8	5	3	9	2	7	6
5	7	2	1	8	6	4	9	3

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 सितंबर सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 19.06 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- मघा 06.19 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

मेष — आज आप दोस्तों के साथ गेम्स में काफी रुचि ले सकते हैं। रचनात्मक विचारों के कारण लोगों के बीच आपकी लोकप्रियता में वृद्धि हो सकती है। साझेदारों के साथ के मतभेद दूर होंगे। कार्यक्षेत्र में अचानक धन लाभ हो सकता है। संतान के करियर की चिंता दूर होगी।

वृष — आज अपने निजी कार्य दूसरों के विश्वास में न छोड़ें। संपत्ति के क्रय-विक्रय को लेकर विवाद हो सकता है। धन को लेकर किसी से वायदा न करें। यदि काम पर आप एकाग्र नहीं हो पा रहे हैं तो आपको कुछ नया सीखने का प्रयास करना चाहिए।

मिथुन — आज व्यवसाय में बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं। निजी संबंधों की समस्या को सुलझा लेंगे। समाज सेवा में आप काफी सहभागी रहेंगे। आर्थिक स्थिति काफी अच्छी रहेगी। यदि आप जॉब बदलना चाह रहे हैं तो दिन विशेष रूप से अनुकूल है।

कर्क — आज आप अपनी ही बातों में उलझ जाते हैं। काम समय पर होने के कारण आपका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। अधीनस्थ कर्मचारियों के कारण आपके काम में कुछ परेशानियां आ सकती है। अपरिचित लोगों से अपनी निजी बातें शेयर न करें।

सिंह — आज अनुसंधान संबंधी प्रोजेक्ट्स से जुड़े हुए लोगों को बहुत बड़ी सफलता मिल सकती है। परिवार को भी आप पर्याप्त समय देंगे। छोटे कारोबारियों की आय में वृद्धि होगी। धार्मिक कार्यकलापों और मंत्र आदि में आपकी रुचि बढ़ेगी।

कन्या — आज अपने शत्रुओं को कमजोर समझने की गलती न करें। घर में किसी बात के कारण आपके ऊपर दबाव बन सकता है। किसी अपने के व्यवहार से आपका हृदय दुखी होगा। छात्र अपने करियर को लेकर थोड़े भ्रमित हो सकते हैं।

तुला — आज नई पॉलिसी में धन निवेशित कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन प्रेम और रोमांस से भरपूर रहने वाला है। होटल और पर्यटन से जुड़े कारोबार में आय काफी तेजी से बढ़ने की संभावना है। नौकरी में स्थान-परिवर्तन करने के लिए दिन शुभ है।

वृश्चिक — आज आप अपने सहकर्मियों और विरोधियों के ऊपर काफी हावी रहेंगे। कई दिनों से चला आ रहा तनाव दूर होगा। समाज और कार्यक्षेत्र में लोग आपका काफी सम्मान करेंगे। परिजनों के साथ शॉपिंग के लिए जा सकते हैं।

धनु — आज सरकारी अधिकारियों के लिए सुकून दायक हो सकता है। आपके सुझावों से बांकी लोगों को काफी अच्छा लाभ होगा। बच्चों के साथ खेलकूद का आनंद लेंगे। शत्रु आपका मनोबल तोड़ने का प्रयास करेंगे पर सफल नहीं होंगे।

मकर — आज अत्यधिक मेहनत वाले कार्यों से बचना चाहिए। आपको अपनी छवि की काफी चिंता रहेगी। यात्रा के दौरान सावधानी रखें। अपनी कमजोरियों पर पर्दा न डालें। कार्यक्षेत्र में आपकी इच्छानुसार काम नहीं हो रहे हैं।

कुंभ — आज शुभचिंतक आपको अच्छी सलाह देने का प्रयास करेंगे। कारोबार में विस्तार करने के लिए अच्छा समय है। प्रेम संबंधों में परस्पर विश्वास और मजबूती बढ़ेगी। आप अपने लक्ष्य को लेकर काफी सक्रिय रहेंगे।

मीन — आज जॉब में आपके ऊपर जिम्मेदारी का दबाव बढ़ेगा, लेकिन आप सब आसानी से संभाल लेंगे। विरोधी आपके हितैषियों से आपकी आलोचना कर सकते हैं। अति आत्मविश्वासी रवैये से आपको बचना चाहिए।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- कुदरत का कानून — सुबह : 09.55
- सर्कस — रात : 07.45

&pictures
- खूंखार — सुबह : 11.06
- वेलकम बैक — रात : 08.00

SONY PIX
- रैमपेज — दोपहर : 12.01
- वंडर वूमैन — रात : 08.45

ZEE CINEMA
- एनकाउंटर शंकर — सुबह : 11.29
- दबंग — रात : 08.00

ZEE ACTION
- खिलाड़ी — सुबह : 10.54
- विश्वात्मा — रात : 07.30

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पति- अगर मुझे लाटरी लगी तो तुम क्या करोगी?
पत्नी- आधे पैसे लेकर हमेशा के लिए मायके चली जाउंगी। मैं भी खुश और आप भी खुश।
पति- 100 रुपये की लगी है, ये ले 50 और निकल ले।

चंपकलाल दारू पीकर अपने घर गया और दरवाजा खटखटाया। पत्नी ने दरवाजा खोला। चंपकलाल ने पूछा- तू कौन है और मेरे घर में क्या कर रही है?
पत्नी ने कहा - मुझे ही भूल गए?
चंपकलाल बोला - दारू पीकर आदमी हर गम भूल जाता है।

सार-संक्षेप

कलमठ में गिरी कार, चालक सहित तीन घायल

चम्पावत : देवीधुरा से पाटी जा रही एक अल्टो कार शनिवार देर रात अनियंत्रित होकर कलमठ में जा गिरी। हादसे में कार चालक समेत दो अन्य लोग मामूली रूप से घायल हो गए। थानाध्यक्ष देवनाथ गोस्वामी ने बताया कि शनिवार देर रात कार संख्या-यूके 04 टीबी, 2171 हल्द्वानी से पाटी की ओर आ रही थी। पाटी से करीब दस किमी दूर ढरौंज के पास कार अनियंत्रित होकर कलमठ में गिर गई। हादसे में चालक नीरज सिंह के साथ दो अन्य लोग मामूली रूप से घायल हो गए। तीनों को पुलिस और स्थानीय लोगों की सहायता से निकाल लिया गया।

एनएच में मिक्सर मशीन पलटने से चालक घायल, रेफर

टनकपुर : रविवार सुबह टनकपुर-चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग में सूखीढांग के पास सड़क निर्माण कार्य में लगी मिक्सर मशीन अनियंत्रित होकर पलट गई। मिक्सर मशीन के नीचे दबने से चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल चालक को 108 चिकित्सा वाहन द्वारा टनकपुर के उप जिला चिकित्सालय पहुंच गया। जहां गंभीर हालत को देखते हुए चालक को रेफर कर दिया गया। घायल वाहन चालक 33 वर्षीय जयनाथ कुमार यादव पुत्र सूरज सारन छपरा बिहार का रहने वाला है। डॉ. जितेंद्र जोशी ने बताया कि चालक के पांव में गंभीर चोट है। उसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया है।

अल्मोड़ा नगर पालिका में दशहरा समिति की बैठक में मचासीन पदाधिकारी।

दशहरा महोत्सव समिति के किशन लाल मुख्य संयोजक बने

अल्मोड़ा : अल्मोड़ा में दशहरा महोत्सव के आयोजन को तैयारियां तेज हो गई है। रविवार को दशहरा महोत्सव समिति की बैठक हुई। जिसमें दशहरा महोत्सव को भव्य रूप देने के साथ कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। इसमें किशन लाल को दशहरा समिति का मुख्य संयोजक बनाया गया। नगर पालिका सभागार में आयोजित बैठक में समिति के अध्यक्ष अजीत सिंह कार्की ने बताया कि आगामी 12 अक्टूबर को दशहरा पर्व पर नगर में भव्य रूप से रावण परिवार के पुतलों का जुलूस निकाला जाएगा। इधर, बैठक में मुख्य संयोजक के अलावा दीपक साह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष और दीप जोशी को कनिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। यहां बैठक में हरीश कनवाल, विनीत बिष्ट, राजेंद्र तिवारी, दीप लाल साह, अमरनाथ नेगी, सलमान अंसारी, मनोज सनवाल, प्रांतीय व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष सुनील साह, देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष संजय साह रिक्खू, प्रत्येश पांडे समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

रानीखेत में कवि सम्मेलन में मौजूद कवि।

कवियों ने रचनाओं से कसा सामाजिक बुराइयों पर तंज

रानीखेत : छावनी परिषद द्वारा यहां छावनी इंटर कालेज में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को काफी प्रभावित किया। कवि सम्मेलन की शुरुआत कवि भुवन बिष्ट ने सरस्वती वंदना नित -नित में तेरा ध्यान करूं से की। डॉ. विनीता खाती ने 'जीवन में बेहिसाब इतना..' कविता पेश की। सीमा भाकुनी ने हिंदी भाषा पर कविता प्रस्तुत की। कृष्ण कुमार सती ने कुमाउनी कविता अहा ह्योनक दिन से पहाड़ के जीवन को प्रस्तुत किया। राकेश दूबे ने विस्थापन पर कविता सुनाई। राजेन्द्र पन्त ने चलो जिंदगी के पन्ने पलटते हैं कविता सुनाई। इमराना परवीन ने महात्मा गांधी के व्यक्तित्व को कविता के माध्यम से चित्रित किया। सारिका वर्मा ने प्रेम प्रतीक्षा पर सुरीले अंदाज में मुक्तक सुनाया। प्रो. रिजवाना सिद्दीकी ने मां के बगैर जीवन की सुनसानी को कविता से व्यक्त किया। विमल सती ने बिछुडे.तेरा दामन कई साल हुए मां' कविता प्रस्तुत की। रिदा सिद्दीकी ने बेटियां कविता से प्रशंसा हासिल की। पूरन जोशी ने कविता से कुप्रबंधों पर तंज कसा। प्रीति पंत ने पश्चिमीकरण, आनंद अग्रवाल ने सामाजिक द्वंद, संजय कुमार ने बेरोजगारी पर कविता सुनाई। संचालन प्रीति पंत ने किया। पीजी कॉलेज की पूर्व प्राचार्य प्रो. जया पांडे ने सभी कवि रचनाकारों को बधाई दी। इस अवसर पर केवि के प्रधानाचार्य राकेश धर दूबे, सिटी मांटेसरी स्कूल के प्रधानाचार्य विनोद खुल्बे, हरीश लाल साह, दीपक पंत, गौरव भट्ट, जगदीश जोशी, गोपाल राम, टीका आर्य, दीपक बिष्ट आदि रहे।

शिल्प प्रदर्शनी एवं जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ

रानीखेत : हस्तशिल्प सेवा केंद्र अल्मोड़ा द्वारा छावनी इंटर कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय शिल्प प्रदर्शनी एवं जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ शनिवार को छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी कुनाल रोहिलाने किया। रोहिला ने कहा कि हस्तशिल्प हमारी परंपराओं और संस्कृति को दर्शाती है। उन्होंने कार्यशाला में शामिल छात्र -छात्राओं से कहा कि हस्तशिल्प आपको रोजगार के अवसर प्रदान करता है। आय का प्रमुख माध्यम बन सकता है। इतना ही नहीं शिल्प गतिविधियों से जुड़कर आप रचनात्मक कौशल को भी विकसित कर सकते हैं। उन्होंने कार्यशाला का भरपूर लाभ उठाते हुए तन्मयता से शिल्प कार्य सीखने को कहा। हस्तशिल्प सेवा केंद्र की प्रभारी बिष्ट ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत की। केंद्र की भूमिका ने कार्यशाला में होने वाली गतिविधियों की जानकारी दी। छावनी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य ललित मोहन आर्य ने कार्यशाला को बच्चों के लिए उपयोगी बताया।

पुरस्कार वितरित करते अतिथि।

दो मकान मालिकों व 14 बाहरी लोगों के खिलाफ कार्रवाई

अल्मोड़ा : जिलेभर में पुलिस ने सत्यापन अभियान तेज कर दिया है। एसएसपी देवेंद्र पींचा के निर्देश पर देघाट पुलिस ने क्षेत्र में अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने दो मकान मालिकों और 14 संदिग्ध व्यक्तियों के खिलाफ उत्तराखंड पुलिस अधिनियम के तहत कार्रवाई। साथ ही संयोजन शुल्क वसूला गया। थानाध्यक्ष देघाट दिनेश नाथ महंत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने क्षेत्र में किरायेदारों व मजदूरों का संघन सत्यापन अभियान चलाया। इस दौरान बिना सत्यापन के बाहरी लोगों को किराए पर रखने पर दो मकान मालिक पर पुलिस अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। साथ ही पांच-पांच रुपये का चालान किया गया। वहीं, बाहर से फेरी आदि लगाने आए कुल 14 लोगों पर पुलिस अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए उनसे कुल 3500 रुपये जुर्माना वसूला। थानाध्यक्ष ने किराएदारों व मजदूरों का सत्यापन शीघ्र कराने की अपील की। चेतावनी दी कि पकड़े जाने पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

देघाट पुलिस ने क्षेत्र में रविवार को सघन सत्यापन अभियान चलाया।

18वें दिन खुला राष्ट्रीय राजमार्ग

कुमाऊं आयुक्त ने टनकपुर-चम्पावत मार्ग में स्वाला क्षेत्र का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : 18वें दिन टनकपुर-चम्पावत हाईवे पर स्वाला के पास मार्ग सुचारू हुआ। यहां सैकड़ों फंसे वाहनों को निकाला गया। कुमाऊं आयुक्त व सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने रविवार को टनकपुर-चम्पावत एनएच 09 स्वाला का स्थलीय निरीक्षण कर यहां हो रहे भूधसाव के स्थाई समाधान के लिए तैयार किये जा रहे प्रस्तावों के बारे में एनएच एवं टीएचडीसी के अधिकारियों से जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने एनएच के मुख्य अभियंता व अधीक्षण अभियंता को कुछ दिन चम्पावत में ही कैंप करने के निर्देश दिए।

आयुक्त ने कहा कि आवागमन के लिए सुरक्षात्मक रूप से एनएच 09 स्वाला कड़ी निगरानी रखी जाए। राष्ट्रीय राजमार्ग स्वाला को रविवार को हल्के और भारी वाहनों के आवागमन के लिए दोपहर खोल दिया गया है। कई भारी वाहन यहां बार-बार हो रहे भू धसाव के कारण मार्ग में फंसे जिन्हें बमुश्किल अन्य वाहन की मदद से उन्हें निकाला गया। आयुक्त कुमाऊं दीपक रावत द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग- 09 (स्वाला) का स्थलीय निरीक्षण कर कहा कि टनकपुर- पिथौरागढ़ हाईवे पूर्व से ही संवेदनशील था परंतु विगत बारिश में मलबा आने से यह मार्ग अति संवेदनशील हो गया। इस मार्ग में स्वाला के किलोमीटर 106-300 में सड़क भी धस रही है। साथ ही पहाड़ी से लगातार मलबा गिर रहा है। एनएच द्वारा इसे लगातार खोला जा रहा है। इसके स्थाई समाधान के लिए प्लान तैयार किया गया है। शीघ्र ही पहाड़ी के ऊपरी क्षेत्र तथा सड़क के नीचे ट्रीटमेंट के कार्य किए जाएंगे। डीएम नवनीत पांडेय ने आयुक्त कुमाऊं को राष्ट्रीय राजमार्ग 09 स्वाला में किए जा रहे स्थाई ट्रीटमेंट कार्यों की जानकारी दी। एनएच के मुख्य अभियंता दयानंद ने बताया कि स्वाला पर स्थाई उपाय के प्रयास हो रहे हैं।

टनकपुर-चम्पावत हाईवे में स्वाला क्षेत्र का निरीक्षण करते कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत साथ में डीएम। ● अमृत विचार

आज भी दोपहर 1 बजे तक बंद रहेगा हाईवे

टनकपुर : टनकपुर चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग स्वाला में सोमवार को भी दोपहर 1 बजे तक मार्ग बंद रहेगा। राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड लोहाघाट के अधिशासी अभियंता आशुतोष ने बताया कि विभाग द्वारा सड़क सुधारीकरण व खोले जाने का कार्य लगातार जारी रहेगा। इसके मद्देनजर सोमवार 30 सितंबर को उक्त मार्ग अपराह्न 1 बजे तक सभी प्रकार के वाहनों के लिए यातायात के लिए पूर्णतया बंद रहेगा।

अल्मोड़ा कलक्ट्रेट में डीएम ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। ● अमृत विचार

ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई करें अधिकारी

संवाददाता, अल्मोड़ा

- सड़क सुरक्षा के मामलों में डीएम ने अधिकारियों को दिए निर्देश

अमृत विचार: जिला सड़क सुरक्षा समिति की कलक्ट्रेट में बैठक आयोजित हुई। बैठक में सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान डीएम ने अधिकारियों को सड़क सुरक्षा के मामलों में कमी लाने और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

डीएम आलोक कुमार पांडे ने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) को निर्देशित किया कि शराब पीकर वाहन चलाने के मामलों में संबंधित वाहनों को तुरंत जब्त किया जाए। उन्होंने सड़क पर बढ़ते अतिक्रमण पर भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अतिक्रमण को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। जिससे यातायात व्यवस्था सुचारू हो सके। इसके अलावा उन्होंने ओवरलोडिंग वाहनों पर कार्रवाई करने, सभी टैक्सी चालकों के लिए एक ड्रेस कोड लागू करने, सड़कों को जल्द टीक करने, 108 एम्बुलेंस सेवाओं को और प्रभावी बनाने के लिए पर्याप्त एम्बुलेंस की उपलब्धता करने के निर्देश दिए।

गांजा तस्करी में दो लोगों को दस-दस साल की कैद

- अल्मोड़ा विशेष सत्र न्यायाधीश की अदालत ने सुनाया फैसला
- सल्ट में वर्ष 2021 में 37 किलो गांजे के साथ पुलिस ने किया था गिरफ्तार

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : गांजा तस्करी के एक मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश की अदालत ने दो आरोपियों को दस-दस साल का कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही एक-एक लाख रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया।

अभियोजन की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता पूरन सिंह कैड़ा ने बताया कि वर्ष 2021 में सल्ट पुलिस ने नैल कमान तिराहे पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान सराईखेत से आ रही एक कार को रोका गया। तलाशी लेने पर कार में सवार राजू, निवासी हरथला थाना सिविल लाइन, मुरादाबाद और सुरेंद्र, निवासी शेरवा धरमपुर, सिविल लाइन मुरादाबाद के कब्जे से तीन कट्टों में 37 किलो गांजा बरामद की गई।

विवेचना अधिकारी की ओर से विवेचना पूर्ण कर आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया गया। पत्रावली में मौजूद साक्ष्य व गवाहों का परिसीलन कर न्यायालय ने दोनों आरोपियों पर दोष सिद्ध करते हुए दस-दस साल का कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही एक-एक लाख रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया।

वन विभाग ने पकड़े आतंक बने बंदर

टनकपुर : पूर्णागिरि मार्ग से लगे गांव उचौलीगोठ में आतंक का पर्याय बन चुके बंदरों को वन विभाग की टीम द्वारा पिंजरे में कैद कर रानीबाग भेजा गया है। करीब 50 बंदरों के पकड़े जाने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। हल्द्वानी वन प्रभाग शारदा रेंज के वन क्षेत्राधिकारी पीसी जोशी के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने गांव उचौलीगोठ में पिंजरा लगाकर लगभग पचास बंदरों को पकड़कर रानीबाग भेजा गया जहां बंदरों का विशेष आधुनिक मशीन द्वारा बधियाकरण किया जाएगा। शारदा वन रेंज के रेंजर जोशी ने बताया कि मानव वन्य-जीव संघर्ष एवं बधियाकरण रूटीन अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में पिंजरा लगा कर बंदरों को पकड़ा जा रहा है जिसके बाद उन्हें काठगोदाम रानीबाग सेंटर में भेजा जाता है।

चोरों ने 4 दुकानों में की सेंधमारी

- दो दुकानों से नगदी और अन्य दुकानों में रखे सामान पर किया हाथ साफ
- चोर ने घटना को एसएसपी ऑफिस से महज 50 मीटर की दूरी में दिया अंजाम

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : नगर में अब नगर में एक साथ चार दुकानों में चोरी की घटना सामने आई है। चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हुई है। बीच बाजार में हुई चोरी की घटना से लोगों में रोष व्याप्त है।

व्यापारियों ने जल्द चोरी की घटनाओं के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग उठाई। शनिवार देर रात नगर के मालरोड प्रधान डाकघर के पास देवकी नंदन जोशी के साइबर कैफे में चोर ने सेंध मारी दी। चोर ने घटना को एसएसपी ऑफिस से महज 50 मीटर की दूरी में अंजाम दिया हैं। चोर शातिराना तरीके से कैफे के ताले को तोड़ अंदर घुस गया। जिसके बाद चोर ने वहां रखे करीब पांच हजार की नगदी में हाथ साफ कर लिया। इसके अलावा एक सब्जी की दुकान से भी दो हजार की चोरी की गई है। जबकि दो अन्य दुकानों में चोर ने सेंधमारी की है। रविवार सुबह दुकान स्वामी रोजाना की तरह दुकान खोलने पहुंचे। दुकान का ताला टूट देख उनके होश उड़ गए। दुकान स्वामियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर कोतवाल जगदीश चंद्र देऊपा समेत पुलिस टीम पहुंची। दुकान स्वामी की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

अल्मोड़ा मालरोड स्थित एक जूते की दुकान में चोर ने सेंध मारी की।

देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल ने जताया रोष

नगर में बढ़ती चोरी पर देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल ने रोष जताते हुए पुलिस की गश्त पर सवाल उठाए हैं। जिलाध्यक्ष मनोज सिंह पवार ने चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की मांग की है। साथ ही चोरी की घटना का शीघ्र खुलासा न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। बड़े स्तर पर सत्यापन अभियान चलाने और बाहरी व्यक्तियों व संदिग्ध लोगों पर कड़ी निगरानी की मांग की है।

अल्मोड़ा में रविवार को विश्व हृदय दिवस पर जागरूकता रैली निकाली।

निरोगी जीवन के लिए हृदय को स्वस्थ रखना है जरूरी

संवाददाता, अल्मोड़ा

- विश्व हृदय दिवस एएनएम सेंटर में कार्यक्रम आयोजित

अमृत विचार: जिलेभर में रविवार को विश्व हृदय दिवस मनाया गया। इस दौरान अल्मोड़ा के एएनएम ट्रेनिंग सेंटर पातालदेवी में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर हृदय से जुड़ी बीमारियों और हृदय को स्वस्थ्य रखने के उपाय बताए गए। वहीं, सेंटर के प्रशिक्षुओं ने जागरूकता रैली भी निकाली।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला सर्विलांस अधिकारी डा. कमलेश जोशी ने किया। उन्होंने एएनएम सेंटर की प्रशिक्षुओं को हृदय से संबंधित घातक मसलों के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही हृदय को स्वस्थ रखने के उपायों व खानपान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने स्वस्थ हृदय के लिए नियमित व्यायाम, मेडिटेशन व शुद्ध खानपान व नशे से बचने की सलाह दी गई। यहां प्रधानाचार्या नीलम, भगवत मनराल, नरेंद्र कुमार, मनोज रावत आदि रहे।

विज्ञान प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी व शिक्षक। ● अमृत विचार

उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सम्मानित हुई बाल प्रतिभाएं

बैरती (अल्मोड़ा) : विकास खंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में क्षेत्र के नव प्रभात हाईस्कूल के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभाएं प्रस्तुत की। विद्यालय में आयोजित एक सम्मान समारोह में इन प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रबंधक किरन कुमार पांडेय ने बताया कि विज्ञान प्रदर्शनी के सीनियर वर्ग में विद्यालय के तनीषा, जय तिवारी एवं रितवेश तिवारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रदर्शनी के जूनियर वर्ग में कशिश आर्या व हर्षित तिवारी ने द्वितीय तथा नेहा रावत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बच्चों की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार एवं क्षेत्रीय अभिभावकों ने खुशी व्यक्त कर उनको तथा विज्ञान शिक्षिकाओं पूजा नेगी, पूजा गुसांई तथा ममता गुसांई को विशेष साधुवाद दिया है। प्रधानाचार्य कमल किशोर पांडेय ने बताया कि प्रदर्शनी में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त छात्र- छात्राएं अब जनपद स्तर पर प्रतिभाग करेंगे।

उत्तर प्रदेश

संगठित हो क्षत्रिय समाज : संगीत सोम

- क्षत्रिय स्वाभिमान व हित चिंतन सम्मेलन में बोले, भगवान राम ने भी क्षत्रिय मां की कोख से लिया जन्म
- अगर आप लोग पहले की तरह ही संगठित हो गए तो फिर से अखंड भारत पर क्षत्रियों का राज होगा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : अगर इसी तरह बंटते रहे और संगठित नहीं हुए तो एक दिन ऐसा आएगा कि क्षत्रिय समाज विलुप्त हो जाएगा। आप लोग पहले की तरह संगठित हो गए तो एक बार फिर से अखंड भारत पर क्षत्रियों का राज होगा।

यह बातें भाजपा के पूर्व विधायक संगीत सोम ने मंच से कहीं। वह अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की ओर से रविवार को आयोजित क्षत्रिय स्वाभिमान व हित चिंतन समारोह में बोल रहे थे। कार्यक्रम में अलग-अलग क्षेत्रों में क्षत्रिय समाज का नाम रोशन करने वाले युवाओं को भी सम्मानित किया गया। मूंढापांडे ब्लॉक के गांव भीतखेड़ा में रविवार को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने क्षत्रिय स्वाभिमान व हित चिंतन समारोह आयोजित किया। मुख्य अतिथि मेरठ की सरधना विधानसभा सीट से भाजपा के पूर्व विधायक संगीत सोम ने कहा कि अखंड भारत को बनाने में क्षत्रिय समाज का विशेष योगदान रहा है। अब क्षत्रिय समाज अपनी पहचान खो रहा है। इसका कारण क्षत्रियों का संगठित न होना है। उन्होंने कहा कि क्षत्रियों द्वारा इतिहास में किए गए कार्य व उनके योगदान को बताने के लिए कोई नहीं आएगा।

हमें खुद अपना इतिहास बताना होगा। मुगलों के दौर में महाराणा प्रताप ने अकबर से लड़ते हुए घास की रोटी खाकर गुजारा किया। मुगलों के आंतक से हमारी 16 हजार माताओं ने लोगों को बचाने का काम किया। क्षत्रिय समाज की महिमा ऐसी है कि भगवान राम ने भी क्षत्रिय मां की कोख से जन्म लिया।

उन्होंने कहा कि हमारा समाज विलुप्त होता जा रहा है। इसकी वजह समाज का संगठित नहीं होना है। हमारे समाज के लोग सो रहे हैं, लेकिन, हमें उन्हें जगाना होगा। अगर नहीं जागे तो मृत उठोगे, जीवित नहीं रहोगे। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय हर समाज अपने समाज के लिए कहता है कि हमारे सांसद और विधायक होंगे, लेकिन हमारे समाज के लोग एक टिकट मांगने की हैसियत नहीं रखते हैं। संगीत सोम ने पूरे समाज के लोगों ने कहा कि आप पूरे साल अपने समाज के लिए कहीं मत जाओ और कुछ मत करो, लेकिन अगर साल में एक बार मैं आपको समाज के लिए पुकारुं तो सभी लोग एकत्र हो जाओ।

संगीत सोम को तलवार भेंट करते क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

बिगड़े बोल : कानून के दायरे में काम नहीं करेंगे तो अधिकारियों को पिटवाऊंगा

मुरादाबाद, अमृत विचार : हमेशा से अपने विवादित बयानों से चर्चा में रहने वाले भाजपा के पूर्व विधायक व फायर ब्रांड नेता संगीत सोम ने रविवार को क्षत्रिय स्वाभिमान व हित चिंतन समारोह में खुले मंच से अधिकारियों को पब्लिक से जूतों से पिटवाने की चेतावनी दे डाली। उन्होंने कहा कि अगर अधिकारी कानून के दायरे में और सही से काम नहीं करेंगे तो वह उन्हें पब्लिक से जूतों से पिटवाएंगे। पूर्व विधायक संगीत सोम मूंढापांडे ब्लॉक के गांव भीतखेड़ा में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा क्षत्रिय स्वाभिमान और हित चिंतन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे थे। जहां उन्होंने मंच से अपने एक वायरल वीडियो का जिक्र करते हुए कहा कि मेरा एक अधिकारी को धमकाने का वीडियो वायरल है।

टाइफाइड से छात्र की मौत, कोहराम

ढकिया (रामपुर): एक सप्ताह पूर्व टाइफाइड बुखार की चपेट में आए छात्र की मुरादाबाद के अस्पताल में मौत हो गई। इससे परिवार में कोहराम मच गया।

क्षेत्र के गेहनी गांव निवासी अखिलेश पांडे का 14 वर्षीय बेटा हर्षित पांडे कस्बा स्थित पीडीजीबी जूनियर हाई स्कूल में पढ़ता था। 22 सितंबर को हर्षित पांडे को तेज बुखार आया। परिजन पहले चंदौसी और सुधार न होने पर मुरादाबाद के एशियन अस्पताल ले गए। जहां उपचार के दौरान शनिवार की रात हर्षित पांडे की मौत हो गई।

किसानों के हित में काम कर रही भाजपा सरकार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: प्रदेश सरकार में पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग के मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि किसान सुखी, तो सब सुखी, किसान दुखी तो सब दुखी।

भाजपा की प्रदेश और केंद्र सरकार इसी संकल्प को साकार कर रही है। प्रधानमंत्री का विजन समाज के हर वर्ग का कल्याण करना है। प्रधानमंत्री का संकल्प है कि किसानों की आय दोगुनी होगी। इसके लिए खेती के साथ पशुपालन पर भी ध्यान देना होगा। निराश्रित गोवंश की रक्षा, संरक्षण, संवर्धन प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है।

वह रविवार को कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र के गागन तिराहा के निकट भाजपा किसान व पिछड़ा वर्ग मोर्चा की ओर से आयोजित सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है, यहां 75 प्रतिशत लोग खेती पर आधारित हैं। जिसमें 60 प्रतिशत सीधे खेती करते हैं।

रामगंगा नदी में उतराता मिला अज्ञात शव

सैफनी (रामपुर), अमृत विचार : रविवार को क्षेत्र के धुली का धर्मपुर गांव के पास रामगंगा नदी में अज्ञात व्यक्ति का शव उतराता हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रविवार को क्षेत्र के धुली का धर्मपुर गांव के पास रामगंगा नदी में अज्ञात व्यक्ति का शव उतराता हुआ मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फोरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य जुटाए। पुलिस का कहना है कि मृतक की उम्र करीब 32 वर्ष है। शव करीब 7-8 दिन पुराना है।

एक नजर

आईटी कंपनी के कर्मी की दफ्तर में हृदयाघात से मौत

नागपुर। महाराष्ट्र के नागपुर जिले में आईटी कंपनी के कर्मचारी की दफ्तर में हृदयाघात से मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा उस दौरान हुआ जब कर्मचारी शौचालय गया था। मृतक की पहचान एचसीएल टेक्नोलॉजीस के वरिष्ठ विश्लेषक नितिन एडविन माइकल के रूप में हुई है। सोनेगांव पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि नितिन मिहान इलाके में स्थित कंपनी के कार्यालय के शौचालय में शाम सात बजे गया था, लेकिन वह वहां बेहोश पाया गया। सहकर्मी उसे नागपुर स्थित एम्स ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

गुरमीत राम रहीम ने 20 दिन की मांगी पैरोल

चंडीगढ़। डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख और दुष्कर्म के दोषी गुरमीत राम रहीम सिंह ने 20 दिन की पैरोल का अनुरोध किया है। सूत्रों ने रविवार को बताया कि यह अनुरोध पांच अक्टूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव से कुछ दिन पहले किया गया है। आचार संहिता लागू होने से डेरा प्रमुख का पैरोल का आवेदन निर्वाचन कार्यालय भेज दिया गया है, जिसने जेल विभाग से अनुरोध के पीछे ऐसे आकस्मिक और आवश्यक कारण बताने को कहा है, जो चुनाव के दौरान दोषी को पैरोल पर रिहा करने को उचित ठहराते हों। डेरा प्रमुख ने पैरोल अवधि के दौरान उत्तर प्रदेश के बागपत में रहने की बात कही है।

हालिया चुनाव के खिलाफ आप सुप्रीम कोर्ट पहुंची

नई दिल्ली। आप ने दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति के एक सदस्य के लिए हुए चुनाव को चुनौती देने सुप्रीम कोर्ट पहुंची है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब मुख्यमंत्री आतिशी ने भाजपा पर लोकतंत्र की हत्या का आरोप लगाया है और दावा किया है कि एमसीडी की स्थायी समिति में एक सदस्य का चुनाव गैरकानूनी और अलोकतांत्रिक था। भाजपा ने एमसीडी की 18 सदस्यीय स्थायी समिति की एकमात्र रिक्त सीट पर निर्विरोध जीत हासिल की क्योंकि सत्तारूढ़ आप और कांग्रेस के पार्षदों ने चुनाव का बहिष्कार किया था।

वेल्डिंग मशीन में विस्फोट एक की मौत, तीन घायल

नई दिल्ली। दिल्ली के द्वारका के भरथल गांव में रविवार सुबह वेल्डिंग मशीन में विस्फोट होने से 36 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई और तीन झुलस गए। अधिकारियों ने बताया कि मृतक बिजवासन इलाके के माया राम है। घायलों में राकेश, फैयाज, समीर है। घायलों का सफदरजंग अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि हमें द्वारका के सेक्टर 25 के पास भरथल गांव में तेल टैंकर में काम करते समय वेल्डिंग मशीन में विस्फोट से कुछ लोगों के घायल होने की कॉल प्राप्त हुई थी।

पूर्व सरकारों की कार्य संस्कृति को किया खत्म

प्रधानमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से महाराष्ट्र में 11,200 करोड़ की परियोजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

पुणे, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पूर्ववर्ती सरकारों पर शहरी क्षेत्रों के विकास के लिए योजना और दूरदृष्टि की कमी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अगर वही पुरानी कार्य संस्कृति होती तो पुणे मेट्रो परियोजना का काम आगे नहीं बढ़ पाता। मोदी ने कहा कि उन्होंने इस पुरानी कार्य संस्कृति को खत्म कर दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये महाराष्ट्र में 11,200 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के दौरान ये बातें कहीं।

मोदी का 26 सितंबर को निर्धारित पुणे दौरा शहर में भारी बारिश के कारण रद कर दिया गया था। प्रधानमंत्री ने जिला न्यायालय से स्वारगेट तक पुणे मेट्रो खंड का ऑनलाइन माध्यम से उद्घाटन किया और मेट्रो को हरी झंडी दिखाई। मोदी ने कहा कि पुणे मेट्रो के प्रथम चरण के पूरा होने से शहर में लोगों का आवागमन सुगम हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों की तरह अगर सोचने का वही पुराना तरीका होता तो पुणे मेट्रो का काम पूरा नहीं हो पाता। मोदी ने कहा कि बढ़ती आबादी के कारण शहर की गति धीमी नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसकी क्षमता बढ़नी चाहिए। यह तभी संभव है, जब सार्वजनिक परिवहन को आधुनिक और कनेक्टिविटी को बेहतर बनाया जाए। यही महायुति सरकार (महाराष्ट्र में) का दृष्टिकोण है।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से परियोजनाओं का लोकार्पण करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

प्रधानमंत्री ने ऑनलाइन माध्यम से भिड़ेवाड़ा में क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले के पहले बालिका विद्यालय स्मारक की आधारशिला रखा। इस दौरान उन्होंने कहा कि आधुनिक बुनियादी ढांचे के साथ विरासत को भी संरक्षित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत का आधुनिकीकरण हो, लेकिन यह हमारे मौलिक मूल्यों पर आधारित होना चाहिए। सावित्रीबाई फुले द्वारा शुरू किए गए स्कूल का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि देश ने देखा है कि जब महिलाएं सामाजिक बदलाव की जिम्मेदारी लेती हैं तो क्या प्रभाव पड़ता है। अगर महाराष्ट्र विकास करता है तो देश भी उसका अनुसरण करेगा।

भगवान विट्ठल के भक्तों को मिला विशेष उपहार

प्रधानमंत्री मोदी ने पुणे शहर से सीधा हवाई संपर्क स्थापित करने के लिए सोलापुर हवाई अड्डे का भी उद्घाटन किया। इसका जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान विट्ठल के भक्तों को भी आज एक विशेष उपहार मिला है। मोदी ने बताया कि टर्मिनल की क्षमता में वृद्धि हुई है और मौजूदा हवाई अड्डे के उन्नयन कार्य के पूरा होने के बाद यात्रियों के लिए नई सेवाएं और सुविधाएं बनाई गई हैं, जिससे भगवान विट्ठल के भक्तों के लिए सुविधा बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि हवाई अड्डे से व्यवसाय, उद्योग और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

हिमाचल व कर्नाटक में राहुल की गारंटी हो गई विफल : शाह

चंडीगढ़, एजेंसी

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को हरियाणा में कांग्रेस पर हमला जारी रखते हुए आरोप लगाया कि राहुल गांधी की चुनावी गारंटियां हिमाचल और कर्नाटक जैसे राज्यों में विफल हो गई हैं, जहां कांग्रेस सत्ता में है। शाह ने गुरुग्राम के बादशाहपुर में चुनावी रैली में कहा कि कांग्रेस वादे करती है लेकिन वे हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना में चुनावी वादे पूरे नहीं कर पाए। राहुल गांधी की गारंटियां नाकाम हो गईं।

गृह मंत्री ने कहा कि भाजपा ऐसा कोई वादा नहीं करती जिसे पूरा न किया जा सके। राहुल बाबा एंड कंपनी विकास नहीं कर सकती और डबल इंजन की सरकार ही हरियाणा का विकास सुनिश्चित करेगी। हम देश की सीमा को सुरक्षित रखेंगे, आरक्षण की रक्षा करेंगे और अनुच्छेद 370 को कभी वापस नहीं आने देंगे। वक्फ विधेयक का उल्लेख करते हुए शाह ने कहा कि आपको वक्फ बोर्ड पर मौजूदा विधान से समस्या है हम संसद के शीतकालीन सत्र में इसमें संशोधन करेंगे। विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाया था कि राजग सरकार के वक्फ संशोधन विधेयक का उद्देश्य समाज में विभाजन पैदा करना है और कहा था कि वे इसका कड़ा विरोध करेंगे। शाह ने कहा कि इंदिरा गांधी से लेकर मनमोहन सिंह तक ने वन रैंक वन पेंशन की मांग पूरी नहीं की लेकिन 2015 में राजग ने पूरी की। अग्निपथ पर शाह ने राहुल गांधी को झूठ बोलने की मशीन बताया और कहा उनकार दावा है कि अग्निवीरों को नौकरी नहीं मिलेगी। शाह ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार एक अग्निवीर को पेंशन योग्य नौकरी देंगे।

- हरियाणा के गुरुग्राम के बादशाहपुर में चुनावी रैली में गृह मंत्री ने कांग्रेस नेता पर लगाया आरोप

कांग्रेस ने प्राथमिकी पर वित्त मंत्री से मांगा इस्तीफा

नई दिल्ली, एजेंसी

- विपक्षी दल ने चुनावी बॉण्ड योजना की एसआईटी से सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग दोहराई

कांग्रेस ने रद हो चुकी चुनावी बॉण्ड योजना के संबंध में शिकायत पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद रविवार को भाजपा पर हमला बोला और लोकतंत्र को कमजोर करने के लिए वित्त मंत्री के इस्तीफे की मांग की। विपक्षी दल ने पूरे चुनावी बॉण्ड योजना की विशेष जांच दल (एसआईटी) से सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग दोहराई।

पार्टी प्रवक्ता अभिषेक सिंघवी के साथ कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि चुनावी बॉण्ड की साजिश से पैसे ऐंठने के लिए चार तरीकों का इस्तेमाल हुआ। इसके तहत प्रीपेड रिश्वत, पोस्टपेड रिश्वत, छापे के बाद रिश्वत और फर्जी कंपनियों के माध्यम से वसूली हुई। वित्त मंत्री को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए, क्योंकि वह राजनीतिक, कानूनी और नैतिक रूप से दोषी हैं। रमेश ने कहा कि प्राथमिकी अदालत के आदेश पर दर्ज की गई। कांग्रेस चुनावी बॉण्ड योजना की एसआईटी से सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग कर रही है और वह इस मांग को दोहराती है। सिंघवी ने भाजपा पर लोकतंत्र कमजोर करने का भी आरोप लगाया।

निर्मला सीतारमण दे इस्तीफा: प्रियांक

बेंगलुरु। कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे ने खत्म हो चुकी चुनावी बॉण्ड योजना के जरिए कथित तौर पर पैसा मांगने के लिए अदालत के आदेश पर निर्मला सीतारमण के खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद उनसे इस्तीफा देने की मांग की। प्रियांक ने आरोप लगाया कि कंपनियों ने चुनावी बॉण्ड योजना के जरिए भाजपा को चंदा दिया और अदालत ने वैध आधार पर पुलिस को सीतारमण व अन्यों के खिलाफ मामला दर्ज करने का निर्देश दिया।

नसरल्ला की मौत के बाद भड़काऊ पोस्ट पर कार्रवाई की दी चेतावनी

श्रीनगर। साइबर पुलिस कश्मीर ने इजराइली हमलों में हिजबुल्ला प्रमुख हसन नसरल्ला के मारे जाने के मद्देनजर सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं को घाटी में सांप्रदायिक या गुटीय तनाव को बढ़ावा देने के खिलाफ चेतावनी दी। इसने एक्स पर जारी परामर्श में कहा कि हमने देखा कि सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट किए जा रहे हैं, जो सांप्रदायिक सद्भाव को खतरे में डाल रहे हैं। हम आग्रह करते हैं कि वे विभाजनकारी पोस्ट करने या उसमें शामिल होने से बचें। पुलिस ने ऐसा करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। हिजबुल्ला प्रमुख के मारे जाने के बाद श्रीनगर और बडगाम जिलों के शिया बहुल इलाकों में स्वतःस्फूर्त विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। हालांकि सड़कों पर प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे हैं, लेकिन कुछ सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं द्वारा ऑनलाइन भड़काऊ सामग्री पोस्ट किए जाने की खबरें आई हैं।

सेंथिल बालाजी सहित तीन अन्य ने ली शपथ

चेन्नई। तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने रविवार को द्रमुक नेता वी सेंथिल बालाजी को मंत्री पद की शपथ दिलाई। बालाजी को कुछ दिन पहले नशोधन के मामले में जमानत मिली थी। द्रमुक के तीन अन्य विधायकों आर राजेंद्रन (सेलम-उत्तर), गोवी चेझियान (तिरुविदाईमारुदुर) और एस एम नासर (अवाडी) ने भी रापद एवं गोपनीयता की शपथ ली। वहां तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और उनके बेटे उदयनिधि भी मौजूद थे, जो पहले ही उपमुख्यमंत्री बनाए जा चुके हैं।

बंगाल में बाढ़ चिंताजनक, केंद्र मदद नहीं कर रहा : ममता बनर्जी

कोलकाता। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को उत्तरी जिलों में बाढ़ की स्थिति को खतरनाक बताया और दावा किया कि राज्य को इस प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए केंद्र सरकार से सहायता नहीं मिल रही है। बंगाल के उत्तरी हिस्से में बाढ़ का निरीक्षण करने के लिए जाते समय बनर्जी ने कहा कि राज्य सरकार बाढ़ से निपट रही है। मुख्यमंत्री ने सिलीगुड़ी जाते समय कहा कि कूचबिहार, जलपाईगुड़ी और अलीपुरद्वार जैसे जिले प्रभावित हुए हैं। केंद्र सरकार पर मदद नहीं करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि हमारे बार-बार याद दिलाने के बावजूद केंद्र ने फरक्का बैराज का रखरखाव कार्य नहीं किया और इसकी जल-धारण क्षमता काफी हद तक कम हो गई है।

राजनीति में महिलाओं की भागीदारी के बिना समाज में समानता मुमकिन नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

सही मायने में समानता और न्याय के लिए राजनीति में अधिक महिलाओं की भागीदारी पर जोर देते हुए, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने वास्तविक परिवर्तन लाने को उत्साहित आधी आबादी से रविवार को शक्ति अभियान में शामिल होने का आग्रह किया, जिसका उद्देश्य राजनीति में महिलाओं के हितों के लिए समान अवसर उपलब्ध करना है।

राहुल ने एक्स पर कहा कि एक साल पहले, महिला राजनीति को केंद्र में रखकर हमने इंदिरा फेलोशिप की शुरुआत की थी। आज, यह पहल महिला नेतृत्व के सशक्त कारवां में बदल चुकी है। राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाए बिना समाज में समानता और न्याय मुमकिन नहीं है। आधी आबादी, पूरा हक़-हिस्सेदारी, कांग्रेस की सोच और संकल्प का प्रतीक है। मैं एक बार फिर महिलाओं से शक्ति अभियान से जुड़ने और राजनीति का हिस्सा बनने का आह्वान करता हूं।

- शक्ति अभियान में शामिल होने का महिलाओं से कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने किया आग्रह

दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बने मनमोहन

नई दिल्ली। जस्टिस मनमोहन ने रविवार को दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के तौर पर शपथ ली। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने राज निवास में हुए समारोह में शपथ दिलाई। समारोह में मुख्यमंत्री आतिशी समेत कई लोग उपस्थित रहे। सतीश चंद्र शर्मा को सुप्रीम कोर्ट का न्यायाधीश बनाने के बाद मनमोहन को 9 नवंबर 2023 को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश बनाया गया था। मनमोहन प्रख्यात नौकरशाह-राजनेता, जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल और दिल्ली के उपराज्यपाल रहे जगमोहन के बेटे हैं।

उद्योगपति ओसवाल से सात करोड़ रुपये ठगे, दो गिरफ्तार

लुधियाना। पंजाब पुलिस ने रविवार को प्रसिद्ध उद्योगपति श्रीपॉल ओसवाल से सात करोड़ ठगने वाले अंतर्राज्यीय साइबर जालसाजों के गिरोह का भंडाफोड़ किया। लुधियाना के पुलिस आयुक्त कुलदीप सिंह चहल ने बताया कि दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से 5.25 करोड़ रुपये बरामद किए गए हैं। गिरोह के सात अन्य सदस्यों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। गिरोह के सभी नौ सदस्य असम और बंगाल के हैं। जालसाजों ने वर्धमान समूह के मालिक एसपी ओसवाल के बैंक खातों से सात करोड़ निकाले। उनमें से एक ने खुद को सीबीआई का अधिकारी बताया और उद्योगपति को फर्जी गिरफ्तारी वारंट दिखाया तथा डिजिटल गिरफ्तारी की धमकी दी।

- आरोपियों के पास से 5.25 करोड़ रुपये किए गए बरामद

दिव्यांग बच्चों के अधिकारों पर जस्टिस नागरत्ना ने जताई चिंता

नई दिल्ली, एजेंसी

- आजीवन सहायता का किया आह्वान राज्यों को दिए सुझाव

सुप्रीम कोर्ट की किशोर न्याय समिति की अध्यक्ष जस्टिस बीवी नागरत्ना ने बच्चों के लिए दिव्यांगता सहायता प्रणालियों में सुधार का आह्वान किया है, जिसमें आंकड़ों का सटीक संग्रह, आजीवन वित्तीय सहायता और शिक्षा में समावेशिता पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। दिव्यांग बच्चों के अधिकारों की रक्षा विषय पर कार्यक्रम में नागरत्ना ने दिव्यांग बच्चों के समर्थन में होने वाले प्रयासों के अंतराल को रेखांकित किया और इस मुद्दे के समाधान के लिए बहु-हितधारक दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि विकलांग बच्चों की सुरक्षा के लिए एक राज्य कार्य योजना विकसित करें, जिसकी समीक्षा और निगरानी राज्यों और उच्च न्यायालयों की किशोर न्याय समितियों द्वारा की जाएगी।

कारोबार/कृषि

एक नजर

जमा वृद्धि को नए उत्पाद लाने की तैयारी में एसबीआई

नई दिल्ली। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन सीएस शेट्टी ने कहा है कि जमाकर्ताओं को आकर्षित करने के लिए बैंक आवर्ती जमा और एसआईपी के संयुक्त उत्पाद सहित नए उत्पाद लाने पर विचार कर रहा है। अर्थव्यवस्था की प्रगति के साथ, ग्राहक वित्तीय रूप से अधिक जागरूक और मांग करने वाले बन रहे हैं, और उन्होंने नवीन निवेश साधनों की तलाश शुरू कर दी है। शेट्टी ने कहा कि आज ग्राहक मूल्य प्रस्ताव पर ध्यान दे रहे हैं, क्योंकि वित्तीय साक्षरता बढ़ रही है और परिसंपत्ति आवंटन की अवधारणा को अधिक महत्व मिलेगा।

आईबीए को 1,600 करोड़ रुपये के निवेश की उम्मीद

नई दिल्ली। भारतीय बायोगैस एसोसिएशन (आईबीए) को शुरू हो रहे नवीकरणीय ऊर्जा भारत एक्सपो (आरईआई) 2024 के दौरान 1,600 करोड़ रुपये के निवेश की उम्मीद है। बायोगैस परिचालकों, विनिर्माताओं और संयंत्र योजनाकारों का प्रतिनिधित्व करने वाला अग्रणी निकाय आईबीए इस उच्चस्तरीय आयोजन से मिलने वाले अवसरों के प्रति आशान्वित है। आईबीए के चेयरमैन गौरव केडिया ने कहा कि आरईआई-2024 में बायोगैस क्षेत्र में 1,600 करोड़ के निवेश की घोषणा होने की उम्मीद है। एक्सपो में गत वर्ष की तुलना में 20% अधिक भागीदारी होने की उम्मीद है।

हल्द्वानी मंडी

चावल : शरबती- 5750 मसूरी- 5200 बासमती- 9200 परमल- 3700

दाल दलहन : काला चना- 8900 साबुत चना दाल- 9350 मूंग साबुत- 10600 राजमा- 13200-16400 दाल उड़द- 10500 साबुत मसूर दाल- 7500 मसूर दाल- 9200 उड़द साबुत- 10700 काबुली चना- 13600-16300 अरहर दाल- 16000 लोबिया/करमानी- 8600 सोयाबीन- 5300 मूंगफली- 11900 मटर (सूखी)- 5950 मक्का- 3900

शेयर बाजार में एफपीआई ने किए 57,359 करोड़ रुपये निवेश

फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती के बाद विदेशी निवेशकों की रुचि बढ़ी

- इस वर्ष एफपीआई का भारतीय शेयरों में निवेश एक लाख करोड़ के आंकड़े को किया पार

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने सितंबर में भारतीय शेयर बाजारों में 57,359 करोड़ रुपये निवेश किए हैं, जो उनके निवेश का नौ माह का उच्चस्तर है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा प्रमुख ब्याज दरों में 0.50 प्रतिशत की कटौती के बाद एफपीआई का भारतीय बाजार में निवेश लगातार बढ़ रहा है।

डिपॉजिटरी के अनुसार इस साल 2024 में एफपीआई का भारतीय शेयरों में निवेश एक लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है। शोध विश्लेषक कंपनी गोलफाई के स्मॉलकेस प्रबंधक और संस्थापक एवं सीईओ रॉबिन आर्य ने कहा कि आगे चलकर एफपीआई का प्रवाह मजबूत बना रहेगा। वैश्विक स्तर पर ब्याज दरों में कटौती तथा भारत की मजबूत बुनियाद से एफपीआई दांव लगा रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के मुद्रास्फीति प्रबंधन तथा तरलता से संबंधित फैसले इस रफ्तार को कायम रखने के लिए महत्वपूर्ण होंगे। एफपीआई ने 27 सितंबर तक शेयरों में 57,359 करोड़ का शुद्ध निवेश किया है। अभी इस महीने का एक कारोबारी सत्र बचा है। यह दिसंबर, 2023 के बाद सबसे अधिक शुद्ध प्रवाह है।

शीर्ष आठ कंपनियों की पूंजी 1.21 लाख करोड़ बढ़ी

नई दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,21,270 .83 करोड़ रुपये का उछाल आया। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 53,652 .92 करोड़ बढ़कर 20,65,197 .60 करोड़, एसबीआई 18,518 .57 करोड़ बढ़कर 7,16,333 .98 करोड़, भारती एयरटेल 13,094 .52 करोड़ बढ़कर 9,87,904 .63 करोड़, आईटीसी 9,927 .3 करोड़ बढ़कर 6,53,834 .72 करोड़, टीसीएस 8,592 .96 करोड़ बढ़कर 15,59,052 करोड़, एचडीएफसी बैंक 8,581 .64 करोड़ बढ़कर 13,37,186 .93 करोड़, एलआईसी 8,443 .87 करोड़ बढ़कर 6,47,616 .51 करोड़, इन्फोसिस 459 .05 करोड़ बढ़कर 7,91,897 .44 करोड़ रुपये रहा।

निश्चित आय : वित्तीय दुनिया के महत्वपूर्ण हिस्से

निश्चित आय और ऋण बाजार निवेश का क्षेत्र आज की वित्तीय दुनिया में अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है। बढ़ती ब्याज दरें और मुद्रास्फीति ने निवेशकों के लिए कई चुनौतियाँ उत्पन्न की हैं, लेकिन इसके साथ ही नए अवसर भी प्रस्तुत किए हैं। व्हार्टन स्कूल का यह कार्यक्रम प्रतिभागियों को फिक्स्ड-इनकम निवेश और जोखिम प्रबंधन में उत्कृष्टता हासिल करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। आइये इस पर नजर डालें...

मुद्रा कारोबार कोष : ये बॉण्ड विभिन्न ऋण उपकरणों में निवेश करते हैं और नियमित रूप से निश्चित ब्याज रिटर्न देते हैं।

डेट म्यूचुअल फंड्स : ये फंड सरकारी और कॉर्पोरेट बांड, वाणिज्यिक पत्र, मुद्रा बाजार उपकरणों आदि में निवेश करते हैं।

बांड : कंपनियों द्वारा पूंजी जुटाने के लिए जारी किए जाते हैं और निश्चित ब्याज दर के साथ लौटाए जाते हैं।

मुद्रा बाजार उपकरण : जैसे ट्रेजरी बिल्स, वाणिज्यिक पत्र। ये अल्पकालिक निवेश होते हैं, जिनकी परिपक्वता एक वर्ष से कम होती है।

बैंक जमा : सुरक्षित निवेश विकल्प, जिसमें छोटी और लंबी अवधि दोनों के लिए ब्याज मिलता है।

सरकारी योजनाएं : जैसे सामान्य भविष्य निधि और वरिष्ठ नागरिक बचत योजना जो कर छूट और स्थिर ब्याज दर प्रदान करती हैं।

निवेशकों के लिए लाभ

स्थिरता : यह उन लोगों के लिए आदर्श है जो सुरक्षित और स्थिर रिटर्न चाहते हैं।

कम जोखिम : खासकर वृद्ध निवेशक और जोखिम से बचने वाले निवेशक इन प्रतिभूतियों को पसंद करते हैं।

नियमित आय : रिटायरमेंट के बाद नियमित आय प्राप्त करने के लिए ये योजनाएं अच्छी मानी जाती हैं।

ध्यान देने योग्य बातें

मुद्रास्फीति जोखिम : मुद्रास्फीति के बढ़ने पर इनके वास्तविक रिटर्न में कमी आ सकती है।

ब्याज दर जोखिम : ब्याज दरों में बदलाव से बॉन्ड की कीमतें प्रभावित हो सकती हैं।

कराधान : इन प्रतिभूतियों से प्राप्त आय पर कर का भुगतान करना होता है और दीर्घकालिक -अल्पकालिक कर लाभ नियम अलग होते हैं।

सुरक्षा : आमतौर पर, सरकारी बांड अधिक सुरक्षित माने जाते हैं।

स्थिरता : निश्चित आय उपकरणों से नियमित आय सुनिश्चित होती है।

कम जोखिम : शेयर बाजार की तुलना में कम उतार-चढ़ाव होता है।

ऋण बाजार : ऋण बाजार वह जगह है जहां निवेशक विभिन्न प्रकार के ऋण उपकरण खरीदते और बेचते हैं। कॉर्पोरेट बांड, नगरपालिका बांड, और अन्य ऋण साधन। इसमें दीर्घकालिक और लघुकालिक ऋण उपकरण शामिल होते हैं।

उपयोग : कंपनियां और सरकारें पूंजी जुटाने के लिए ऋण बाजार का उपयोग करती हैं।

ब्याज दरें : ऋण बाजार की ब्याज दरें बाजार की मौजूदा आर्थिक स्थिति के आधार पर बदलती हैं।

आयकर अधिनियम समीक्षा : सरकार अगले महीने उद्योग से सुझाव करेगी आमंत्रित

नई दिल्ली, एजेंसी

- उद्योग मंडलों की गत बैठक में सरकार ने कहा था- आयकर पोर्टल में ऐसी सुविधा बनाएंगे, जिसमें सुझाव दिए जा सकेंगे

प्रत्यक्ष कर कानून को सरल बनाने की कवायद के तहत सरकार ने अक्टूबर से आयकर अधिनियम, 1961 पर निजी क्षेत्र और कर विशेषज्ञों से सुझाव आमंत्रित करने का प्रस्ताव किया है। इस महीने की शुरुआत में उद्योग मंडलों के साथ बैठक में सरकार ने कहा था कि आयकर पोर्टल में एक ऐसी सुविधा बनाई जाएगी, जिसमें आयकर कानून की विभिन्न धाराओं के बारे में सुझाव दिए जा सकेंगे। इसका मकसद भाषा को सरल बनाना और मुकदमेबाजी को कम करना है।

बजट घोषणा के बाद केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने छह दशक पुराने प्रत्यक्ष कर कानून की व्यापक समीक्षा और इसे संक्षिप्त, पढ़ने और समझने में सुगम बनाने के लिए एक आंतरिक समिति गठित की थी। सूत्र ने बताया कि उद्योग संघों के साथ बैठक में राजस्व विभाग ने सुझाव दिया कि आयकर कानून को फिर से तैयार करने पर सुझाव को लेकर अक्टूबर के पहले सप्ताह तक पोर्टल पर यह सुविधा डाली जाए। यह कवायद नया कर कानून या कर संहिता लिखने को नहीं है। पुराने प्रावधानों को हटाने से ही पृष्ठों की संख्या में करीब 100 की कमी आ सकती है। आयकर कानून की समीक्षा का उद्देश्य भाषा को सरल बनाना और मुकदमेबाजी को कम करना है।

60,000 करोड़ जुटाने की तैयारी में कई कंपनियां

नई दिल्ली। दो माह में हुंदै मोटर इंडिया, स्विगी और एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी सहित आधा दर्जन से अधिक कंपनियां 60,000 करोड़ जुटाने के लिए आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की तैयारी में हैं। मर्चेंट बैंकिंग सूत्रों ने यह जानकारी दी। एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर, वारी एनर्जीज, निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस, वन मोबिक्विक सिस्टम्स और गरुड़ कंस्ट्रक्शन भी आईपीओ ला रही हैं। इक्विरास के प्रबंध निदेशक मुनीश अग्रवाल को उम्मीद है कि सितंबर दिसंबर के बीच 30 से अधिक आईपीओ आएंगे।

सात प्रतिशत की वृद्धि के साथ रोजगार का सृजन नहीं कर रहा भारत

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा है कि 7% की आर्थिक वृद्धि के साथ भारत पर्याप्त नौकरियां पैदा नहीं कर रहा है। इसका अंदाजा कुछ राज्यों में रिक्त पदों के लिए आवेदकों की संख्या से लगाया जा सकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि सरकार को रोजगार पैदा करने के लिए श्रम-गहन उद्योगों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है।

राजन ने कहा कि कुछ भारतीय विशेष रूप से उच्चस्तर पर, संतोषजनक स्थिति में हैं और उनकी आमदनी अधिक है। लेकिन निचले आधे हिस्से में उपभोग वृद्धि अब भी नहीं सुधरी है और यह कोविड-पूर्व स्तर तक नहीं पहुंच पाई है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण हिस्सा है...आप सोचेंगे कि सात प्रतिशत की वृद्धि के साथ, हम बहुत सारी नौकरियां पैदा करेंगे। लेकिन अगर आप हमारी विनिर्माण वृद्धि को देखें, तो यह अधिक पूंजी गहन है। उन्होंने कहा कि पूंजी-गहन उद्योग अधिक तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन श्रम-गहन उद्योगों के साथ ऐसी बात नहीं है। आरबीआई के पूर्व गवर्नर ने कहा कि निचले स्तर पर सब ठीक नहीं चल रहा है।

- आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा- सरकार को श्रम-गहन उद्योगों को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत

जीएसटीएन ने किया जीएसटी रिटर्न का आंकड़ा बहाल

नई दिल्ली। जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) ने रविवार को कहा कि जुलाई-अगस्त 2017 के मासिक रिटर्न का आंकड़ा पोर्टल पर बहाल किया गया है। ये जीएसटी लागू होने के शुरुआती महीने थे। जीएसटीएन ने पिछले सप्ताह कहा था कि वह अपनी आंकड़ा नीति को लागू कर रहा है, जिसके अनुसार करदाताओं के आंकड़े केवल सात साल के लिए ही रखे जाएंगे। जिन्हें अभिलेखागार (आर्काइव) में रखा जाएगा। उद्योग जगत ने इसे लागू करने से पहले समय मांगा था, ताकि वे जीएसटी पोर्टल से आंकड़े डाउनलोड कर सकें।

ईसी के सदस्यों का ध्यान खुद के फायदे पर : उषा

नई दिल्ली, एजेंसी

- आईओए अध्यक्ष ने संघ को अपने तरीके से चलाने के लगाए आरोप ईसी के कुछ सदस्यों का ट्रैक रिकॉर्ड संदिग्ध

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को अपने तरीके से चलाने का आरोप लगाते हुए अध्यक्ष पीटी उषा ने रविवार को कार्यकारी परिषद (ईसी) में बगावत करने वाले सदस्यों पर पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि उनका मकसद देश के खेल की भलाई करने की जगह खुद के फायदे और मौद्रिक लाभ लेने पर है।

उषा ने यहां एक आधिकारिक विज्ञप्ति में आरोप लगाया कि इनमें से कुछ ईसी सदस्यों का ट्रैक रिकॉर्ड बेहद संदिग्ध है। इसमें लैंगिक भेदभाव के आरोप और यहां तक कि उनके खिलाफ यौन उत्पीड़न के मामले भी दर्ज हैं। भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले एक खिलाड़ी के रूप में अपने 45 साल लंबे करियर में मैंने कभी ऐसे लोगों का सामना नहीं किया है जो हमारे खिलाड़ियों की आकांक्षाओं और हमारे देश के खेल भविष्य के प्रति इतने उदासीन हैं। इन व्यक्तियों का पूरा ध्यान खेल प्रशासन में उनकी लंबे समय तक उपस्थिति और नियंत्रण के माध्यम से खुद के फायदे और मौद्रिक लाभ लेने पर रहता है। इस पूर्व दिग्गज एथलीट ने बिना किसी का नाम लिए कहा यह बताना भी जरूरी है कि इनमें से कुछ ईसी सदस्यों के ट्रैक रिकॉर्ड बेहद संदिग्ध हैं। उन पर लैंगिक पूर्वाग्रह के आरोप हैं। यहां तक कि उनके खिलाफ यौन उत्पीड़न के मामले भी दर्ज हैं।

कार्यकारी परिषद के 12 सदस्यों ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के सीनियर अधिकारी जेरोम पोइवे को पत्र लिखकर इस दिग्गज एथलीट पर तानाशाही से काम करने का आरोप लगाया। बैठक के दौरान उषा द्वारा आईओए सीईओ के पद से रघुराम अय्यर को हटाने की उनकी मांग को खारिज करने के बाद आईओसी को पत्र लिखा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय एच पटेल, उपाध्यक्ष राजलक्ष्मी देव और गगन नारंग, कोषाध्यक्ष सहदेव यादव, संयुक्त सचिव अलकनंदा अशोक और कल्याण चौबे, अन्य कार्यकारी परिषद सदस्य अमिताभ, भूपेंद्र बाजवा, रोहित, डोला, हरपाल सिंह और योगेश्वर दत्त ने पत्र पर हस्ताक्षर किए। सदस्यों ने पोइवे को लिखा कि वे आईओए के सीईओ के पद के लिए फिर से विज्ञापन देंगे।

पीसीबी ने दी चेतावनी- फिटनेस सुधारो, नहीं तो अनुबंध समाप्त

कराची। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने छह-सात केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों को कड़ी चेतावनी जारी की है जिसमें उन्हें कहा गया है कि या तो वे अपनी फिटनेस सुधारें, वर्ना उनके अनुबंध गंवाने का जोखिम रहेगा।

पाकिस्तान टीम के फिटनेस ट्रेनर और फिजियो सोमवार को लाहौर में एक और फिटनेस जांच करेंगे क्योंकि कुछ खिलाड़ी इस महीने की शुरू में फिटनेस संबंधित जरूरी मानदंडों को पूरा नहीं कर पाए थे। बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा जिन खिलाड़ियों के पास केंद्रीय और घरेलू अनुबंध हैं, उन्हें स्पष्ट शब्दों में कहा गया है कि फिटनेस पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। दो विदेशी मुख्य कोच जेसन गिलेस्पी और गैरी कर्स्टन ने पीसीबी अध्यक्ष से कहा था कि फिटनेस के संबंध में किसी भी खिलाड़ी से कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए।

पाकिस्तान के राष्ट्रीय चयनकर्ता पद से मो. यूसुफ ने दिया इस्तीफा

लाहौर, एजेंसी

- पिछले साल से विभिन्न भूमिकाओं में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से जुड़े हुए हैं मोहम्मद यूसुफ

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मोहम्मद यूसुफ ने निजी कारणों का हवाला देते हुए रविवार को राष्ट्रीय चयनकर्ता का पद छोड़ दिया। उन्होंने एक्स पर लिखा मैं व्यक्तिगत कारणों से पाकिस्तान क्रिकेट टीम के चयनकर्ता के रूप में अपने इस्तीफे की घोषणा करता हूं। इस बेहतरीन टीम की सेवा करना मेरे लिए शानदार रहा है। मुझे पाकिस्तान क्रिकेट के विकास और सफलता में योगदान देने पर गर्व है।

उन्होंने कहा मुझे अपने खिलाड़ियों की प्रतिभा और जज्बे पर बहुत भरोसा है। यह टीम बेहतर होने के अपने प्रयास को जारी रखेगी और मैं टीम को शुभकामनाएं देता हूं। यूसुफ पिछले साल से विभिन्न भूमिकाओं में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से जुड़े हुए हैं। वह उस राष्ट्रीय चयन समिति का हिस्सा थे जिसमें दो पूर्व टेस्ट खिलाड़ी, मुख्य कोच, कप्तान और एक विश्लेषक शामिल हैं। चयन समिति में एक अन्य पूर्व खिलाड़ी असद शफीक है।

खेल डायरी

भारतीय पुरुष निशानेबाजी टीम ने जीता स्वर्ण पदक

लीमा। भारतीय पुरुष और महिला निशानेबाजी टीमों ने आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप 2024 की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के स्वर्ण पदक अपने नाम किये। वहीं कनक ने महिला व्यक्तिगत स्पर्धा के फाइनल में कांस्य पदक जीता। पेरु की राजधानी लीमा के लास पालमास शूटिंग रेंज में शनिवार को प्रतिस्पर्धा करते हुए, कनिष्का डागर (573), लक्षिता (571) और अंजलि चौधरी (564) ने क्वालिफिकेशन राउंड में कुल 1708 का स्कोर अर्जित करते हुए भारत को महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा की टीम श्रेणी में शीर्ष स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। इसी स्पर्धा में अजरबैजान (1707) के स्कोर के साथ रजत और यूक्रेन को (1704) का स्कोर कर कांस्य पदक जीता। भारतीय निशानेबाज कनक ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक के साथ लीमा जूनियर निशानेबाजी विश्व चैंपियनशिप में भारतीय निशानेबाजी टीम के व्यक्तिगत पदकों का खाता भी खोल दिया है। भारत ने इस प्रतियोगिता में कुल दो स्वर्ण, कांस्य सहित तीन पदक जीते।

भारतीय वुशु खिलाड़ियों ने दो स्वर्ण सहित सात पदक जीते

नई दिल्ली। भारतीय वुशु खिलाड़ियों ने रविवार को ब्रुनेई के में समाप्त हुई नौवीं जूनियर विश्व चैंपियनशिप में दो स्वर्ण सहित सात पदक जीते। भारत ने प्रतियोगिता में एक रजत और चार कांस्य पदक भी जीते। भारतीय वुशु संघ ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा यह पहली बार है जब 48 किग्रा भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रहे भारतीय खिलाड़ी आर्यन ने चीन के खिलाड़ी के खिलाफ कड़े मुकाबले में स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा भारतीय खिलाड़ी शौर्य ने ईरान के प्रतिद्वंद्वी को हराकर एक और स्वर्ण पदक जीता। नांग मिंगबी बोरफुकन ने ताओलू जियान शू सी ग्रुप स्पर्धा में रजत पदक जीता। तनिश नागर (56 किग्रा), अभिजीत, दिव्यांशी (60 किग्रा महिला) और युवराज (42 किग्रा) ने कांस्य पदक जीता। इस चैंपियनशिप में 24 सदस्यीय भारतीय टीम ने हिस्सा लिया।

ताइवान ओपन में संयुक्त 23वें स्थान पर रहे युवराज

ताइपे सिटी (ताइवान)। पहले दौर में शानदार प्रदर्शन करने वाले युवराज संधू ने चीनी ताइपे में येंगडर टीपीसी गोल्फ टूर्नामेंट के चौथे और अंतिम दौर में रविवार को यहां तीन अंडर 69 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 23वें स्थान पर रहे जो भारतीय खिलाड़ियों में सर्वश्रेष्ठ है। युवराज ने पहले दौर में 65 का कार्ड खेलकर शानदार शुरुआत की थी जिससे वह संयुक्त दूसरे स्थान पर थे। यह भारतीय खिलाड़ी हालांकि अगले दो दौर में अपनी लय बरकरार नहीं रख पाया। उन्होंने दूसरे दौर में 71 और तीसरे दौर में 74 का स्कोर बनाया। आखिर में उनका कुल स्कोर नौ अंडर रहा। भारत के अन्य खिलाड़ियों में करणदीप कोचर (67-68-73-73) पहले दो दिनों की अच्छी शुरुआत को बरकरार नहीं रख पाए और आखिर में उन्हें संयुक्त 32वें स्थान से संतोष करना पड़ा। अजितेश संधू (67-72-69-73) भी संयुक्त 32वें स्थान पर रहे जबकि शिव कपूर (68-70-72-77) ने संयुक्त 63वां स्थान हासिल किया। थाईलैंड के सुतीपत प्रतीप्तिएंचाई ने दो शॉट की बढ़त के साथ खिताब जीता।

ओडिशा में खुलेंगे खेलो इंडिया के पांच और नए केंद्र

बरहमपुर (ओडिशा)। ओडिशा के पांच जिलों में केंद्र सरकार की योजना के तहत खेलों इंडिया केंद्र (केआईसी) खोले जायेंगे। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। नए केआईसी तीन खेलों से जुड़े होंगे और ये केंद्र गंजम, गजपति, झारसुगुड़ा, नयागढ़ और देवगढ़ जिलों में खोले जाएंगे। खेलो इंडिया बास्केटबॉल केंद्र गंजम जिले के क्वीन ऑफ मिशन हाई स्कूल में खोला जाएगा। खेलो इंडिया खो-खो केंद्र क्रमश: गजपति और झारसुगुड़ा जिलों के एसवीटी हाई स्कूल और आरके स्कूल में खोले जाएंगे। फुटबॉल के लिए केंद्र क्रमश: देवघर और नयागढ़ जिलों में तेलीबानी पीएस हाई स्कूल और नारायण हाई स्कूल में खोला जाएगा। इसमें से तेलीबानी पीएस हाई स्कूल को छोड़कर सभी स्कूल सरकारी है। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने गुरुवार को इस मामले से जुड़े प्राधिकारी द्वारा परियोजना को मंजूरी दिए जाने के बाद हाल ही में ओडिशा सरकार को केंद्र खोलने के बारे में सूचित किया है। साइ को केंद्र चलाने के लिए धन मुहैया कराया जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि प्रत्येक खेल के लिए प्रस्तावित पांच केंद्रों के लिए कोच या सलाहकार अगले दो महीनों में नियुक्त किए जाएंगे जिसमें पूर्व चैंपियन एथलीटों को प्रशिक्षक के रूप में नियुक्त करने का प्रावधान है।

जिन खिलाड़ियों ने कम से कम पांच कैलेंडर वर्ष में कोई मैच नहीं खेला है वो अनकैप्ड

अनकैप्ड खिलाड़ी बने धोनी

बेंगलुरू, एजेंसी

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की संचालन परिषद में शनिवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने फैसला किया कि जिन भारतीय खिलाड़ियों ने कम से कम पांच कैलेंडर वर्ष में कोई अंतर्राष्ट्रीय मैच नहीं खेला है, उन्हें अनकैप्ड खिलाड़ी माना जाएगा, हालांकि माना जा रहा है कि यह कदम इसलिए उठाया गया ताकि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) अपने स्टार क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी को रिटेन कर सके जो आखिरी बार 2019 वनडे विश्व कप सेमीफाइनल में देश के लिए खेले थे।

बीसीसीआई के अनुसार अगर कोई भारतीय खिलाड़ी संबंधित सत्र के आयोजन से पहले पिछले पांच कैलेंडर वर्षों में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट (टेस्ट मैच, वनडे, टी-20 अंतर्राष्ट्रीय) में शुरुआती एकादश में नहीं खेला है या उसके पास बीसीसीआई का केंद्रीय अनुबंध नहीं है तो एक कैप्ड (अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलने वाला) भारतीय खिलाड़ी अनकैप्ड (जिसने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला हो) हो जाएगा। शनिवार को संचालन परिषद की बैठक में यह फैसला किया था कि 10 फ्रेंचाइजी को पिछली टीम से अधिकतम छह खिलाड़ियों को बरकरार रखने (रिटेन) की अनुमति होगी जिसमें नीलामी का एक राइट टू मैच (आरटीएम) कार्ड भी शामिल होगा, जिसकी कीमत 120 करोड़ के बढ़े हुए टीम पर्स में से 75 करोड़ होगी। अनकैप्ड खिलाड़ी के लिए रिटेन करने का खर्चा चार-चार करोड़ होगा इसलिए सीएसके अगर धोनी को रिटेन भी करती है तो नीलामी के लिए निश्चित रूप से बचत कर सकती है। पिछली नीलामी में 2022 में एक टीम को चार खिलाड़ियों को रिटेन करने की अनुमति दी गई थी।

नाम वापस लिया तो विदेशियों पर लगेगा दो साल का प्रतिबंध

नई दिल्ली। नीलामी में खरीदे जाने के बाद अगर कोई विदेशी खिलाड़ी बिना किसी ठोस कारण के स्वयं को सत्र के लिए अनुपलब्ध बताता है तो ऐसे खिलाड़ी पर दो साल का प्रतिबंध लगाया जाएगा। गवर्निंग काउंसिल ने 2025-2027 सत्र के नए नियमों के तहत बिना किसी ठोस कारण खरीदे जाने के बाद बावजूद स्वयं को अनुपलब्ध बताने वाले खिलाड़ी को दो साल के लिए प्रतिबंधित किया जाएगा। वहीं, छोटी नीलामी में विदेशी खिलाड़ी के लिए का प्राइस टैग सबसे ज्यादा रिटेंशन प्राइस (18 करोड़) तथा बड़ी नीलामी की बड़ी बोली से अधिक नहीं होगी, खिलाड़ी चिकित्सीय कारणों से अनुपलब्ध रहता है तो ऐसी स्थिति में कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी लेकिन इस संबंध में खिलाड़ी के होम बोर्ड से भी पुष्टि की जाएगी। विदेशियों का बड़ी नीलामी में पंजीकरण अनिवार्य होगा।

आईपीएल टीमें 31 तक कर सकती हैं रिटेंशन

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की नीलामी के लिए टीमों के पास रिटेंशन फाइनल करने की डेडलाइन 31 अक्तूबर रखी गई है। आईपीएल गवर्निंग काउंसिल के नए नियमों के तहत फ्रैंचाइजी संयुक्त रूप से रिटेंशन और राइट टू मैच विकल्प चुन सकती हैं। नियमों के तहत अधिकतम छह खिलाड़ी रिटेन किया जा सकता हैं। आईपीएल की जारी विज्ञप्ति के अनुसार रिटेंशन और आरटीएम के लिए अपना संयोजन चुनना आईपीएल फ्रैंचाइजी के अपने विवेक पर है। छह रिटेंशन या आरटीएम हो सकते हैं, जहां पांच अधिकतम कैप्ड खिलाड़ी और दो अधिकतम अनकैप्ड खिलाड़ी। रिटेंशन में अगर कोई खिलाड़ी 31 अक्तूबर से पहले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पर्दापण कर कर लेता है तो उसको कैप्ड माना जाएगा। लेकिन अगर कोई रिटेन हुआ अनकैप्ड खिलाड़ी नीलामी से एक दिन पहले भी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पर्दापण करता है तो उसको अनकैप्ड ही माना जाएगा। बड़ी नीमाली को भी बढ़कर 20 करोड़ रूपये किया गया है। इसके तहत अब हर फ्रैंचाइजी के पास 120 करोड़ खर्च करने को होंगे। जिसमें से 75 करोड़ खिलाड़ियों पर खर्च करने होंगे।

न्यूजीलैंड से श्रृंखला जीतकर श्रीलंका ने रच दिया इतिहास

गॉल (श्रीलंका)। श्रीलंका ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को यहां दूसरे टेस्ट मैच में चौथे दिन ही न्यूजीलैंड को पारी और 154 रन से करारी शिकस्त देकर दो मैच की श्रृंखला में क्लीन स्वीप किया। श्रीलंका ने इस श्रृंखला में शुरू से लेकर आखिर तक दबदबा बनाए रखा। यह पिछले 15 वर्षों में पहला अवसर है जबकि उसने न्यूजीलैंड को श्रृंखला में हराया। श्रीलंका के इस जीत के नायक बाएं हाथ से स्पिनर प्रभात जयसूर्या रहे। उन्होंने दो मैच में 18 विकेट लिए और उन्हें श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। इस बीच कामिंदु मेंडिस को दूसरे टेस्ट मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने नाबाद 182 रन बनाए जिससे श्रीलंका ने अपनी पहली पांच विकेट पर 602 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। मेंडिस इस पारी के दौरान सबसे तेज 1000 टेस्ट रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दिग्गज बल्लेबाज सर डॉन ब्रैडमैन के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर पहुंच गए। दूसरे टेस्ट मैच में उन्हें अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे निशान पेइरिस का भी अच्छा साथ मिला जिन्होंने नौ विकेट लिए, जिसमें दूसरी पारी के पांच विकेट भी शामिल हैं। श्रीलंका के विशाल स्कोर के सामने उसकी टीम पहली पारी में केवल 88 रन पर सिमट गई थी और उसे फॉलोऑन के लिए मजबूर होना पड़ा। न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में 360 रन बनाकर कुछ चुनौती पेश की लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

मेस्सी के गोल से इंटर मियामी शीर्ष के करीब

फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका)। लियोनेल मेस्सी ने अपनी ख्याति के अनुरूप शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल दागा जिससे इंटर मियामी मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) कप प्लेऑफ के लिए शीर्ष वरीयता हासिल करने के करीब पहुंच गया। मेस्सी ने 67वें मिनट में गोल किया जिसकी बदौलत इंटर मियामी ने शनिवार रात चार्लोट एफसी के खिलाफ मैच 1-1 से ड्रॉ खेलकर मेजर लीग सॉकर में अपने अजेय अभियान को आठ मैच तक पहुंचा दिया। मेस्सी का इस सत्र में 16 लीग मैचों में यह 15वां गोल था। मेस्सी एमएलएस इतिहास में एक सत्र में कम से कम 15 गोल करने और 15 गोल में मदद करने वाले छठे खिलाड़ी बन गए हैं। उनकी यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इस बीच वह विभिन्न कारणों से लीग के 15 मैचों में नहीं खेल पाए थे। इस मैच में ड्रॉ से इंटर मियामी प्लेऑफ के लिए शीर्ष वरीयता हासिल करने के करीब पहुंच गया है। उसके अभी 65 अंक हैं जबकि उसके करीबी कोलंबस के 57 अंक हैं।

<< चार्लोट एफसी के खिलाफ गोल दागते लियोनेल मेस्सी।

ओसासुना ने थामा बार्सिलोना का विजय अभियान

बार्सिलोना। ब्रायन जरागोजा के बेहतरीन प्रदर्शन से ओसासुना ने बार्सिलोना को 4-2 से पराजित करके स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में पिछले सात मैच से चला आ रहा उसका विजय अभियान रोक दिया और इस तरह से उसे क्लब के रिकॉर्ड की बराबरी नहीं करने की। बायर्न म्यूनिख की तरफ से खेल चुके फॉरवर्ड जरागोजा ने 17वें मिनट में एंटे बुदिमीर के लिए गोल बनाया और फिर 28वें मिनट में गोलकीपर इनाकी पेना को छकाकर स्कोर 2-0 कर दिया। बार्सिलोना के युवा खिलाड़ी पाउ विक्टर ने 53वें मिनट में गोल करके दर्शकों में कुछ जोश भरा लेकिन बुदिमीर ने 72वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर मैच का परिणाम लगभग सुनिश्चित कर लिया। एबेल ब्रेटोन्स ने 85वें मिनट में स्कोर 4-1 कर दिया जबकि स्थानापन्न लैमिन यामल ने बार्सिलोना के लिए दूसरा गोल किया। बार्सिलोना अगर ओसासुना को हरा देता तो 2013 में बनाए गए शुरुआती आठ मैच जीतने के अपने पिछले रिकार्ड की बराबरी कर लेता।

गीली आउटफील्ड, तीसरा दिन भी गया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अंपायरों ने तीन बार मुआयना करने के बाद लिया फैसला
- कई स्थानों पर पैच दिखे, मिट्टी व लकड़ी का बुरादा डाला

अमृत विचार। भारत-बांग्लादेश टेस्ट सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में रविवार को तीसरा दिन भी मायूसी भरा रहा। तीसरे दिन ग्रीनपार्क मैदान से कवर्स हटे, लेकिन मैदान पर पानी जमा होने के कारण कई जगह आउटफील्ड गीली थी। मैदान के बाहरी हिस्से में भरा पानी निकालने को सुबह भी सुपर सॉपर का इस्तेमाल हुआ। अंपायरों ने दिनभर में तीन बार फील्ड का निरीक्षण किया। आउटफील्ड गीली व कई जगह फिसलन मिलने पर अंपायरों ने दोपहर करीब दो बजे खेल रद की घोषणा कर दी।

टेस्ट सीरीज के तीसरे दिन रविवार को उम्मीद के साथ क्रिकेट प्रेमी सुबह आठ बजे से ही ग्रीनपार्क स्टेडियम में पहुंचना शुरू हो गए। सुबह आसमान भी काफी साफ दिखा, इसलिए ग्राउंड्स मैन ने तीन दिन से मैदान पर पड़े कवर्स नौ बजे तक हटा लिए। इसके बाद तीनों सुपर सॉपर मैदान पर घूमने लगे। आउटफील्ड का पानी निकालने का काम तेजी से शुरु किया गया। इसके बाद अंपायरों ने सुबह 10 बजे मैदान का निरीक्षण किया। मिड ऑन व मिड ऑफ क्षेत्र मंथ मैदान काफी गीला मिला। दोपहर 12 बजे तीनों अंपायरों ने फिर निरीक्षण किया। फिर दोपहर दो बजे तीसरी बार तीनों अंपायर पिच क्यूरेटर के साथ मैदान पर पहुंचे। मैदान का जायजा लेने के साथ कई स्थानों की स्थिति भी देखी। कई स्थान काफी गीले मिले। इसके बाद दोपहर 2.02 बजे तीसरे दिन का खेल रद करने की घोषणा कर दी गई। ग्रीनपार्क में 27 सितंबर को शुरु हुई टेस्ट सीरीज का दूसरे टेस्ट मैच में अब तक दो दिन बारिश की भेंट चढ़ चुका है। पहले दिन मात्र 166 मिनट ही खेल हो चुका है। पहले दिन बांग्लादेश टीम 35 ओवर में 3 विकेट खोकर 107 रन बना चुकी है।

बॉलीवुड हलचल

जोडी कोमर की बड़ी फैन हैं तृप्ति

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी का कहना है कि वह हॉलीवुड अभिनेत्री जोडी कोमर की बहुत बड़ी फैन हैं और उनसे मिलना चाहती हैं। तृप्ति डिमरी तेजी से फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बना रही हैं। तृप्ति डिमरी ने हॉलीवुड की एक ऐसी हस्ती के लिए अपनी प्रशंसा साझा की, जिसने उनके अभिनय को गहराई से प्रभावित किया है। हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान, तृप्ति एमी पुरस्कार विजेता अभिनेत्री जोडी कोमर के लिए अपने प्यार के बारे में बात की। तृप्ति डिमरी ने कहा, एक हॉलीवुड अभिनेत्री जिससे मैं मिलना चाहूंगी, वह हैं जोडी कोमर। मैं किलिंग ईव के बाद से उनकी बड़ी प्रशंसक हूं। मैंने ईव देखने के बाद उन्हें मैसेज किया क्योंकि मैं उनके अभिनय से अभिभूत थी और सोच रही थी कि उन्होंने यह कैसे किया। मैंने वास्तव में कला के लिए उनके कुछ दृश्य देखे, बस यह देखने के लिए कि वह जो कर रही हैं, वह कैसे कर रही हैं।

शाहरूख और रानी को आइफा का सर्वश्रेष्ठ अवार्ड

अबुधाबी, एजेंसी

बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान और अभिनती रानी मुखर्जी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अंतर्राष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी पुरस्कार (आइफा) अवार्ड दिया गया। अबुधाबी में तीन दिन तक चलने वाले आइफा अवॉर्ड शो का दूसरा दिन बॉलीवुड सितारों के नाम रहा। सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार शाहरूख खान को फिल्म जवान जबकि सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार रानी मुखर्जी को फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे के लिए दियाग गया।

सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार फिल्म एनिमल को दिया गया। वहीं सर्वश्रेष्ठ निर्देशन का पुरस्ककार विधु विनोद चोपड़ा को फिल्म 12वीं फेल के लिए मिला। सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार अनिल कपूर को फिल्म एनिमल के लिये दिया गया, जबकि शबाना आजमी फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के लिये सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री के पुरस्कार से सम्मानित की गयी। सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (नेगेटिव रोल) का पुरस्कार बॉबी देओल को फिल्म एनिमल के लिए मिला। सर्वश्रेष्ठ कहानी, रॉकी और रानी की प्रेम कहानी, सर्वश्रेष्ठ संगीत फिल्म एनिमल, सर्वश्रेष्ठ लिरिक्स, सिद्धार्थ-गरिमा (एनिमल का गाना सतरंगा), सर्वश्रेष्ठ प्लेबैक सिंगर, भूपिंदर बब्बल, गाना अर्जन वैली फिल्म एनिमल, सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायिका (महिला) शिल्पा राव, गाना चलेया फिल्म जवान के लिए दिया गया। आउटस्टैंडिंग कॉन्ट्रीब्यूशन टू इंडियन सिनेमा, जयंतीलाल गड़ा, हेमा मालिनी, अचीवमेंट ऑन कंप्लीटिंग 25 ईयर्स इन सिनेमा का पुरस्कार करण जौहर को दिया गया।

बॉलीवुड की कई बड़ी हस्तियों ने इस कार्यक्रम में शिरकत की। हेमा मालिनी, रेखा, शाहरुख खान, रानी मुखर्जी, अनिल कपूर, बॉबी देओल, विक्की कौशल, शाहिद कपूर और कृति सनोन जैसे सितारे ने शामिल होकर इस कार्यक्रम में चार चांद लगाए। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण में से एक शाहरुख खान थे, जिन्होंने न केवल कार्यक्रम की मेजबानी की, बल्कि अपने खास अंदाज से दर्शकों का खूब मनोरंजन भी किया। मंच पर उनके साथ विक्की कौशल और करण जौहर भी नजर आए।

जेसिका संघर्षपूर्ण जीत के साथ अगले दौर में

बीजिंग, एजेंसी

चाइना ओपन

अमेरिका की तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने रविवार को यहां टाइब्रेकर तक खिंचा पहला सेट हारने के बाद शानदार वापसी करके चाइना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में प्रवेश किया। पेगुला ने तीसरे दौर में रूस कीवेरोनिका कुदेरमेतोवा पर 6-7 (9), 6-1, 6-2 से जीत दर्ज की।

पेगुला ने अपने पिछले 19 मैचों में से 17 में जीत हासिल की है, जिसमें टोरंटो में अपने खिताब का बचाव करना तथा सिनसिनाटी और अमेरिकी ओपन के फाइनल में जगह बनाना शामिल है। यह अमेरिकी खिलाड़ी चौथे दौर में स्पेन की 15वीं वरीयता प्राप्त पाओला बडोसा से भिड़ेंगी, जिन्होंने सर्बिया की रेबेका श्रामकोवा को 7-5, 7-5 से हराया। एक अन्य मैच में पोलैंड की 23वीं वरीयता प्राप्त मैग्डेलेना फ्रेच ने खराब शुरुआत से उबरते हुए 12वीं वरीयता प्राप्त डायना श्नाइडर को 0-6, 6-3, 6-4 से हराया। पुरुष वर्ग में स्थानीय खिलाड़ी बू युनचाओकेते ने पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता लोरेंजो मुसेटी को 6-2, 6-4 से हराकर उलटफेर किया। इस 22 वर्षीय खिलाड़ी की शीर्ष 20 में शामिल किसी खिलाड़ी के खिलाफ यह पहली जीत है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

श्रोता ही हैं मन की बात के असली सूत्रधार, सकारात्मक बातें लोगों को पसंद: मोदी

प्रधानमंत्री ने मासिक रेडियो कार्यक्रम की 114वीं कड़ी में स्वच्छता मुहिम के प्रति किया प्रेरित

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रोताओं को मन की बात कार्यक्रम का असली सूत्रधार करार देते हुए रविवार को कहा कि इस रेडियो कार्यक्रम ने साबित किया है कि देश के लोगों में सकारात्मक जानकारी की कितनी भूख है और सकारात्मक बातें एवं प्रेरणादायी उदाहरण उन्हें बहुत पसंद आते हैं। आकाशवाणी के इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 114वीं कड़ी को संबोधित करते हुए मोदी ने जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता अभियान के महत्व को भी रेखांकित किया और लोगों से इसमें भाग लेने का आह्वान किया। मन की बात की इस कड़ी के साथ ही इसके 10 वर्ष पूरे होने का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि इस कार्यक्रम की लंबी यात्रा में ऐसे कई पड़ाव आए जिन्हें वह कभी भूल नहीं सकते। उन्होंने कहा हमारी इस यात्रा के कई ऐसे साथी हैं जिनका हमें निरंतर सहयोग मिलता रहा है। देश के कोने-कोने से उन्होंने जानकारियां उपलब्ध कराईं। मन की बात के श्रोता ही इस कार्यक्रम के असली सूत्रधार हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आमतौर पर एक धारणा ऐसी गढ़ी गई है कि जब तक किसी कार्यक्रम में चटपटी और नकारात्मक बातें न हों तब तक उसे ज्यादा तवज्जो नहीं मिल पाती। उन्होंने कहा लेकिन मन की बात ने साबित किया है कि देश के लोगों में सकारात्मक जानकारी की कितनी भूख है। सकारात्मक बातें एवं प्रेरणादायी उदाहरण लोगों को बहुत पसंद आते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब वह कार्यक्रम से जुड़ी चिट्ठियों को पढ़ते हैं और पाते हैं कि देश में कितने प्रतिभावान लोग हैं और उनमें देश एवं समाज की सेवा करने का कितना जज्बा है तो उन्हें गर्व होता है। मन की बात की यह पूरी प्रक्रिया मेरे लिए ऐसी है जैसे मंदिर जाकर ईश्वर के दर्शन करना। उन्होंने इस कार्यक्रम से जुड़े सभी लोगों के अलावा इसके प्रचार प्रसार में योगदान देने वाले मीडिया समूहों का आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन के दौरान जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता अभियान के महत्व को भी रेखांकित किया। मोदी ने कहा कि मेक इन इंडिया कार्यक्रम के 10 साल पूरे हो रहे हैं और हर क्षेत्र में निर्यात बढ़ रहा है तथा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में बढ़ोतरी इसकी सफलता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय निर्माताओं को काफी मदद मिली है। अमेरिका की अपनी हाल की यात्रा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारत में करीब 300 प्राचीन वस्तुओं को वापस भेजने की व्यापक चर्चा हो रही है।

एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ें

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री मोदी ने पर्यावरण की रक्षा का संकल्प के साथ एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। मोदी ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अद्भुत अभियान रहा। जनभागीदारी का ऐसा उदाहरण प्रेरित करने वाला है। पर्यावरण संरक्षण को लेकर शुरू किए गए इस अभियान में देश के कोने-कोने में लोगों ने कमाल करके दिखाया है। उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान ने लक्ष्य से अधिक संख्या में पौधारोपण कर नया रिकॉर्ड बनाया है।

मेक इन इंडिया उत्पाद खरीदें

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री मोदी ने मेक इन इंडिया अभियान के 10 वर्ष पूर्ण होने का उल्लेख करते हुए फिर से देशवासियों से सिर्फ मेक इन इंडिया उत्पाद खरीदने की रविवार को अपील की। मोदी ने कहा इस महीने एक और महत्वपूर्ण अभियान मेक इन इंडिया को 10 साल पूरे हुए हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा- जल सहेली ने नदी को बचाया

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में जल संरक्षण का आह्वान करते हुए उत्तर प्रदेश महिला समूह जल सहेली और मध्य प्रदेश की महिलाओं के प्रयासों की सराहना की। मोदी ने कहा कि बारिश के दिनों में बचाया गया पानी जल संकट के महीनों में बहुत मदद करता है। मोदी ने कहा मुझे खुशी है कि पानी के संरक्षण को लेकर कई लोग नई पहल कर रहे हैं। ऐसा ही एक प्रयास उत्तर प्रदेश के झांसी में देखने को मिला है। आप जानते ही हैं कि झांसी के बुंदेलखंड की पहचान पानी किल्लत से जुड़ी हुई है। यहाँ कुछ महिलाओं ने घुरारी नदी को नया जीवन दिया है। उन्होंने आगे कहा ये महिलाएं सेल्स हेल्प ग्रुप से जुड़ी हैं और उन्होनें जल सहेली बनकर इस अभियान का नेतृत्व किया है।

बांग्लादेश के कोर्ट ने पूर्व आईजीपी को रिमांड पर भेजा

ढाका। बांग्लादेश में ढाका की एक अदालत ने व्यवसायी अब्दुल वदूद की हत्या से संबंधित एक मामले में पूर्व पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) चौधरी अब्दुल्ला अल मामून को रविवार को चार दिन की रिमांड पर भेज दिया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार अदालत ने इसी मामले में वार्ड पार्षद हसीबुर रहमान को भी पांच दिन की रिमांड पर भेजा है। ढाका ट्रिब्यून ने बताया कि ढाका के अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट मोहम्मद महबूबुल हक ने आज सुबह रिमांड अवधि मंजूर की। इससे पहले, आरोपी को जांच अधिकारी और न्यू मार्केट थाने के उप निरीक्षक रेहान उद्दीन ने अदालत के समक्ष पेश किया, जिन्होंने 10 दिन की रिमांड मांगी।

एक नजर

नॉर्थ कैरोलाइना में विमान दुर्घटना में कई की मौत

मैंटिओ। नार्थ कैरोलाइना के मैंटिओ में राइट ब्रदर्स नेशनल मेमोरियल्स फर्स्ट फ्लाइट एयरपोर्ट में एक इंजन वाले विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से कई लोगों की मौत हो गई। नेशनल पार्क सर्विस ने यह जानकारी दी। नेशनल पार्क सर्विस की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि दुर्घटना शनिवार शाम पांच बजे हुई, उस वक्त विमान हवाई अड्डे पर उतरने की कोशिश कर रहा था। दुर्घटना के बाद विमान में आग लग गई। किल डेविल हिल्स जिले के दमकल विभाग और अन्य स्थानीय दमकल विभागों ने आग बुझाई। बयान में कहा गया कि हवाई अड्डे को फिलहाल बंद कर दिया गया है। राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड घटना की जांच करेगा साथ ही संघीय विमानन प्रशासन को भी सूचित कर दिया गया है।

मनीला में आग लगने से 6 लोगों की मौत, एक घायल

मनीला। फिलीपीन की राजधानी मनीला में रविवार सुबह होने से पहले एक घर में आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई, जिसमें छह महीने का बच्चा और एक साल का बच्चा भी शामिल है, जबकि एक अन्य बच्चा घायल हो गया। अग्नि सुरक्षा ब्यूरो ने यह जानकारी दी। अग्निशमन अधिकारी रोडरिक एंड्रेस ने कहा कि स्थानीय समयानुसार सुबह 3:50 बजे मनीला शहर के टोंडो जिले में एक चार मंजिला घर की दूसरी मंजिल पर आग लग गई।

सिख संगठन को ब्रिटेन सरकार का मिला समर्थन

लंदन। लेबर पार्टी द्वारा कुछ वर्ष पहले स्वीकार की गई इस्लामोफोबिया की त्रुटिपूर्ण परिभाषा को कानूनी रूप दिए जाने के खिलाफ अभियान चला रहे एक ब्रिटिश सिख संगठन को ब्रिटेन सरकार के इस कदम से प्रोत्साहन मिला है कि यह प्रस्ताव ब्रिटेन के समानता अधिनियम के अनुरूप नहीं होगा। द नेटवर्क ऑफ सिख ऑर्गेनाइजेशंस (एनएसओ) ने इस महीने की शुरुआत में उप प्रधानमंत्री एंजेला रेनर और सरकार में धार्मिक मामलों के मंत्री लॉर्ड वाजिद खान को पत्र लिखकर आगाह किया था कि प्रस्तावित परिभाषा भारतीय उपमहाद्वीप के इतिहास के तथ्यात्मक अवलोकन को भी जोखिम में डाल देगी।

हिजबुल्ला के शीर्ष कमांडर कराकी की मौत

इजराइल के हवाई हमले में मारा गया, दर्जनों विमानों ने यमन में हूतियों के ठिकानों को बनाया निशाना

यरूशलम, एजेंसी

हिजबुल्ला ने पुष्टि की है कि उसके एक शीर्ष कमांडर अली कराकी की इजराइली हवाई हमले में मौत हो गई। शुक्रवार को बेरूत में समूह का प्रमुख नेता हसन नसरूल्ला भी मारा गया था। इजराइल ने हाल के हफ्तों में कई हमलों में लेबनान के इस आतंकवादी समूह के कई शीर्ष कमांडरों को मार गिराया है। इससे पहले इजराइल ने रविवार को कहा था कि उसने शनिवार को हवाई हमले में हिजबुल्ला की सेंट्रल काउंसिल के उप प्रमुख नबील कौक को मार गिराया।

हिजबुल्ला ने हालांकि अभी तक कौक की मौत की पुष्टि नहीं की है। लेबनान के विभिन्न हिस्सों में हजारों पेजर और वॉकी-टॉकी में धमाके कर मुख्य रूप से हिजबुल्ला के सदस्यों को निशाना बनाया गया है। हिजबुल्ला ने उत्तरी इजराइल में सैकड़ों रॉकेट और मिसाइले दागना जारी रखा है, लेकिन उनमें से ज्यादातर को रोक दिया गया या वे खुले क्षेत्रों में गिर गए। कौक 1980 के दशक से ही हिजबुल्ला का शीर्ष सदस्य था और इससे पहले दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्ला के सैन्य कमांडर के रूप में काम कर चुका था। अमेरिका ने 2020 में उसके खिलाफ प्रतिबंधों की घोषणा की थी।



हिजबुल्ला का मारा गया शीर्ष कमांडर अली कराकी (फाइल)। हमले के बाद बेरुत की ध्वस्त इमारतें।

वहीं, इजराइली सेना ने कहा है कि इजराइल पर हाल ही में हुए हमले के जवाब में दर्जनों विमानों ने यमन में हूतियों के ठिकानों पर हमले किए हैं। सेना ने कहा कि उसने होदेदा शहर में बिजली संयंत्रों और समुद्री बंदरगाह सुविधाओं को निशाना बनाया। हूतियों ने शनिवार को बेन गुरियन हवाई अड्डे पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया था। यह हमला तब हुआ था जब इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू वहां पहुंच रहे थे।

दक्षिणी पूर्वी लेबनान में हवाई हमलों में 18 लोगों की मौत

बेरूत। दक्षिणी और पूर्वी लेबनान के 12 से अधिक कस्बों और गांवों पर रविवार को इजराइली हवाई हमलों में कम से कम 18 लोग मारे गए और 30 अन्य घायल हो गए। लेबनान के सैन्य सूत्रों ने यह जानकारी। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार इजराइली लड़ाकू विमानों ने तड़के पूर्वी लेबनान के बालबेक, हरमेल और पश्चिमी बेका के इलाकों में करीब 30 हमले किए।

चीन ने सभी पक्षों और इजराइल से तनाव घटाने की अपील की

बीजिंग। इजराइली बमबारी में ईरान समर्थित हिजबुल्ला नेता हसन नसरल्ला की मौत के बाद, चीन ने रविवार को संबंधित पक्षों खासकर इजराइल से पश्चिम एशिया में संघर्ष को अनियंत्रित होने से रोकने के लिए तनाव घटाने के वास्ते तुरंत कार्रवाई करने का आह्वान किया। चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि चीन इस घटना पर करीबी नजर रख रहा है और क्षेत्र में तनाव बढ़ने से काफी चिंतित है। इसके अलावा चीन ने भी एक सलाह जारी करके अपने नागरिकों से संघर्ष तेज होने के कारण लेबनान की यात्रा न करने के लिए कहा है। चीन लेबनान की संप्रभुता और सुरक्षा के उल्लंघन का विरोध करता है, निर्दोष नागरिकों के खिलाफ किसी भी कार्रवाई का विरोध और निंदा करता है।

सीरिया में अमेरिकी हवाई हमलों में 37 आतंकवादी मारे गए

बेरूत। सीरिया में दो हमलों में चरमपंथी इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह और अलकायदा संबंधी एक समूह से जुड़े 37 आतंकवादी मारे गए। अमेरिकी सेना ने रविवार को यह जानकारी दी। इसने कहा कि मृतकों में दो शीर्ष आतंकवादी थे। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने एक बयान में कहा कि उसने मंगलवार को उत्तर-पश्चिमी सीरिया में हमला किया, जिसमें अलकायदा से जुड़े हुर्रास अल-दीन समूह के एक शीर्ष आतंकवादी और आठ अन्य को निशाना बनाया गया। उन्होंने 16 सितंबर को किए गए एक हमले की भी जानकारी दी जिसमें उन्होंने मध्य सीरिया में एक दूरस्थ अज्ञात स्थान पर आईएस प्रशिक्षण शिविर पर बड़े पैमाने पर हवाई हमला किया था।

हूती समूह ने इजराइल के हवाई अड्डे पर किए मिसाइल हमले

सना। यमन के हूती समूह ने इजराइल में तेल अवीव के पास बेन गुरियन हवाई अड्डे पर मिसाइल हमला करने का दावा किया। हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी द्वारा प्रसारित एक बयान में समूह के सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने कहा कि इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के आगमन पर बेन गुरियन हवाई अड्डे पर बैलिस्टिक मिसाइल दागी गई थी। सरिया ने कसम खाई कि समूह इजराइल के अपराधों का जवाब देना जारी रखेगा और गाजा पट्टी और लेबनान के समर्थन में वृद्धि के स्तर को बढ़ाने में संकोच नहीं करेगा। इससे पहले इजराइली रक्षा बलों ने कहा कि उसने यमन से लॉन्च की गई सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल को सफलतापूर्वक रोक दिया।

... तो आकाश में बादलों के बीच फहरा दिया गोप्रतिष्ठा ध्वज

शैलेश अवस्थी, शिलांग

- मेघालय सरकार ने शंकराचार्य को नहीं दी हवाईअड्डे पर उतरने की अनुमति
- गोरक्षा समूह ने की पूर्वोत्तर के राज्यों में रैली, सभा और ध्वज स्थापित करने की घोषणा की थी

जगतगुरु शंकराचार्य अविमुक्तरेश्वरानंद ने शिलांग में गोप्रतिष्ठा रैली की घोषणा की थी, लेकिन सरकार ने अनुमति नहीं दी, तो उन्होंने हवाई यात्रा के दौरान मेघालय में आकाश मार्ग पर गोध्वज फहरा कर अपना संकल्प पूरा करने का संदेश दिया।

शंकराचार्य के नेतृत्व में गोरक्षा समूह पूरे देश, खासतौर पर पूर्वोत्तर राज्यों में गोरक्षा रैली, सभा और गोध्वज फहराने की घोषणा की थी। इसके तहत गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने, देश में गौ हत्या पर प्रतिबन्ध लगाने की मांग की गई है। नागालैंड, मिजोरम और अरुणानांचल ने पहले ही गोरक्षा समूह के इस कार्यक्रम पर रोक लगा दी थी। इसका विरोध बड़े पैमाने पर विरोध के मद्देनज़र मेघालय सरकार ने अनुमति देने से इंकार कर दिया था। मेघालय के दबाव समूहों ने साफ कहा कि गोमांश मुख्य आहार में शामिल है और यह प्राचीन परंपरा है। गोरक्षा आंदोलन की कड़ी में शंकराचार्य पूरी टीम के साथ चार्टर्ड विमान से त्रिपुरा के अगरतला हवाईअड्डे पर उतरे, पर उन्हें वहां से बाहर निकलने और रैली करने की अनुमति नहीं दी गई। जद्दोजहद के बाद वह बीते शनिवार को शिलांग (मेघालय) के लिए उड़ान भरने को तैयार हुए, लेकिन वहां भी उतरने की अनुमति नहीं दी गई। हवाईअड्डे पर बड़े पैमाने पर लोग विरोध के लिए एकत्र हो गए। इसके बाद गोरक्षा समूह ने शिलांग में कार्यक्रम स्थगित कर दिया और उनके विमान ने गुवाहाटी के लिए उड़ान भरी। जैसे ही विमान बादलों के बीच पहुंचा, शंकराचार्य ने गोध्वज फहरा कर संदेश जारी किया कि हमने संकल्प पूरा कर लिया है। अन्य राज्यों में धरती पर 21 फुट, तो मेघालय में 21 हज़ार फुट ऊंचाई पर गोध्वज फहरा दिया। यह भी कहा कि वे फिर मेघालय आएंगे।

ज़बरदस्त विरोध के कारण सरकार बैकफुट पर...

मेघालय में गोरक्षा आंदोलन के खिलाफ यहां के दबाव समूहों ने बड़े पैमाने पर विरोध शुरू कर दिया था, बवाल की आशंका थी। सरकार में भाजपा के दो मंत्री भी खिलाफ हो गए थे। तब मुख्य सचिव ने बैठक कर मेघालय में गोरक्षा रैली की अनुमति न देने का फैसला लिया। मेघालय में खासी छात्र समूह के महासचिव थबाह ने कहा कि परंपरा, संस्कृति से छेड़छाड़ की आजादी किसी को नहीं दी जाएगी, जो गोमांश का विरोध करेगा, उसे साथ भी नहीं बैठने देंगे।

नेपाल में बाढ़, भूस्खलन से 125 मौतें

काठमांडू, एजेंसी

- पूर्वी और मध्य नेपाल का बड़ा हिस्सा शुक्रवार से जलमग्न 64 लोग लापता कई घायल

नेपाल में बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन में मरने वालों की संख्या बढ़कर रविवार को 125 हो गई। पूर्वी और मध्य नेपाल का बड़ा हिस्सा शुक्रवार से जलमग्न है और देश के कई हिस्सों में अचानक बाढ़ आ गई है। सशस्त्र पुलिस बल के सूत्रों के अनुसार, बाढ़ और भूस्खलन के कारण 64 लोग लापता हैं और 61 लोग घायल हुए हैं। काठमांडू घाटी में सबसे ज्यादा लोगों की मौत हुई है। कम से कम 322 मकान और 16 पुल क्षतिग्रस्त हो गए हैं। सुरक्षाकर्मियों ने करीब 3,626 लोगों को बचाया।

सूत्रों ने बताया कि बचाव अभियान अब भी जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, उन्होंने काठमांडू घाटी में पिछले 40-45 साल में इतनी विनाशकारी बाढ़ नहीं देखी। सशस्त्र पुलिस बल ने एक बयान में कहा कि मृतकों की संख्या 125 हो गई है। काठमांडू के पास स्थित धादिंग जिले में शनिवार को एक बस के भूस्खलन की चपेट में आने से कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई। भक्तापुर शहर में भूस्खलन में एक मकान ढहने से पांच लोगों की मौत हो गई।

भूस्खलन में छह फुटबॉल खिलाड़ियों की भी गई जान

मकवानपुर में ऑल इंडिया नेपाल एसोसिएशन द्वारा संचालित एक प्रशिक्षण केंद्र में भूस्खलन की घटना में छह फुटबॉल खिलाड़ियों की जान चली गई और अन्य लोग बाढ़ के पानी में बह गए। मंगलवार तक बारिश जारी रहने के अनुमान के बावजूद रविवार को थोड़ी राहत मिली। इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट (आईसीआईएमओडी) में जलवायु और पर्यावरण विशेषज्ञ अरुण भक्ता श्रेष्ठ ने कहा मैंने काठमांडू में पहले कभी इतने बड़े पैमाने पर बाढ़ नहीं देखी। आईसीएमओडी द्वारा शनिवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट में कहा गया कि काठमांडू की मुख्य नदी बागमती शुक्रवार और शनिवार को पूर्वी तथा मध्य नेपाल में मूसलाधार बारिश के बाद से खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।

बलूचिस्तान में पंजाब के सात मजदूरों की हत्या

इस्लामाबाद/कराची। पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में अलगाववादी आतंकवादियों ने हमला कर पंजाब प्रांत के कम से कम सात मजदूरों की हत्या कर दी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। बलूचिस्तान के पुलिस महानिरीक्षक मोअज्जम जाह अंसारी ने बताया कि मुल्तान के मजदूरों की शनिवार देर रात उस समय गोली मारकर हत्या कर दी गई, जब वे पंजगुर शहर के खुदा-ए-अबादन इलाके में एक निर्माणाधीन मकान में सो रहे थे। अंसारी ने बताया कि जिस वक्त हथियारबंद आतंकवादी निर्माणाधीन मकान में घुसे और स्वचालित हथियारों से अंधाधुंध गोलीबारी शुरू की, उस वक्त मजदूर गहरी नींद में थे। अधिकारी ने बताया कि एक घायल मजदूर सौभाग्य से बच निकलने में कामयाब रहा।

रूसी क्षेत्र में घुसे यूक्रेन के 125 ड्रोन को किया नष्ट

कीव, एजेंसी

- मॉस्को ने कहा- फरवरी 2022 के बाद बड़ी संख्या में ड्रोन देखे गए

रूसी क्षेत्र में रविवार को घुसे यूक्रेन के 125 से अधिक ड्रोन को नष्ट कर दिया गया। इसके चलते वन क्षेत्र और एक अपार्टमेंट के हिस्से में आग लग गई। मॉस्को के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। फरवरी 2022 में मॉस्को द्वारा यूक्रेन पर हमला करने के बाद से रूसी आसमान में सबसे बड़ी संख्या में यूक्रेनी ड्रोन देखे गए हैं।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने सात क्षेत्रों में ड्रोनों को नष्ट किया। रूसी वायु रक्षा द्वारा वोल्गोग्राद क्षेत्र में सबसे अधिक 67 यूक्रेनी ड्रोन को नष्ट किया गया। गवर्नर अलेक्सांद्र गुसेव ने बताया कि वोरोनिश में 17 ड्रोन देखे गए, जिन्हें नष्ट करने के दौरान गिरे मलबे से एक अपार्टमेंट के हिस्से को नुकसान पहुंचा। तस्वीरों में एक ऊंची इमारत की सबसे ऊपरी मंजिल की खिड़कियों से आग की लपटें निकलती दिखाई दे रही हैं।

कीव को अमेरिकी सैन्य सहायता विनाश की ओर धकेल रही

प्योंगयांग। उत्तर कोरिया की सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी की केंद्रीय समिति के उप विभाग प्रमुख किम यो जोंग ने एक बयान में कहा कि कीव को अमेरिकी सैन्य सहायता एक बड़ी गलती है जो दुनिया को परमाणु तबाही की ओर धकेल रही है। किम, जो उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन की बहन भी हैं। उन्होंने कहा हाल ही में अमेरिका ने यूक्रेन की नव-नाजी कठपुतली सरकार को 8 अरब डॉलर से अधिक की सैन्य सहायता की है।

यौन शोषण के आरोपी पादरियों को दंडित किया जाए : पोप फ्रांसिस

ब्रसेल्स। पोप फ्रांसिस ने यौन शोषण के आरोपी पादरियों को दंडित करने तथा पीड़ितों को न्याय दिलाने पर जोर देते हुए रविवार को कहा कि बिशप को पादरियों के अपराधों पर पर्दा डालना बंद करना चाहिए। फ्रांसिस की बेल्जियम यात्रा रविवार को संपन्न हो गई। इस दौरान, उन्हें यहां के यौन शोषण के मामलों को लेकर आक्रोश का सामना करना पड़ा। इन मामलों की वजह से कैथोलिक चर्च की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हुए हैं। फ्रांसिस ने बेल्जियम के मुख्य खेल स्टेडियम में एकत्र 30 हजार लोगों को संबोधित करते हुए कहा बुराइयों को हर हाल में सार्वजनिक किया जाना चाहिए। दुर्व्यवहार के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। बुराइयों को नहीं छिपाया जाना चाहिए। फ्रांसिस (87) ने उत्पीड़न के शिकार 17 लोगों से शुक्रवार रात मुलाकात की थी।

प्रधानमंत्री स्टार्मर के नेतृत्व पर सांसद ने उठाए सवाल

लंदन, एजेंसी

- सांसद ने लेबर पार्टी से दिया इस्तीफा, लगाए आरोप

ब्रिटेन की सत्तारूढ़ लेबर पार्टी की एक सांसद ने प्रधानमंत्री कीअर स्टार्मर के नेतृत्व पर तीखा हमला बोलते हुए पार्टी से इस्तीफा दे दिया। स्टार्मर के जुलाई में प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद उनके लिए यह पहला करारा झटका है। लेबर पार्टी की ओर से केंटबरी का प्रतिनिधित्व करने वाली रोजी डफील्ड इस्तीफे के बाद अब निर्दलीय सांसद की हैसियत से हाउस ऑफ कॉमंस की सदस्य रहेगीं।

डफील्ड का इस्तीफा द संडे टाइम्स में प्रकाशित हुआ है, जिसमें उन्होंने स्टार्मर की कठोर और अनावश्यक नीतियों को लेकर उन पर हमला बोला। डफील्ड ने दावा किया कि उनके इस्तीफे की कई वजह हैं, लेकिन मुख्य कारण सरकार की अलोकप्रिय नीतियां हैं। डफील्ड ने अपने त्यागपत्र में कहा वे (नीतियां) कठोर व अनावश्यक हैं और हमारे हजारों सबसे गरीब, सबसे कमजोर मतदाताओं को प्रभावित करती हैं। मुझे इसके लिए नहीं चुना गया था। यह समझदारी भरी राजनीति भी नहीं है। यह निश्चित रूप से सेवा भाव की राजनीति नहीं है। सांसद ने कहा कि उन्हें लेबर पार्टी के प्रधानमंत्री की तथाकथित परिवर्तन लाने की प्रतिबद्धता पर कोई भरोसा नहीं है, जिसका वादा उन्होंने आम चुनाव अभियान के दौरान किया था।

अमेरिका के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र में हेलेन तूफान से 64 लोगों की मौत

पेरी (अमेरिका)। अमेरिका के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र में हेलेन तूफान के कारण भारी बारिश और तेज आंधी से जुड़ी घटनाओं में शनिवार को कम से कम 64 लोगों की मौत हो गई। हेलेन तूफान ने क्षेत्र में व्यापक तबाही मचाई है। भारी बारिश के कारण लोग फंसे हुए हैं और लाखों लोगों को बिना बिजली के अंधेरे में रहना पड़ रहा है। फ्लोरिडा के स्टीनहैची की निवासी जनालेया इंग्लैंड ने कहा कि मैंने पहले कभी इतने लोगों को बेघर होते नहीं देखा जितने मैं अब देख रही हूं। फ्लोरिडा के बिग बेंड गांव में गुरुवार देर रात हेलेन तूफान ने दस्तक दी थी और उस दौरान 225 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही थीं। इसके बाद तूफान ने जॉर्जिया की ओर रुख किया।

सियासत | रक्षामंत्री राजनाथ ने कहा- जम्मू कश्मीर का वर्तमान विशेष पैकेज पाकिस्तान द्वारा आईएमएफ से मांगी गई राशि से काफी बड़ा

पाकिस्तान से दोस्ताना संबंध होते तो भारत उसे बड़ा राहत पैकेज देता

श्रीनगर, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि यदि पड़ोसी देश ने भारत के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध बनाए रखे होते तो भारत पाकिस्तान को अंतर्राष्ट्रीय राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से मांगे गए पैकेज से भी बड़ा राहत पैकेज देता। बांदीपुरा जिले के गुरेज विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2014-15 में जम्मू-कश्मीर के लिए घोषित प्रधानमंत्री विकास पैकेज का जिक्र किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा, मोदी जी ने 2014-15 में जम्मू-कश्मीर के विकास के लिए विशेष पैकेज की घोषणा की थी जो अब 90,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यह राशि पाकिस्तान द्वारा आईएमएफ से मांगी गई राशि (राहत पैकेज के रूप में) से कहीं अधिक है। सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के प्रसिद्ध कथन का उल्लेख किया कि हम दोस्त बदल सकते हैं, लेकिन पड़ोसी नहीं बदल सकते। उन्होंने कहा, मैंने कहा, मेरे पाकिस्तानी दोस्तों, हमारे बीच तनावपूर्ण संबंध क्यों हैं, हम पड़ोसी हैं। अगर हमारे बीच अच्छे संबंध होते, तो हम आईएमएफ से अधिक धन देते। सिंह ने कहा कि केंद्र जम्मू-कश्मीर को विकास के लिए धन देता है जबकि पाकिस्तान लंबे समय से वित्तीय सहायता का दुरुपयोग कर रहा है। उन्होंने कहा, वह अपनी धरती पर आतंकवाद की फैक्ट्री चलाने के लिए दूसरे देशों से धन मांगता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि जब घाटी में इंसानियत, जम्हूरियत और कश्मीरियत बहाल करने का वाजपेयी का सपना साकार होगा तो कश्मीर फिर से धरती का स्वर्ग बन जाएगा।



बांदीपुरा के एक विधानसभा क्षेत्र में चुनावी रैली को संबोधित करते रक्षामंत्री राजनाथ।

पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अलग-थलग पड़ा

राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत के खिलाफ आतंकवाद को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने वाला पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अलग-थलग पड़ गया है और उसके कुछ विश्वस्त सहयोगी भी पीछे हट गए हैं। उन्होंने कहा, जब भी हमने आतंकवाद की जांच की है, तो हमें पाकिस्तान की संलिप्तता ही मिली है। हमारी सरकारों ने पाकिस्तान को यह समझाने की कोशिश की है कि उन्हें आतंकी शिविर बंद करने चाहिए।